सुप्रभात
रांची, मंगलवार
30.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ






khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 21



06 सुनहरे कल को निगल गई भ्रष्ट व्यवस्था





PRNO 331109 (Women,Child Development & Social Security) IPRD 24-25
महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

## देशभर में नये ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की स्थापना के लिए ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा नीति तैयार

# राज्य सरकार ने धनबाद में एयरपोर्ट विकसित करने की नहीं दी है सहमति : मुरलीधर मोहोल

सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को राज्यसभा में धनबाद एवं जमशेदपुर में हवाई अड्डा विकसित करने से संबंधी सवाल पूछे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने सदन में बताया कि देशभर में नये ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की स्थापना के लिए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा नीति तैयार की गयी है। इस नीति के अनुसार राज्य सरकार हवाईअड्डा तैयार करना चाहती है तो उन्हें उपयुक्त जगह का चुनाव करना और निर्माण के लिए पूर्व व्यवहार्यता अध्ययन करना आवश्यक है। दरअसल, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने धनबाद एवं जमशेदपुर में एयरपोर्ट निर्माण संबंधी सवाल पूछा था। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार को जमशेदपुर और धनबाद में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए झारखंड सरकार या किसी हवाईअड्डा विकासकर्ता से ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा नीति के तहत साइट क्लीयरेंस के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अलावा, नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान आम नागरिकों के लिए शुरू की है, जो क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देने और हवाई यात्रा को किफायती बनाने के लिए मांग आधारित योजना है। उन्होंने बताया कि मौजूदा जमशेदपुर और धनबाद हवाई अड्डों को उड़ान दस्तावेज में असेवित हवाईअड्डों की सूची में सूचीबद्ध किया गया है। जमशेदपुर हवाईअड्डे का स्वामित्व मैसर्स टाटा स्टील लिमिटेड के पास है। उन्होंने बताया कि उड़ान 5.2 के अंतर्गत छोटे विमानों के लिए धनबाद हवाई अड्डे के लिए बोलियां प्राप्त हुई हैं।

झारखंड सरकार से अनुरोध किया गया था कि वह छोटे विमानों के परिचालन और भविष्य में श्रेणी उसी में विस्तार के लिए भूमि की उपलब्धता के बारे में अपनी सहमति और पुष्टि प्रदान करे। झारखंड सरकार ने धनबाद हवाई अड्डे को विकसित करने के लिए सहमति प्रदान नहीं की है।


## पहली अगस्त से ग्रामीण इलाकों की जमीन महंगी

**रांची।** झारखंड के ग्रामीण इलाकों की जमीन एक अगस्त से महंगी हो जायेगी। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की जमीन की कीमत में कम से कम 10 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी का प्रावधान किया गया है। राज्य के अधिकांश जिलों के डीसी ने इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार कर निबंधन विभाग को भेज दिया है। विभाग की मंजूरी मिलने के साथ ही इस जिला स्तर पर राज्य के सभी जिलों में लागू कर दिया जायेगा। मालूम हो कि सरकार के फैसले के तहत हरेक दो साल पर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की जमीन और मकान की किमतों में वृद्धि की जाती है। बीते साल शहरी क्षेत्र में जमीन और मकान की कीमतें बढ़ी थी। इस बार ग्रामीण क्षेत्र की बारी है।

# हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा लैंड सर्वे में क्यों हो रही देर

दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य में जमीन का सर्वे पूरा करने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार से पूछा कि लैंड सर्वे के काम में देर क्यों हो रही है और किन-किन जिलों में सर्वे का काम पूरा हो गया है। अदालत ने दो सप्ताह में सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। इस संबंध में गोकुल चंद की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि सबसे पहले 1932 में जमीन का सर्वे हुआ था। इसके बाद झारखंड में 1980 से जमीन के सर्वे की प्रक्रिया शुरू हुई थी। फिलहाल धनबाद जिले को छोड़कर राज्य के सभी जिलों में जमीन का सर्वे होना बाकी है। सर्वे पूरा होने से जमीन का रिकॉर्ड तैयार होगा जिससे सरकारी और वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री पर रोक लग पाएगी।

## दो माह में पेसा नियमावली अधिसूचित करे सरकार

**रांची।** पेसा कानून को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। राज्य में अब तक पेसा कानून लागू नहीं किए जाने पर हाई कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। अदालत ने राज्य सरकार को दो महीने में पेसा नियमावली को अधिसूचित करने का निर्देश दिया। इस संबंध में आदिवासी बुद्धिजीवी मंच सहित अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता तान्या सिंह ने बहस की। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई।


**कार्यालय नगर परिषद रामगढ़**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपरीहार करणों से निविदा संख्या–NIT/RGH/NP/01/2024-25 2nd Call जिसका PR No.- 329879 District(24-25):D के द्वारा प्रकाशित निविदा Online भरने की तिथि में निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Last Date/ Time for Receipt of Bid Online | 05.08.2024 By 4:00 PM |
| 2 | Opening of technical bid | 06.08.2024 By 4:00 PM |

नोट:– अन्य सभी निविदा की शर्तें यथावत् रहेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद रामगढ़

PR 331112 District(24-25).D

**JHARKHAND SPACE APPLICATIONS CENTER**
**Department of Information Technology & e-Governance**
Engineer's Hostel-I, Gol Chakkar, Dhurwa, Ranchi - 834 004
Tel. 0651 - 2401719 : : Email - directorjsac@gmail.com

Letter no. Su.Pra/JSAC/2024/367 Dated: 26.07.24

**Tender Notice No. JSAC/02/2024**

Jharkhand Space Applications Center (JSAC), Dept. of Information Technology & e-Governance, Government of Jharkhand invites online sealed Bids (Technical and Commercial) for Upgradation of ESRI Products and AMC.

The complete description, tender document & participation details can be seen and download from the website https://jsac.jharkhand.gov.in and https://jharkhandtenders.gov.in. The important date and time of the tender is as follows:

| Tender Reference | JSAC/02/2024, Date 26/07/2024 |
|---|---|
| Bid publishing Date | 30.07.2024 at 11.00 AM |
| Start date of bid submission | 30.07.2024 at 11.00 AM |
| Last date and time of Online Bid Submission. | 20.08.2024 at 3.00 PM |
| Technical Bid Opening | 21.08.2024 at 01.00 PM at Jharkhand Space Applications Center Engineer's Hostel-I, Dhurwa Ranchi – 834004 |
| Financial Bid Opening | Will be communicated after opening and evaluation of technical bids. |

Yours Sincerely
Sd/-
Director, JSAC

PR 331164 (Information Technology) 24-25 (D)


## राज्य के कई जिलों में बंग्लादेशी घुसपैठ मामले पर राज्य सरकार से जबाब मांगा

# बांग्लादेशी घुसपैठ पर हेमंत सरकार की चुप्पी है खतरनाक : अमर बाउरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को राज्य के कई जिलों मे हो रहे बंग्लादेशी घुसपैठ के मामले पर सरकार से जबाब मांगा। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष के सवालों पर चुप्पी साधे हुये है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झामुमो-कांग्रेस एवं राजद वाली सरकार विशेष कर आदिवासियों की माटी, रोटी, बेटी के सवाल पर रहस्यमय चुप्पी साधे हुये है। सरकार विपक्ष के सवालों को अनदेखा कर रही है। उन्होंने बताया कि किस तरह सरकार यहां के आदिवासियों की जमीन लूटने दे रही है और बेटियों पर अत्याचार होने दे रही है।

उन्होंने कहा कि संथाल परगना में आदिवासियों की जनसंख्या में अप्रत्याशित गिरावट हुई है। यह समस्त झारखंड में हो रहा है। पाकुड़ के महेशपुर थाना क्षेत्र के गायबथान में जामरन हेम्ब्रम और होपनी मरांडी की जमीन लूट ली गयी और जब वे अपने जमीन पर वापस काबिज होने की कोशिश किये तो उनके साथ बंग्लादेशियों ने मारपीट की और उन्हे खदेड़ा गया। घटना के बाद भी कई दिनों तक आरोपियों के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। राजनीतिक और सामाजिक दबाब के बाद आखिरकार 18 तारीख को मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि जब इसके खिलाफ केकेएम कॉलेज के छात्रों ने 27 जुलाई को जनआक्रोश रैली निकालने का प्रयास किया, जिसकी सूचना जिला के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को भी थी, तो रात में पुलिस और गुंडों ने छात्रो पर हमला कर उनके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं पुलिस ने इस पूरे मामले को अपहरण का मामला बताते हुये पुरे मामले को बदलने की कोशिश भी की। उन्होंने कहा कि यह सरकार सिर्फ अपने चेहरे पर आदिवासियों के हितैषी होने का मुखौटा लगाये हुये है, जब कि सच्चाई कुछ और है। उन्होंने कहा कि एक महादलित छात्र जिसे नवोदय विद्यालय में नामांकन कराना था। जिला प्रशासन ने उसका जाति प्रमाण पत्र यह कह कर निर्गत नहीं किया कि उसके पास कोई खतियान नहीं था।

वहीं, दूसरी तरफ सरकार खाद्य आपूर्ती का दुकान अनाहार बीबी, सेबी बीबी, कलसुम खातून, तारफुल बीबी, लाफुल बीबी, सुलेखा बीबी को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र दे कर निर्गत कर दिया है। यह सरकार न सिर्फ आदिवासी बल्की अनुसूचित जाति समाज के लोगों का भी हक अधिकार मार कर ऐसे घुसपैठियों को बसाने में लगी है। सरकार के अधिकारी बंग्लादेशियों का फर्जी आधार कार्ड, वोटर कार्ड, जाति प्रमाण पत्र बना कर उन्हे बसाने का काम कर रही है।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य से निकालना जरूरी: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को विपक्ष के सदस्य विधानसभा सदन के बाहर धरने पर बैठे थे। वोट बैंक की राजनीति के लिए मुस्लिम आबादी बढ़ाना बंद करो, आदिवासी बहन बेटियों के साथ खिलवाड़ करना बंद करो, बांग्लादेशी घुसपैठ को संरक्षण देने वाली हेमंत सरकार शर्म करो, लिखी तख्तियों के साथ उन्होंने धरना दिया। नारे बाजी भी की गयी। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हम हिंदू मुसलमान नहीं कर रहे हैं। जो बांग्लादेशी घुसपैठियों घुस आये हैं। रोहिंग्या घुस आये हैं, उसको निकालने की बात कर रहे हैं। हेमंत सरकार उसे पाल पोस रही है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना की डेमोग्राफी बदल रही है।

## खबर एक नजर में

### झारखंड की छह जेलों से नौ कैदी रिहा

**रांची।** झारखंड के छह जेल से नौ कैदी को सोमवार को रिहा किया है, जबकि आठ जिले से 24 आरोपियों को अलग अलग मामले में जेल भेजा गया है। जिन कैदियों को आज रिहा उसमें एक कैदी सजायाफ्ता था और आठ कैदी अंडर ट्रायल था। जमशेदपुर जेल से एक सजायाफ्ता कैदी को रिहा किया गया। जबकि बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार रांची से एक, चास जेल से दो, लातेहार जेल से दो, पाकुड जेल से दो और तेनुघाट उपकारा से दो अंडर ट्रायल कैदियों को रिहा किया गया है।

### अमित शाह से मिले आदित्य साहू

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को मुलाकात की। श्री साहू ने केंद्रीय मंत्री के साथ झारखंड की ज्वलंत मुद्दों पर विचार विमर्श किया। दोनों नेताओं के बीच करीब 15 मिनट बातचीत हुई।

### गवर्नर संतोष गंगवार से मिले संजय सेठ



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार संजय सेठ ने सोमवार को झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार से नई दिल्ली में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ झारखंड के विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। उनके सफल कार्यकाल के लिये अपनी शुभकामनाएं दीं।

### छवि रंजन और विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज अर्जी पर हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त के फर्जीवाड़े में संलिप्त पूर्व डीसी छवि रंजन और कारोबारी विष्णु अग्रवाल से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर पीएमएलए कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। दोनों की याचिका पर आगे की सुनवाई के लिए अदालत ने 8 अगस्त की तारीख निर्धारित की है। दोनों ने 19 जुलाई को मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मामला आरोप गठन पर है। छवि रंजन सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े में भी आरोपी हैं।


**Jharkhand Industrial Area Development Authority, Ranchi**
3rd Floor, JIADA Building, Namkum Industrial Area, Lowadih, Namkum, Ranchi-834010 (JHARKHAND)
Phone No-: 0651-2460408, Telfax:2460125, Website-www.jiada.co.in, Email Id-mdjiada@gmail.com

Letter No.-508 Date-29.07.2024

**Emergent Notice Inviting Tender**
NIT No.-JIADA Adityapur region/01/2024-25
Tender Reference No.-JIADA Adityapur Region/01/2024-25

JIADA invites separate Technical & Financial Bids from eligible and interested contractors registered in Building Construction Department/UD&HD, Jharkhand in appropriate class for Repairing of Staff Quarter "A & B Block" (Two Block, 12 Units) in AIADA Nagar at JIADA, Adityapur Region. JIADA. Interested eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 3.00 PM on 07.08.2024

The details of Tender Documents can be seen from departmental website http://jiada.co.in only.

Sd/-
Executive Engineer,
JIADA, Ranchi

PR.NO.331071 RIADA(24-25):D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**(3rd Call) Very Short Notice Inviting e-quotation.**

**Notice :- WRD/MID, KODERMA-07/2024-25, Date-29.07.2024**

Government of Jharkhand through its Public Work Department (PWD) is engaged in framing/ revision of Schedule of Rate and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for Hire Charges of plant & Machineries annexed as Annexure- I for Construction Work from Reputed Manufacturers/ Owners/ Lesser for respective items. The Hire Charges confirming to specification for inclusion in the schedule of Rate for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/ infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website *http://jharkhandtenders.gov.in.* Details of Plant and Machineries are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate for hire charges of Plant and Machineries online from 03.08.2024 at 10:30 hrs. to 10.08.2024 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 12.08.2024 at 14:00 Hours.

The Quotation is invited to ascertain and assess the Hire Charges of Plant & Machineries at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Address for Communication: -
Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Koderma
Mobile No. :- +91 99391 93214
Email - eemidkod-cemr-jhr@nic.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division,
Koderma

PR 331082 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

**Office of District Legal Services Authority, Lohardaga**

**Notice regarding vacancy of Member in Permanent Lok Adalat,**

Application in the prescribed format is invited from persons having adequate experience in public utility services *(transport service for the carriage of passengers or goods by air, road or water, or postal telegraph or telephone service, or supply of power, light or water to the public by any establishment or system of public conservancy or sanitation; or service in hospital or dispensary, or insurance service, or banking service or education or educational institutions; or housing and real estate services)* for filling up the post of Member, PLA of Lohardaga.

**Number of posts**- 1

**Entitlement**: Sitting fee of Rs.2000/- per sitting and Rs.5000/- conveyance allowance per month.

**Period of appointment**: The Member shall hold office for a term of 5 years or till the age of sixty-five years, whichever is earlier. Applicant must attach **one recent passport size photograph affixed in application, two self addressed stamped envelope (Rs.42/- each)** with the application.

**Last Date of application**: Application addressed to **Chairman, District Legal Services Authority, Civil Court, Lohardaga** must reach by Speed Post/Courier/Registered Post latest by **27-08-2024** by **5 PM**.
The application form may be downloaded from official website of Civil Court, Lohardaga https://districts.ecourts.gov.in/lohardaga and can be obtained from the office directly.

Sd/-
Secretary
D.L.S.A., Lohardaga

PR 331146 (Lohardaga) 24-25 (D)


## लंबोदर महतो ने शून्यकाल में उठाया सहारा से जमाकर्ताओं को पैसा लौटाने का मामला



**रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सहारा इंडिया में निवेश व जमा की राशि का भुगतान करने का मामला उठाया। उन्होंने यह मामला शून्य काल में उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य भर के लाखों उपभोक्ताओं के द्वारा सहारा इंडिया में लगभग 500 अरब रुपये से ज्यादा का निवेश व जमा किया गया। इसकी परिपक्वता अवधि पूरी होने के बावजूद सहारा इंडिया के द्वारा राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके कारण कई उपभोक्ता आत्महत्या करने को विवश हो रहे हैं। जबकि सहारा की सहकारी समितियों का भुगतान का आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिया है। साथ ही, ऐसा आदेश सेंट्रल रजिस्टार सेंट्रल रजिस्टार आफ को ऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा भी दिया गया है। इसके बावजूद भी सहारा समूह भुगतान नहीं कर रहा है, जो दिल्ली उच्च न्यायालय का उल्लंघन है। उन्होंने सदन के माध्यम से राज्य सरकार से झारखंड प्रदेश में सहारा इंडिया के उपभोक्ता के निवेश व जमा की राशि का भुगतान कराने को लेकर शीघ्र जरूरी कदम उठाने पर जोर दिया।

## मनरेगा कर्मियों के लिए ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस योजना को ग्रामीण विकास मंत्री की मंजूरी

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मनरेगा योजना अंतर्गत सृजित पद के विरुद्ध कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस की सुविधा प्रदान करने के प्रस्ताव मंत्री परिषद की स्वीकृति के लिए भेजा है। इस योजना के तहत प्रतिकर्मियों को अधिकतम 5 लाख रुपए प्रतिवर्ष स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है। इस प्रस्ताव को मंत्री की अनुमोदन प्राप्त हो चुकी है। इससे मनरेगा योजना पदाधिकारी एवं कर्मियों में भारी उत्साह का माहौल है। सभी कर्मियों ने मंत्री जी के इस सराहनीय कदम के लिए उन्हें धन्यवाद दिया है।

मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सरकार निरंतर जनहित में काम कर रही है और इस दिशा में यह एक और महत्वपूर्ण निर्णय है। हमारे मनरेगा कर्मी हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनका स्वास्थ्य हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस नई योजना से मनरेगा कर्मियों को स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर सुविधा मिलेगी और उन्हें अपने काम को और अधिक समर्पण और आत्मविश्वास के साथ करने में मदद मिलेगी। इस पहल के माध्यम से सरकार ने यह संदेश दिया है कि वह अपने कर्मचारियों की भलाई और स्वास्थ्य को गंभीरता से लेने का काम किया है।

## झारखंड में 2 अगस्त से शुरू होगा कांग्रेस का चुनावी तैयारी का जनसंवाद कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूरे राज्य में कांग्रेस का चुनावी तैयारी को जनसंवाद कार्यक्रम प्रस्तावित है। समय पूर्व आसन्न विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आगामी 2 अगस्त तक सभी जिला अध्यक्षों को प्रखंड स्तर की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया है। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस पूरे राज्य में समय पूर्व चुनाव को देखते हुए सांगठनिक तैयारी को लेकर प्रतिबद्ध है। विगत 24 जुलाई को प्रभारी गुलाम अहमद मीर की उपस्थिति तथा राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में प्रदेश के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में चुनावी यात्रा/जन संवाद कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है, जिसकी रूपरेखा प्रदेश स्तर पर तैयार की जा रही है।

इस कार्यक्रम के अगस्त के प्रथम सप्ताह में शुभारंभ के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आमंत्रित किया गया है। इसके निमित्त राहुल गांधी द्वारा विधानसभा वार यात्रा के शुभारंभ के लिए प्रदेश के जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर के पदाधिकारी एवं जिला, प्रखंड 20 सूत्री सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने की कार्य योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के मद्देनजरनजर चर्चा एवं तैयारी के लिए प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित कर सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने विशेषकर संबंधित प्रखंड से आने वाले प्रदेश एवं जिला स्तर के पार्टी नेताओं को आमंत्रित कर गहन विचार कर पूरे कार्यक्रम के रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

## आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित तैयारियों पर सीइओ की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय बैठक आयोजित

# विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग अगस्त में कर सकता है झारखण्ड का दौरा

निर्वाचन से जुड़े राज्य के वरीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया भाग

मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित लंबित कार्यों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) सह राज्य पुलिस नोडल अधिकारी, सभी रेंज आईजी, सभी डीआईजी, सभी उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षकों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को भी आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों एवं मतदाता सूची के प्रकाशन संबंधी गतिविधियों के संबंध में विशेष रूप से निर्देश दिए। उन्होंने सोमवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्वाचन संबंधी विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की। कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग का झारखण्ड दौरा अगले एक माह के अंदर संभावित है। नतीजा सभी राज्य स्तरीय अधिकारी, जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक अपने जिला से संबंधी सभी निर्वाचन विषयों की सुव्यवस्थित तैयारी करते हुए रिपोर्ट तैयार कर लें।

उन्होंने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव के आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए अद्यतन परिस्थितियों के अनुरूप विधानसभा चुनाव की तैयारियों का ससमय खाका तैयार कर लें। मतदाता सूची प्रकाशन, विधि व्यवस्था, वाहन प्रबंधन, अनुग्रह अनुदान आदि को लेकर उन्होंने पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने भी सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के लिए अपने स्तर से कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विधि-व्यवस्था के संधारण के लिए आवश्यक पुलिस बल की संख्या आकलन करने, हेलीपैड की स्थिति एवं वनरेबल मतदान केंद्रों की अद्यतन सूची तैयार करने को कहा। इस अवसर पर दोनों अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, सभी रेंज आईजी, सभी डीआईजी, सभी उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
30.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 21 | 12



बाबाधाम में लगी आठ किलोमीटर लंबी लाइन, ढाईलाख भक्त पहुंचे

### न्यूज डायरी

#### बच्चा सिंह को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**धनबाद।** पूर्व मंत्री बच्चा सिंह को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गयी। धनबाद पुलिस की ओर से शोक सलामी दी गयी। उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा। स्व सूर्यदेव सिंह के छोटे भाई बच्चा सिंह झरिया से विधायक रह चुके थे। निधन पर सीएम हेमंत समेत तमाम नेताओं ने शोक जताया है।

#### कमलेश से इडी पांच दिनों तक करेगी पूछताछ

**रांची।** जमीन घोटाले में जेल में बंद जमीन माफिया कमलेश कुमार सिंह उर्फ कमलेश से इडी पांच दिनों तक पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। रिमांड के आवेदन पर सोमवार पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट ने पांच दिन पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत दी। शुक्रवार की रात लंबी पूछताछ के इडी ने कमलेश को गिरफ्तार किया था। ईडी मंगलवार को जेल से उसे अपने साथ पूछताछ करने ले जायेगी। पूछताछ की अवधि पूरी होने के बाद शनिवार को कोर्ट में उसे पेश किया जायेगा।

#### कोचिंग सेंटर मामले जांच समिति गठित

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्रनगर में एक कोचिंग सेंटर में तीन विद्यार्थियों की मौत मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक समिति का गठन किया है। यह समिति मामले की जांच करेगी। 27 जुलाई को राव आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में अचानक पानी भरने की वजह से तीन विद्यार्थियों की जान चली गई थी। मृतकों में दो छात्राएं भी हैं।

## हंगामे के बीच 4833 करोड़ से अधिक का अनुपूरक बजट पेश

# दूसरे दिन दोनों पक्षों ने काटा बवाल, नहीं चला प्रश्नकाल

### सदन के बाहर भी सत्ता व विपक्ष का धरना प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का दूसरा दिन हंगामेदार रहा। सोमवार को सदन के अंदर और बाहर खूब हंगामा हुआ। सदन के बाहर पक्ष और विपक्ष दोनों ओर के विधायकों ने प्रदर्शन किया। पक्ष-विपक्ष ने जमकर बवाल काटा। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी विधायकों ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे वेल पर पहुंच गये। भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने संथाल में घुसपैठ को सरकारी संरक्षण मिलने का आरोप लगाया। इसके बाद भाजपा के विधायक एक-एक कर वेल पर जमा हो गये और नारेबाजी शुरू कर दी। प्रश्नकाल भी नहीं चल सका। भारी हंगामे और शोरगुल के बीच ही वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने करीब 4833 करोड़ से अधिक का प्रथम अनुपुरक बजट पेश किया। हंगामे के कारण आखिरकार स्पीकर ने सदन की कार्यवाही मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

#### स्पीकर की अपील का असर नहीं

विपक्षी विधायक बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को ले कर वेल पर पहुंच गये। नेता प्रतिपक्ष ने संथाल में घुसपैठ को सरकारी संरक्षण मिलने का आरोप लगाया। कहा कि संथाल परगना में डेमोग्राफी बदल रहा है। उन्होंने कहा कि पाकुड़ के हॉस्टल में घुस कर पुलिस ने छात्रों को लाठियों से पीटा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी छात्रावास की घटना के पीछे बांग्लादेशी घुसपैठियों का हाथ है। इस पर सरकार जवाब नहीं दे रही है। इस पर सरकार की ओर से वक्तव्य आना चाहिे। इसी बीच कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि भाजपा ने बाहरियों को बसा कर डेमोग्राफी चेंज करने की कोशिश की है। रामगढ़ जिले के कई इलाकों में बिहार के लोग मुखिया बन गये हैं। इस पर विपक्षी सदस्य और हंगामा करने लगे। वेल पर पहुंच गये। (शेष पेज 11 पर)

# जेल भेज कर मेरा कीमती समय बर्बाद किया : हेमंत

### इडी को झटका : बेल रद्द करने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि उन्हें पांच महीने जेल में बंद कर उनका बेहद कीमती वक्त बर्बाद किया गया है। इस समय का उपयोग कर वह अनगिनत लोगों की समस्याएं सुलझा सकते थे। कुछ समूह ऐसे भी हैं, जो बेवजह न्यायालय का भी वक्त बर्बाद करते हैं। श्री सोरेन, मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनकी जमानत रद्द कराने की मांग वाली इडी की याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज होने पर बोल रहे थे।

सोमवार को झारखंड विधानसभा में अपने कक्ष से निकलते वक्त मीडिया ने सीएम से बातचीत में उक्त बातें कही। उन्होंने कहा, आपने देखा होगा कि कितनी बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं और आवश्यकताएं लेकर मुझसे मिलते हैं। मैं उनकी समस्याएं सुलझाने का प्रयास करता हूं, लेकिन, मुझे जेल में डालकर मेरा कीमती वक्त बर्बाद किया गया। सोरेन परिवार पर कई लांछन लगाये, लेकिन, न्यायालय सर्वोपरि है। यह लोकतंत्र का ऐसा स्तंभ है, जहां अंधकार नहीं है। (शेष पेज 11 पर)



#### हेमंत को राहत, इडी को झटका

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की ओर से दायर एक याचिका को खारिज कर दिया। इडी ने अपनी याचिका में कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। झारखंड हाइकोर्ट ने हेमंत सोरेन को जमानत दी थी, जिसके खिलाफ इडी सुप्रीम कोर्ट गयी थी। सुप्रीमकोर्ट के फैसले से इडी को बड़ा झटका लगा। सोमवार को इडी की याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट द्वारा दी गयी जमानत के आदेश में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने इडी की याचिका को निष्पादित कर दिया।

## राहुल की बात पर सिर पकड़ हंसने लगीं वित्त मंत्री

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में अपने भाषण को दौरान कुछ ऐसा बोल दिया, जिसे सुनकर वित्त मंत्री निमार्ला सीतारमण हंसने लगीं और माथ पकड़ कर बैठ गयीं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी केंद्रीय बजट पर अपने भाषण में भाजपा को घेरा। कांग्रेस नेता ने जातीय जनगणना का मुद्दा भी उठाया। इस बीच उन्होंने बजट की हलवा सेरेमनी की फोटो दिखायी। फोटो दिखाते हुए राहुल गांधी ने कहा, इस फोटो में कोई पिछड़ा, दलित या आदिवासी अफसर नहीं दिख रहा। इस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि देश का हलवा बंट रहा है और वित्त मंत्री हंस रही हैं। यह हंसने की चीज नहीं है। उन्होंने कहा कि हलवा 20 अफसरों ने बनाया और 20 लोगों में ही बांट दिया। इसी बात पर वित्त मंत्री वित्त मंत्री ने अपना सिर पकड़ लिया। सिर पकड़े निर्मला सीतारमण की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी।



# ...अभी अनाज नहीं आया है, का खेल खत्म

- वितरण से पहले अब राशन दुकानों में पहुंचेगा अनाज
- समय से नहीं पहुंचाने पर देना होगा फाइन
- विभाग ने बनाया नया नियम रोज बढ़ेगी फाइन की राशि

**सुधीर**

**रांची।** दुकान में अभी अनाज नहीं आया है। कल फोन कर लेना या अगले हफ्ते आ जाना। इस तरह का जुमला अब राज्य की सरकारी पीडीएस दुकानों में नहीं चलेगा। खाद्य आपूर्ति विभाग ने ऐसा नियम बनाया है कि अब पीडीएस दुकानों में हर महीने वितरण शुरू होने से पहले ही अनाज पहुंचा दिया जायेगा। समय से अनाज नहीं पहुंचने पर डोर स्टेप डिलीवरी (डीएसडी) के संचालक को फाइन भी देना होगा। फाइन की राशि भी दिन के हिसाब से बढ़ती चली जाएगी।

#### क्या है मामला

राज्य के पीडीएस डीलर फिलहाल उपभोक्ताओं को यह कहते हैं कि अभी अनाज नहीं आया है। कल आना। अगले हफ्ते फोन कर लेना, परंतु झारखंड में अब ऐसा नहीं होगा। खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने इसे लेकर एक नया सर्कुलर लाया है। इसके तहत अब अनाज बांटने से पहले हर महीने पीडीएस दुकानों में अनाज पहुंच जाएगा। समय से अनाज अगर नहीं पहुंचता है तो संबंधित जिले के डोर स्टेप डिलीवरी के मालिक को रोज के हिसाब से फाइन भी देना होगा। (शेष पेज 11 पर)



सुप्रभात
मंगलवार 30.07.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 102
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# नहीं रहे पूर्व मंत्री व कोयलांचल के कद्दावर नेता बच्चा सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सूबे के पूर्व मंत्री व कोयलांचल के कद्दावर नेता बच्चा सिंह (80 वर्ष) का निधन सोमवार की दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर नवाडीह स्थित एसजेएएस अस्पताल में हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। कुछ दिन पूर्व ही अपने कुल्हे का इलाज करा कर दिल्ली से धनबाद लौटे थे। वह सूर्योदय नगर स्थित आवास में रह रहे थे। रविवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बच्चा बाबू, सिंह मेंशन घराने के सदस्य थे। वह अपने स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह के तीसरे नंबर के भाई थे। निधन के बाद उनके शव को एंबुलेंस से उनके आवास पर लाया गया, जहां उनके अंतिम दर्शन के लिए देर शाम तक नामचीन हस्तियों सहित चाहने वालों का तांता लगा रहा। रात आठ बजे उनके शव की अंतिम क्रिया के लिए बनारस ले जाया गया। इसके पहले जिला प्रशासन के सभी वरीय अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की, जबकि प्रशासन की ओर से पुलिस बल के





जवानों ने 2 तोपों की सलामी भी दी। झारखंड राज्य के गठन के बाद बने विधानसभा में बच्चा सिंह पहले नगर विकास मंत्री का पदभार संभाला। उन्होने बाबू लाल मरांडी की सरकार में रहते हुए झारखंड में डोमिसाइल मुद्दे पर विरोध किया था। आंदोलनकारियों को अपना पूर्ण समर्थन दिया। बाद में पारिवारिक विवाद की वजह से वह भाजपा से अलग हो गए।

### बाबूलाल मरांडी की सरकार में बने थे नगर विकास मंत्री

बच्चा सिंह झरिया से विधायक रह चुके हैं। वह कभी सिंह मेंशन के स्तंभ हुआ करते थे। उन्होंने पहली बार विधानसभा का चुनाव साल 1991 में लड़ा। लेकिन आबो देवी के हाथों उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 1995 में उन्होंने दोबारा झारखंड विधानसभा से अपनी किस्मत आजमायी, लेकिन फिर हार गये। साल 2000 में उन्होंने पहली बार जीत का स्वाद चखा और विधायक बने। इसके बाद उन्हें बाबूलाल मरांडी की सरकार में नगर विकास मंत्री बनाया गया था।

**उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से था रिश्ता:** बच्चा सिंह का परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का रहने वाला है। बताया जाता है कि एक जमाने में यह परिवार पहलवानी के लिए जाना जाता था। इसी क्रम में इनका धनबाद आना हुआ था। इसी दौरान झरिया के कोयला खदान में मजदूरों पर हो रहे शोषण के खिलाफ इनके बड़े भाई सूर्यदेव सिंह ने आवाज बुलंद की। देखते ही देखते वे मजदूरों के मसीहा बन गये। इसके जनता मजदूर संघ का गठन हुआ। झरिया से चुनाव लड़े, कई बार विधायक चुने गए। उन्होंने इस विधानसड्डा का लगातार चार बार प्रतिनिधित्व किया।

1977 में वह पहली बार विधायक बने। इसके बाद 1990 तक वह विधायक रहे। एक बार वह आरा लोकसभा से भी किस्मत आजमा चुके थे। लेकिन चुनाव हार गये। इसके बाद बच्चा सिंह ने उसी सीट से साल 1991 में उप-चुनाव लड़ा, लेकिन उस समय फिर पराजित रहे। एक समय तक सिंह मेंशन में सभी भाइयों के बीच सबकुछ ठीक रहा। लेकिन बच्चों के बड़े होने के बाद परिवार में बिखराव आना शुरू हो गया। एक ही परिवार में कई मजदूर संगठन बन गया। वर्चस्व की जंग में परिवार के सदस्यों की जाने भी गई।अभी झरिया सीट पर कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह विधायक हैं। बता दें कि इस सीट पर अधिकतर समय सिंह मेंशन परिवार का ही कब्जा रहा है।

### कोयलांचल में शोक की लहर

झरिया के पूर्व विधायक बच्चा सिंह के निधन से पूरे कोयलांचल में शोक की लहर है। अपने मजदूर संगठन जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) के माध्यम से वह मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते रहे। मजदूरों के हित में उनके कार्यों के लिए उन्होंने अपनी अलग पहचान बना ली थी। बिहार से अलग होकर जब झारखंड राज्य बना तो वह मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की सरकार में नगर विकास मंत्री बने थे। उस वक्त वह झरिया से विधायक थे। कोयलांचल के मसीहा कहे जाने वाले सूर्यदेव सिंह उनके बड़े भाई थे। विक्रमा सिंह, सूर्यदेव सिंह, बच्चा सिंह, राजन सिंह और रामाधीर सिंह सहित पांचों भाइयों में वह तीसरे स्थान पर थे। पूरे कोयलांचल में कभी सिंह मेंशन का दबदबा हुआ करता था, हालांकि धीरे-धीरे मेंशन का कुनबा बिखरता चला गया। सूर्यदेव सिंह की मौत के बाद ही पूरा परिवार मानो तितर-बितर हो गया। सूर्यदेव सिंह 1977 से चार बार झरिया से विधायक रहे। उनकी पत्नी कुंती सिंह भी दो बार विधायक बनी। बाद में पुत्र संजीव सिंह ने विरासत संभालते हुए झरिया क्षेत्र का प्रतिनिधत्व किया और विधायक बने।

### जनप्रतिनिधियों ने व्यक्त किया शोक



उनके निधन की सूचना पर उनके चाहने वाले लोगों के बीच शोक की लहर दौड़ गई। खबर पाकर झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह, कुंती सिंह, इंदु सिंह, आसनी सिंह, पूर्व सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, ब्रजेंद्र सिंह, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, एसडीएम उदय रजक, डीएसपी हेड क्वार्टर 1 शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर दीपक कुमार, सार्जेंट मेजर राकेश दुबे, अंचल अधिकारी धनबाद, बीडीओ धनबाद, बीसीसीएल डीटी एस के सिंह, डीपी मुरली कृष्ण रमैया, जीएम एडमिस्ट्रेशन सुरेद्र भूषण, जीएम पी एंड आई आर विद्युत साहा, जीएम लोदना निर्झर चक्रवर्ती, जीएम कुसुंडा प्रणव दास, जीएम एरिया 5 चित्तरंजन सिंह, विधायक प्रतिनिधि के डी पाण्डेय, सूरज सिंह, जनता मजदूर संघ से सुभाष सिंह, जटा शंकर सिंह, अरविंद सिंह, सुधीर सिंह, रामकृष्ण पाठक, मृणाल कांत सिंह, अक्षय यादव, उमा शंकर साही, कृष्ण अग्रवाल, जे पी सिंह, बिनोद सिंह, बबलू सिंह, अजीत सिंह, मनोज सिंह, संतोष सिंह, भारत भूषण सिंह, धनंजय सिंह, रूपक सिंह, टीपी सिंह, निवर्तमान पार्षद निरंजन कुमार, विनय रजवार, विक्रमा यादव सहित भारी संख्या में लोगों की आवाजाही जारी रही।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना 3 अगस्त से होगी शुरू

# 21 से 50 वर्ष तक कि महिलाओं को मिलेगा इस योजना का लाभ

▸▸ हर माह 15 तारीख को बैंक खाते में पहुंचेगी राशि

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर समाहरणालय में सोमवार को उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए इस योजना की शुरुआत की जा रही है। इसके तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह 1000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार, सीएससी मैनेजर अंजार हुसैन के अलावा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग के कर्मी आदि मौजूद थे।



### तीन दिन के अंदर आवेदनों की देनी होगी स्वीकृति

सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नियाज अहमद ने कहा कि योजना के लिए आंगनबाड़ी के माध्यम से निःशुल्क आवेदन पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इसका वितरण, जमा करने एवं स्वीकृति तक की सारी कार्रवाई निःशुल्क होगी। आंगनबाड़ी सहायिका, सेविका अपने क्षेत्र में महिलाओं को चिन्हित कर आवेदन उपलब्ध कराएंगी। प्राप्त आवेदनों को बीडीओ, सीओ तीन दिन के अंदर सत्यापन कर स्वीकृति प्रदान करेंगे।

### 3 से 10 अगस्त तक पंचायतों में लगेगा शिविर

योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए 3 से 10 अगस्त तक सभी पंचायत में शिविर लगाया जायेगा। शिविर के सफल संचालन तथा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सीएससी मैनेजर को डाटा इंट्री का प्रशिक्षण और उसका डेमो देने, शिविरों में पर्याप्त संख्या में वीएलई की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया है।

### लाभुकों को इन दस्तावेजों की पड़ेगी जरूरत

इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभुक, झारखंड का निवासी होना चाहिए, आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड) केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड) हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी होना। चाहिए। हालांकि जिन महिलाओं का बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर 2024 तक उठा सकतीं हैं।

## महिला कांग्रेस का देशव्यापी नारी न्याय आंदोलन शुरू

# तीन मांगों को लेकर जंतर मंतर में हुई शुरुआत, किया संसद भवन का घेराव

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सोमवार को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में आधी आबादी के हक के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर में महिला कांग्रेस ने देशव्यापी नारी न्याय आंदोलन की शुरुआत की एवं सांसद भवन की घेराव किया।

इस आंदोलन में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह की उपस्थिति और धनबाद महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सीता राणा के नेतृत्व में धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमेटी कीअध्यक्ष पूनम देवी सहित झारखंड के सभी जिला से महिला कांग्रेस की पदाधिकारीयों ने भाग लिया।

मौके पर धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने 29 जुलाई यानी आज से आधी आबादी के हक के लिए देशव्यापी नारी न्याय आंदोलन शुरू किया है। यह आंदोलन जंतर मंतर से शुरू होकर पूरे देश में फैलेगा। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस महत्वपूर्ण तीन मांगों को लेकर नारी न्याय आंदोलन कर रही है।



### तीन प्रमुख मांग

पहला 33% महिला आरक्षण विधेयक को लागू किया जाए। दूसरा इस आरक्षण में एससी एसटी और ओबीसी महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में भी इस पर चर्चा कर इसे लागू किया जाए। नगर अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि इस आंदोलन के माध्यम से देश कोने-कोने से झारखंड सहित सभी राज्यों एवं जिलों से महिला कांग्रेस के लाखों की संख्या में पदाधिकारियों ने पहुंचकर नारी न्याय आंदोलन को ऐतिहासिक बनाने का काम किया उन्होंने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, महिला कांग्रेस की हर कार्यकर्ता सड़क से संसद तक संघर्ष एवं जोरदार आंदोलन करती रहेंगी।

## पल्स पोलियो अभियान 25 से 27 अगस्त तक

# जिला टास्क फोर्स की बैठक में डीडीसी ने दिये कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पल्स पोलियो अभियान को लेकर समाहरणालय में सोमवार को उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक हुई। संबंधित पदाधिकारी को आगामी 25 अगस्त से 27 अगस्त तक के अभियान की जानकारी दी गई। डीडीसी ने प्रचार-प्रसार और जागरुकता को प्राथमिकता के साथ करने का निर्देश दिया। इस अभियान में 0-5 वर्ष तक का एक भी बच्चा ना छूटे उसके लिए बेहतर माइक्रो प्लानिंग व कार्य संपादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के अतरिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाओं सहित जनप्रतिनिधि का सहयोग लें। साथ ही कहा कि जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में भ्रमण करते रहते हैं, इसलिए उन्हें सभी तरह की जानकारी होती है। इसलिए हर हाल में जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें। डब्ल्यूएचओ सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर डॉ अमित कुमार तिवारी द्वारा सभी विषयों का पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई।

मौके पर सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, डब्ल्यूएचओ सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर डॉ अमित कुमार तिवारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, नगर निगम के पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, एसएनएमएमसीएच के पदाधिकारी समेत कई स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## देवघर पहुंच बैद्यनाथ ज्योर्तिलिंग का जलाभिषेक कर चुके 8 लाख से अधिक कांवरिया

# केसरिया वस्त्रधारी कांवरियों से भर उठा कांवरिया मार्ग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरधारी लाल जोशी।** सावन की दूसरी सोमवारी के दिन लाखों कांवड़ियों ने उत्तरवाहिनी गंगा नदी में डुबकी लगाई। और अपनी कांवड़ में जलभर कर बाबाधाम के लिए रवाना हुए। अब तक आठ लाख से ज्यादा कांवड़ियों ने देवघर पहुंच बाबा बैद्यनाथ ज्योर्तिलिंग का जलाभिषेक कर चुके है। सुल्तानगंज से देवघर 105 किलोमीटर का रास्ता केसरिया वस्त्रधारी कांवड़ियों से भरा पड़ा है। बोल बम-बोल बम के जयकारे की गूंज पूरे रास्ते में सुनाई पड़ती है। यह सिलसिला 22 जुलाई से शुरू होकर 19 अगस्त सावन तक चलेगा।




देवघर में श्रद्धालुओं की लाइन लगी है। रविवार को खड़ी कांवड़ सुलतानगंज से लेकर श्रद्धालु आते है। जो बिना रुके सोमवार को बाबा पर जलाभिषेक करते है। उनकी सेवा में सामाजिक स्वयंसेवी लगी रहती है। जो किसी को फल किसी को गर्म पानी किसी को चाय चलते - चलते ही पकड़ाते है। कांवड़िए भी बिना रुके ग्रहण करते रहते है। ज्यादातर कांवड़िए मना करते है। क्योंकि मलमूत्र त्यागने की मन में आ जाए। क्यों कि रुकने का मतलब है खड़ी कांवड़ फेल हो जाएगी। इस डर से बाबा का ध्यान कर चलते रहते है। और अपनी कष्टप्रद यात्रा पूरी करते है। खड़ी कांवड़ उठाने वाले श्रद्धालु बाबा का जलाभिषेक करने के बाद ही अन्न जल ग्रहण करते है।

इतना ही नहीं देवघर में चार किलोमीटर पहले से ही बाबा का दर्शन करने के लिए कतार लगी है। देवघर प्रशासन चाक चौबंद है। ड्यूटी करने वाले अधिकारी व कर्मचारी पालियों में तैनात है। लेकिन पूरी तरह चौकस है। वहां का नगर निगम भी सफाई व्यवस्था में नजर आया। गंदगी को तुरंत हटाने के लिए सफाई मजदूर लगे है। नालियों में ब्लूचिन पाउडर का छिड़काव किया गया है। पूरे रास्ते में स्वास्थ्य महकमा की टीम तैनात है। स्टाल पर दवा और मरहम पट्टी के सामान रखे है। जिन श्रद्धालुओं के धूप से पैर में छाले हो गए है वे अपना इलाज करवा रहे है। धनबाद के सज्जन सिंह कुमरसार पांव में मरहम पट्टी कराते दिखे। कांवड़िए सुलतानगंज में गंगा नदी में डुबकी लगाने के बाद अजगैबीनाथ मंदिर भी जाते है। वहां भी बाबा के शिवलिंग पर जल अर्पण करते है। कांवड़िया रास्ता दूधिया रोशनी से जगमग कर रहा है। दिन रात का फर्क मिटा है। दुकानदारों ने भी कांवड़ियों की सुविधा के लिए विश्राम के लिए अपनी दुकानों के सामने चौकी लगा रखी है। ताकि कुछ देर कांवड़िया आराम कर लें। और करते भी है। होटलों और दुकानदारों के लिए सरकारी रेट तय किया हुआ है। लेकिन वो केवल दशार्ने के लिए है। ऊंची कीमत पर सभी सामान उपलब्ध है। लेकिन श्रद्धालुओं की श्रद्धा ही बाबाधाम की ओर खींच रही है। सबके मुंह से एक ही आवाज निकलती है बाबा एक सहारा है। और लोगों का जन सैलाब उमड़ा है।

## एक नजर में

### कांग्रेस ने की हर घर खटाखट कार्यक्रम की लॉन्चिंग



**गिरिडीह।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज के निर्देशानुसार पूरे झारखंड में हर घर खटखट कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य झारखंड सरकार के विकास कार्यों को जनता के बीच लेकर जाना है। इसी क्रम में सोमवार को गिरिडीह परिसदन भवन मेंहर घर खटखट कार्यक्रम को लॉन्च किया गया। ।तौर मुख्य अतिथि भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक करुण नंदन पासवान, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव गिरिडीह प्रभारी भूपेश कुमार, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव मंजू कुमारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान यश सिन्हा ने कहा कि झारखंड की गरीब मजदूर किसान आदिवासी वंचित परिवार को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। आगामी विधानसभा चुनाव में हम अपने काम के आधार पर जनता से वोट मांगने जाएंगे। मौके पर जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शशि शर्मा, गिरिडीह विधानसभा अध्यक्ष शाहनवाज कुरैशी, मोहम्मद बिलाल हुसैनी, सरफराज अंसारी, सोहेल इराती, रामानंद कुशवाहा, रोहित राय सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दहेज हत्या मामले में पति और देवर को दस वर्ष कैद

**धनबाद।** दहेज के लिए विवाहिता की हत्या के एक मामले में आज धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने नामजद आरोपी चिरकुंडा निवासी शिबू रविदास (पति) एवं इंद्रदेव रविदास (देवर) को दस दस वर्ष कैद की सजा सुनाई है। प्राथमिकी मृत्तका की मां की शिकायत पर चिरकुंडा थाने में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक लड़की की शादी वर्ष 15 में शिबू के साथ हुई थी। शादी के 3 माह के बाद ही दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जाने लगा था। आरोप था कि 3 जून 18 को शिबू ने ससुर को फोन कर गाली गलौज की और कहा कि तुम लोगों से मोटरसाइकिल मांग रहे थे। अब तक नहीं दिया। अब तुम्हारा बेटी को मार देंगे, आकर लाश ले जाना । दूसरे दिन पुलिस ने उसे सूचना दी कि उसकी बेटी की मौत हो गई है। पुलिस ने 31 जुलाई 18 को उपरोक्त के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था 21 फरवरी 19 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान अभियोजन ने कुल 16 गवाहों का परीक्षण कराया था।

## वेदांता हॉस्पिटल में अवैध रूप से कराया जा रहा था गर्भपात, डॉक्टर गिरफ्तार

# जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह गंभीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिवीला प्रशासन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बीते देर रात्रि को सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल ने कोडरमा थाना क्षेत्र अंतगर्त चेचाई स्थित वेदांता हॉस्पिटल में छापामारी कर अवैध रूप से गर्भपात कराते डॉ मुन्ना कुमार साव को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को गुप्त सूचना मिली कि उक्त हॉस्पिटल में नाबालि क युवती का गर्भपात कराया जा रहा है, सूचना के आल ोक उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार के नेतृत्व में बीते रात्रि को वेदांता हॉस्पिटल में छापेमारी कर आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार करते हुए हॉस्पिटल को सील कर दिया है। इस सम्बंध में सिविल सर्जन श्री कुमार ने बताया कि जिले में घटते लिंगानुपात का मामला प्रकाश में आने के बाद जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह गम्भीरता के साथ लगातार कार्रवाई कर रही है। अल्ट्रासाउंड केंद्रों और निजी हॉस्पिटल ों पर कड़ी निगाहें रखी जा रही है। इसी बीच बीते रात्रि को वेदांता हॉस्पिटल में सात माह गर्भवती नाबालि क युवती का अवैध रूप से गर्भपात कराने की सूचना मिल ने के बाद उक्त हॉस्पिटल में छापामारी किया गया। इस दौरान गर्भपात की प्रक्रिया को पूरा करते डॉ.मुन्ना कुमार साव को गिरफ्तार किया गया, साथ ही हॉस्पिटल से गर्भपात कराने की दवा आदि जप्त किया गया। जिसके बाद हॉस्पिटल को सील कर दिया गया। वहीं घटना को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा डॉ. रामप्रसाद शर्मा के द्वारा कोडरमा थाना में कांड संख्या 179/24 के तहत मामला दर्ज कराया गया है।

## संघ लोक सेवा आयोग में चयनित पूर्व छात्र हर्षित सिंह के लिये सम्मान समारोह का आयोजन

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्याल य में करियर काउंसलिं ग सेशन तथा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें संघ ल ोक सेवा आयोग के द्वारा जारी की गई परीक्षा परिणाम में ग्रिजली विद्याल य के पूर्व छात्र हर्षित सिंह का चयन केंद्रीय सशत्र पुलि स बल में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर हुआ है, उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं हर्षित का स्वागत विद्याल य के स्कूल कैप्टन विश्वायन सिंह और रीत भदानी ने गुलदस्ता देकर किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता हर्षित ने छात्रों से कहा की जीवन में सफलता प्राप्त करने के लि ए निरंतर प्रयास और कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी, तभी सफलता प्राप्त होगी। वहीं उन्होंने कहा की असफलता से घबराना नहीं है बल्कि और मेहनत कर के लक्ष्य को प्राप्त करना है। वहीं सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा की हर्षित की इस सफलता से पूरे विद्याल य परिवार में खुशी की लहर है और आने वाले वक्त में विद्याल य के और छात्र भी इस मुकाम को प्राप्त करें, यही विद्याल य परिवार की कामना है। वहीं प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा की हर्षित की यह सफलता पूरे विद्याल य की सफलता है और ये दर्शाती है की निरंतर किए गए मेहनत से सफलता जरूर मिलती है। मौके पर विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार चौधरी, अमित दास, संजीव कुमार जयसवाल , नागेंद्र कुमार, कुमार राजीव आदि लोग मौजूद थे।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में शिक्षा सप्ताह के अवसर पर कराई गई विभिन्न गतिविधियां

**कोडरमा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 22 जुल ाई से 28 जुल ाई तक शिक्षा सप्ताह के रूप में मनाया गया। वहीं सप्ताह भर चल ने वाल ा यह कार्यक्रम सहयोग को बढ़ावा देने और एनईपी 2020 द्वारा शुरू किए गए शैक्षिक सुधारों पर प्रकाश डाल ने पर केंद्रित था। इस शिक्षा सप्ताह में शिक्षा मंत्राल य के दिशा निर्देशानुसार विद्याल य में अलग-अलग विषय वस्तु पर गतिविधियां कराई गई। वहीं गतिविधियों में विद्याल य के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लि या। शिक्षण सप्ताह के अवसर पर विद्याल य प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने प्रत्येक दिन होने वाले इन गतिविधियों में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्रों की पूर्ण सहभागिता को देखते हुए उनकी सराहना की और कहा यह शिक्षा सप्ताह शिक्षकों छात्रों और हितधारकों के विभिन्न पहलुओं को जानकारी प्रदान करता है तथा उन्हें शामिल ल ोगों के समग्र विकास को प्रोत्साहित भी करता है। वहीं निर्देशिका संगीता शर्मा ने भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ की शुभकामना देते हुए छात्रों को उनके सुंदर भविष्य के लि ए विशेष तौर पर विद्याल य में होने वाल ी गतिविधियों में शामिल होकर शिक्षा प्राप्त करने की सलाह दीं।

## गठन को लेकर बैठक 6 अगस्त को

**टंडवा।** 6 अगस्त दिन मंगलवार को दोपहर 3 बजे से सूर्य मंदिर परिसर में आगामी गणेश महोत्सव 2024 के सफल संचालन को लेकर एक बैठक रखी गई है। बैठक में सूर्य मंदिर विकास समिति के सम्मानित पदाधिकारीगण, सदस्यगण, पूर्व गठित गणेश महोत्सव 2023 के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, सदस्य गण, सम्मानित जन प्रतिनिधिगण, बुद्धिजीवि गण, ग्रामीण व श्रद्धालुगण को आमंत्रित किया गया है। बैठक का उद्देश्य गणेश महोत्सव 2024 को सफल बनाने के लिए समिति का गठन करना और विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी सौंपना है।बैठक में सभी उपस्थित लोगों से अनुरोध किया जाएगा कि वे गणेश महोत्सव 2024 को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग प्रदान करें।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना एवं सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना को लेकर बैठक



**चतरा।** जिले के विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना और सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सन्नी राज ने की। बैठक में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश दिए गए।21-50 वर्ष की योग्य महिला लाभार्थियों के आवेदन को डिजिटाइजेशन और ऑनलाइन करने के लिए 3 अगस्त 2024 से ग्रामीण स्तर पर पंचायत भवन और शहरी क्षेत्र में चिन्हित स्थलों पर कैंप लगाने का निर्देश दिया गया।सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लंबित आवेदनों पर कार्य में तेजी लाने और शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका और कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## प्रतापपुर अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला

**चतरा।** प्रतापपुर अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार और फजीवाड़े का बोलबाला है। कर्मचारी प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटरों के माध्यम से जमीन के कागजात में हेराफेरी कर रहे हैं और आम जनता से मोटी रकम वसूल रहे हैं। हल्का कर्मचारी सुखदेव तुरी और उनके कंप्यूटर ऑपरेटर महेंद्र राणा ने जमीन के कागजात में भारी हेराफेरी कर लाखों रुपये की वसूली की है।ये दोनों मिलकर गरीब और लाचार लोगों को फंसाकर उनसे पैसे ऐंठ रहे हैं। सरकारी भूमि और निजी भूमि, दोनों ही मामलों में ये अपनी मनमानी कर रहे हैं।? सुखदेव तुरी पहले इटखोरी अंचल कार्यालय में तैनात थे, जहाँ उन्होंने सीआई का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला था। उस दौरान उन्होंने महेंद्र राणा के साथ मिलकर सैकड़ों एकड़ सरकारी भूमि को फर्जी दस्तावेजों के जरिए निजी हाथों में बेच दिया था। इस मामले में उनके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज हुई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब वे प्रतापपुर अंचल कार्यालय में वही खेल खेल रहे हैं।

## आज झामुमो का प्रदर्शन

**चतरा।** झारखंड के सांसद निशिकांत दुबे ने संथाल परगना प्रमंडल, बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर केंद्र शासित प्रदेश बनाने का बयान दिया था। झामुमो ने उनके इस बयान का विरोध करने के लिए 30 जुलाई 2024 को विरोध प्रदर्शन और पैदल मार्च निकालेंगे। झामुमो जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में जिला के सभी केंद्रीय समिति के सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी, जिला के सभी वर्ग संगठन के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी, सभी प्रखंड समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी, नगर समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी, जिला के सभी सक्रिय सदस्य, जिला के सभी नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## विधायकों ने किया जमकर हंगामा

चतरा। झारखंड विधानसभा के दूसरे दिन, भाजपा विधायकों ने हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और विधानसभा गेट पर नारेबाजी की। भाजपा का आरोप है कि हेमंत सोरेन सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है, मुस्लिम आबादी बढ़ाने के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है, आदिवासी बहन-बेटियों के साथ खिलवाड़ कर रही है, मुस्लिम तुष्टिकरण कर रही है और विभाजनकारी राजनीति कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सिमरिया के विधायक किशुन कुमार कुमार दास, विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी सहित कई विधायक इस विरोध प्रदर्शन में शामिल थे। पिछले कुछ दिनों से झारखंड में मुस्लिम तुष्टिकरण, बांग्लादेशी घुसपैठ और आदिवासी बहन-बेटियों के साथ हो रहे अत्याचार को लेकर भाजपा सहित संपूर्ण विपक्ष हेमंत सोरेन सरकार का विरोध कर रहा है।

## नंदी बाबा सेवा ट्रस्ट की 25वीं वर्षगांठ

### ट्रस्ट करेंगी एक लाख भक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के महेश्वरी भवन में नंदी बाबा सेवा ट्रस्ट की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता संजय शर्मा व संचाल न उदय सिंह ने किया। वहीं कई महत्वपूर्ण निर्णय लि ए गए, जिनमें कांवर पदयात्रा में शामिल भक्तों के लि ए ध्वजाधारी धाम में महाप्रसाद की व्यवस्था प्रमुख थी। बैठक में निर्णय लि या गया कि इस वर्ष करीब एक लाख भक्तों के लि ए महाप्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। नंदी बाबा सेवा ट्रस्ट पिछले 24 वर्षों से कांवर पदयात्रा में शामिल भक्तों के लि ए महाप्रसाद की व्यवस्था करता आ रहा है। इस वर्ष ट्रस्ट का 25वां वर्ष है, इसलि ए कार्यक्रम को और भी भव्य तरीके से आयोजित करने का निर्णय लि या गया। वहीं संजय शर्मा व उदय सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि 24 वर्ष पूर्व उन्होंने एक किलो चीनी, 2. 5 किलो दूध और 250 ग्राम चायपत्ती से सेवा की शुरुआत की थी, शुरुआत में उन्होंने नहीं सोचा था कि यह संगठन इतना विशाल हो जाएगा, यह सेवा प्रत्येक वर्ष सावन में जारी रहेगा और भक्तों को महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। बैठक में निर्णय लि या गया कि नंदी बाबा सेवा ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा और इसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ट्रस्ट साल भर सामाजिक गतिविधियों में शामिल रहेगा, जैसे कि शिवरात्रि के अवसर पर गरीब घर की लड़कियों की शादियां करवाना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर विशेष ध्यान केंद्रित करना और जल , जंगल, जमीन की रक्षा करना। वहीं निर्णय लि या गया कि पिछले 25 वर्षों से जिन्होंने ट्रस्ट को महाप्रसाद में सहयोग किया है और ट्रस्ट के सदस्यों के सम्मान के लि ए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। सम्मान समारोह में उन सभी को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने ट्रस्ट के कार्यों में सहयोग किया है। इसके साथ ही एक भजन संध्या का भी आयोजन होगा, जिससे भक्तों को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति हो सके। मौके पर सुनील कुमार सोनकर, कमल कुमार शर्मा, विकास वैष्खियार, मदन साव, विशाल कुमार सिंह, दीपक महाराज, मनोज साव, मोहित राज, सुरेंद्र राम, चिरंजीवी, अजय कुमार वर्मा, अमन कप्सिमे, सतीश कुमार चंद्रवंशी, प्रवीण शर्मा, आशीष गुप्ता, अजय ल ोहानी, प्रदीप कुमार, सुनील रजक, दिलीप रजक, सुनील गुप्ता, मुन्ना भदानी, आकाश गुप्ता, भोल ा साव, राकेश राजपूत, प्रदीप कुमार चंद्रवंशी, गौरी भगत, जीतन कुमार, बसंत कुमार गुप्ता, दीपक कुमार, अनिल कुमार, पिंटू कुमार विश्वकर्मा, जतीन कुमार, सौरव सिंह, आनंद साव, बिपिन कुमार, नवीन चौधरी, बबलू सिंह, अमित सुरोलि या, राकेश कप्सिमे, विकास कुमार, राहुल सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## जलाशयों के विकास की समीक्षा बैठक

**चतरा।** जिले में स्थित डैम और जलाशयों के जीर्णोद्धार, गहरीकरण, सौंदर्यीकरण और पर्यटन के क्षेत्र में विकास के लिए उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में हेरूआ डैम, हैरू डैम, भेड़ी फार्म डैम, डुलकी डैम, घरी नाला डैम, गोलाई डैम, ननई डैम, जयप्रकाश डैम, बक्शा डैम, अंजनवा डैम सहित अन्य डैम की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। हेरूआ डैम से शहरी जलापूर्ति के लिए कार्यपालक अभियंता जलपथ प्रमंडल हजारीबाग को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। भेड़ी फार्म डैम में पर्यटन के क्षेत्र में विकास के लिए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया। बक्शा डैम के विकास के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी इटखोरी और कार्यपालक अभियंता जलपथ प्रमंडल बरही को समन्वय स्थापित कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी चतरा उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी चतरा दक्षिणी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बिनिता कुमारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप का हुआ समापन बच्चों ने दिखाए अपनी जौहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** आठवीं कोडरमा जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम रामेश्वर वैल ी स्कूल झुमरीतिलैया के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डीएवी के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि सीएच. स्कूल के प्राचार्य मनोज कुमार व द-आरवीएस के डायरेक्टर प्रवीण मोदी, योग गुरु सुषमा सुमन, प्रदीप सुमन, डॉक्टर राजीवकान्त पाण्डेय उपस्थित थे। वहीं ताइक्वांडो एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में चार वर्ग सीनियर, जूनियर, कैडेट एवं सब-जूनियर के लगभग ढाई सौ खिलाड़ियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन खीरयोगी (फाइट) एवं पुमसे दो भागों में किया गया, जिसमें द-रामेश्वर रैली स्कूल, डीएभी पब्लिक स्कूल डिवाइन ताइक्वांडो अकैडमी राजेंद्र क्लब, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, आरप्रीमोदी इंटरनेशनल स्कूल, डे-बोर्डिंग कोडरमा थर्मल पावर एवं चंदवारा के अलावे कई स्कूल एवं क्लब के खिलाड़ी शामिल हुए। वहीं प्रतियोगिता के दौरान कृष्ण कुमार सिंह ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों के मेडल पहनाते हुए बधाई दिया और कहा की हर बच्चों को मार्शल आर्ट जरूर सीखना चाहिए और मार्शल आट्र्स के क्षेत्र में कोडरमा में अध्यक्ष अशोक कुमार, ताइक्वांडो संघ के नेतृत्व में ताइक्वांडो में काफी जमीनी स्तर पर मेहनत किया जा रहा है। जिसका नतीजा है कि यहां के खिलाड़ी लगातार अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक भी ला रहे है। वहीं प्रवीण कुमार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आने वाले राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर करने की बात कही और अग्रिम बधाई दिया। प्रतियोगिता में खीरयोगी (फाइट) में द रामेश्वर वैली स्कूल को 2 स्वर्ण, 11 रजत एवं 3 कांस्य डिवाइन पब्लिक स्कूल को 16 स्वर्ण, 12 रजत, चार कांस्य, मडर्न पब्लिक स्कूल 7 स्वर्ण, 7 रजत एवं 11 कांस्य, डीएभी पब्लिक स्कूल 6 स्वर्ण, 3 रजत एवं 8 कांस्य पदक लाकर मिला। वहीं पुमसे में उपविजेता मडर्न पब्लिक स्कूल एवं विजेता ताइक्वांडो अकैडमी, कोडरमा थर्मल पावर प्लांट बांझेडीह को प्राप्त हुआ।

## मूक-बधिर संदीप ठाकुर को नहीं मिल सका है अभी तक आशियाना

# आबुआ अवास से है कोषों दूर, किराए के मकान में रहने को है मजबूर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिमरिया।** प्रखंड के सेरनदाग पंचायत अंतर्गत बगरा के पचपोनिया टोला में एक मूक-बधिर संदीप ठाकुर का मिट्टी का घर धाराशाही हो गया है। जिसे लेकर मुक-बधिर संदीप अपने पत्नी और बच्चे के साथ किराए के मकान में रहने को मजबूर है। उनकी संदीप ना बोल सकता है और ना सुन सकता है। गरीबी के हालत में धाराशाही घर को मरम्मती तक नहीं करा पा रहा है। हैरत वाली बात है की संदीप को अभी तक गरीबी होने के कारण अबूआ आवास नहीं मिल पाया है। आवास के लिए प्रखंड कार्यालय के कई चक्कर लगा चुका है परंतु आज तक आवास नहीं मिल पाया है। इधर मुखिया चंदा देवी से बात करने पर उन्होंने ने कहा की हम लोग काफी प्रयास किए हैं आवास दिलाने के लिए परंतु हर बार निराशा हाथ लगा है। हम लोग पंचायत से सूची बना कर देते है किंतु प्रखंड कार्यालय से हम लोगों को सूची हटा कर अपने स्तर से सूची बना कर भेजा जाता है जिससे वैसे गरीबों का नाम सूची के सीरियल से हट जाता है और आवास का लाभ नही मिल पाता है। यही हाल जबड़ा पंचायत के हुंकार खाप का है। जहां एक विधवा एसटी महिला कविता देवी पति जितेंद्र गंझू का है। उक्त विधवा महिला का घर मिट्टी का दिवाल से बना खपरैल मकान है। जो वर्षा के कारण धाराशाही हो चुका है ।किंतु अभी तक उसे भी अबुआ आवास से दूर रखा गया है। आखिर राज्य सरकार गरीबों और लाचार के लिए सर पर छत रहने के लिए यह योजना चलाई है ।परंतु यह आवास वैसे सामर्थ लोगों को मिल जा रहा है जो खुद ढलाई मकान बना कर पूर्व से रह रहा है। साथ हैं उसे पूर्व में पीएम आवास तक मिल चुका है और पुनः अबूआ ले रखा है। वैसे में वैसे लोगों को कैसे और किस आधार पर अबूआ आवास दिया जा रहा है। यही कारण है की गरीब लाचार लोग अबूआ आवास से दूर है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

**अति अल्पकालीन ई-पर्नुनिविदा आमंत्रण सूचना**

**PR No.-317608 REO (23-24)#D**

पत्रांक:- दिनांक-

अति अल्पकालीन ई-पुर्ननिविदा संख्या:-18/RE/2023-24/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 31/ STPKG/17/ 2023-24 | भौरा स्कूल मोड़ से दलादली आर0ई0ओ0 रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0-1.200 कि0मी0)<br>चौली मोड़ से पतराथी ली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0-1.530 कि0मी0)<br>बिजुलिया मोड़ से तिगरा पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0-3.000 कि0मी0)<br>पिस्का रेलवे स्टेशन से भागलपुर तुसमु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0-2.250 कि0मी0)<br>दलादली बगीचाटोली से सतीश चौक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0-3.000 कि0मी0)<br>मलमांडू चौक से ता रूप तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0-3.400 कि0मी0) | 13,21,38,900.00 | तेरह करोड़ इक्कीस लाख अड़तीस हजार नौ सौ रूपये मात्र। | 15 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:-02.08.2024
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:-10.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-12.08.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 0651-2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 331153 (REO) 24-25 (D)



**झारखण्ड सरकार**

**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में रिक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण**

केन्द्र प्रायोजित योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से संबंधित राज्यादेश संख्या-49, दिनांक-31.03.2021(वित्तीय वर्ष 20220-21), राज्यादेश संख्या-18, दिनांक-03.09.2021(वित्तीय वर्ष 20220-21), राज्यादेश संख्या-40, दिनांक-17.02.2022(वित्तीय वर्ष 20221-22), राज्यादेश संख्या-22, दिनांक-17.11.2022(वित्तीय वर्ष 2022-23) एवं राज्यादेश संख्या-29, दिनांक-01.12.2023(वित्तीय वर्ष 20223-24) द्वारा जिला-लोहरदगा को विभिन्न योजनाओं में कोटिवार लक्ष्य की प्राप्ति हुई है। कुछ योजनाओं में रिक्तियाँ शेष हैं अथवा पूर्व चयनित लाभुकों द्वारा योजना पूर्ण नहीं किये जाने के कारण रिक्तियाँ हो गयी हैं। जिसकी विवरणी निम्नलिखित है:-

| क0 | वित्तीय वर्ष | योजना | कोटिवार रिक्तियाँ | | योजना इकाई | प्राक्कलित इकाई लागत राशि (लाख में) | सरकारी अनुदान की राशि प्रति इकाई (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2020-21 राज्यादेश सं0- 49 | कार्प हैचरी का निर्माण | सामान्य | 1 | संख्या में | 25.00 | 10.00 |
| 2 | | नया रियरिंग तालाब निर्माण | अ0जा0 | 1 | 01 है0 | 7.00 | 4.20 |
| 3 | | बायोफ्लॉक तालाब निर्माण (04 लाख रु0 प्रति है0 इनपुट सहित) | सामान्य | 1 | 0.1 है0 | 14.00 | 5.60 |
| 4 | | | अ0ज0जा0 | 1 | 0.1 है0 | 14.00 | 8.40 |
| 5 | | | अ0जा0 | 1 | 0.1 है0 | 14.00 | 8.40 |
| 6 | | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 ऊँचाई के 25 बायोफ्लॉक टैंक की स्थापना | अ0जा0 | 1 | संख्या में | 25.00 | 15.00 |
| 7 | | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 ऊँचाई के 07 बायोफ्लॉक टैंक की स्थापना | महिला | 1 | संख्या में | 7.50 | 4.50 |
| 8 | | आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन | सामान्य | 1 | संख्या में | 3.00 | 1.20 |
| 9 | | पारम्परिक मछुआरों के लिये नाव एवं जाल | सामान्य | 1 | संख्या में | 5.00 | 2.00 |
| 10 | | | अ0जा0 | 1 | संख्या में | 5.00 | 3.00 |
| 11 | 2020-21 राज्यादेश सं0- 18 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 ऊँचाई के 07 बायोफ्लॉक टैंक की स्थापना | सामान्य | 1 | संख्या में | 7.50 | 3.00 |
| 12 | | | अ0जा0 | 1 | संख्या में | 7.50 | 4.50 |
| 13 | | | महिला | 1 | संख्या में | 7.50 | 4.50 |
| 14 | | आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन | सामान्य | 1 | संख्या में | 3.00 | 1.20 |
| 15 | 2021-22 राज्यादेश सं0- 40 | आर0ए0एस0 का अधिष्ठापन (100मी03 का 01 टैंक) | अ0ज0जा0 | 1 | संख्या में | 7.50 | 4.50 |
| 16 | | | महिला | 1 | संख्या में | 7.50 | 4.50 |
| 17 | 2022-23 राज्यादेश सं0- 22 | नया रियरिंग तालाब निर्माण | अ0ज0जा0 | 1 | 0.1 है0 | 7.00 | 4.20 |
| 18 | | बायोफ्लॉक तालाब निर्माण (04 लाख रु0 प्रति है0 इनपुट सहित) | अ0ज0जा0 | 2 | 0.1 है0 | 14.00 | 8.40 |
| 19 | | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 ऊँचाई के 07 बायोफ्लॉक टैंक की स्थापना | अ0ज0जा0 | 3 | 0.1 है0 | 7.50 | 4.50 |
| 20 | 2023-24 राज्यादेश सं0- 29 | बायोफ्लॉक तालाब निर्माण (04 लाख रु0 प्रति है0 इनपुट सहित) | सामान्य | 1 | संख्या में | 14.00 | 5.60 |

उपरोक्त योजनाओं में लाभुक को अपना 40% / 60% अंशदान लगाना होगा। इच्छुक एवं योग्य आवेदक जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से निःशुल्क आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक- 16.08.2024 तक कार्यालय अवधि में वांछित कागजातों के साथ आवेदन जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में समर्पित किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य
कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 331019 Lohardaga (24-25)_D



**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
Office of the General Manager, Transmission Zone-III, Jamshedpur
132/33 KV. Grid Campus Gamharia, P.O- Gamharia, Distt- Seraikella-Kharsawan, Pin- 832108
email id: tz3jsr_jusnl@rediffmail.com

**e-TENDER NOTICE**

e-Tender in two parts i.e. Technical Part (Part-I) and Price Part (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following works :-

| NIT No. | Description of work | Cost of B.O.Q | E/M to be deposited |
|---|---|---|---|
| 123/PR/JUSNL/ 2024-25 | Supply, laying, fabrication, fitting and fixing of concertina coil/barbed wire along with associate work for safety purpose at 220/132 kV GSS, Chandil-I. | Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 86,600.00 |
| 124/PR/JUSNL/ 2024-25 | Concreting & metal spreading work in 132 kV Transformer no- 02 bay, 132 kV Jadugoda bay & adjoining area at 132/33 kV GSS, Golmuri. | Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 66,200.00 |
| 125/PR/JUSNL/ 2024-25 | Construction of chemical earthing in forest rocky and normal area for tower location no. 01 to 80 of 132 kV S/C KNPS-NMD transmission line under T/S/D, Noamundi. | Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 49,800.00 |
| 126/PR/JUSNL/ 2024-25 | Dismantling and repairing of damaged brick mortar work below expanded metal fencing along with painting of expanded metal fencing at 132/33 kV G/S/S, Dhalbhumgarh. | Rs. 5,900.00 (Rs. 5,000/- + GST@18% (SGST9%+CGST9%) | Rs. 66,700.00 |

| | | |
|---|---|---|
| Start Date and time of downloading of tender documents | :- | 01.08.2024 at 02:00PM |
| Start Date and time of upload of BID | :- | 01.08.2024 at 03:00PM |
| End date and time of upload of BID | :- | 22.08.2024 upto 03:00PM |
| BID Opening date for technical part | :- | 23.08.2024 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | :- | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | :- | General Manager, Transmission Zone-III, Jamshedpur, Campus 132/33 kV. Grid Colony Adityapur-I, Phase-VI, Post- Gamharia,Seraikella-Kharsawan, Pin Code- 832108 (Jharkhand). |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours.
2. Bidder shall deposit online Tender fee (as mentioned above), as per rules of e-tendering portal. Bidder shall deposit online EMD (as mentioned above), as per rules of e-tendering portal.
3. The bids will be received through electronic tendering mode only.
4. Please contact 9771790288/7903674983 for any enquiry.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Trans Zone-III)
(Jamshedpur)

PR.NO.331165 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25):D

# अग्निवीर, कठिन पथ

सवाल इस बात को लेकर उठाये जाते रहे हैं कि कुल अग्निवीरों के पच्चीस फीसदी को भी स्थायी कैडर में शामिल किया जाएगा। जबकि देश में प्रचुर संख्या में जनशक्ति उपलब्ध है। हाल ही में अग्निवीरों के कथित तौर पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की भी चिंताजनक घटनाएं सामने आई हैं। ऐसे ही सेवा मुक्त होने के बाद रंगरूटों के पथ से भटकाव की आशंकाएं बनी रह सकती हैं। कुछ दिग्गजों ने तो यहां तक कहा है कि सेना की पूर्व निर्धारित भर्ती प्रणाली के साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। दरअसल, सैन्य वर्ग के भीतर असहमति के अलावा, अग्निपथ योजना राजनीतिक क्षेत्र में भी खासा विवाद का विषय बना हुआ है। पिछले दिनों कारगिल विजय दिवस पर अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री ने न केवल इस योजना का जोरदार ढंग से बचाव किया, बल्कि विपक्षी दलों पर भी भर्ती प्रक्रिया पर राजनीति करने का आरोप लगाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अग्निपथ का उद्देश्य सेनाओं को युवा व फिट बनाना है। उन्होंने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया कि यह पहल पेंशन के पैसे बचाने के लिये की गई थी। निस्संदेह, सरकार अग्निपथ योजना को लेकर उठ रही आवाजों को यूं ही नजरअंदाज नहीं कर सकती। कई भाजपा शासित राज्यों ने पुलिस जैसी वदीधारी सेवाओं में नौकरियों में अग्निवीरों के लिये आरक्षण या प्राथमिकता की घोषणा की है। लेकिन ये कदम विरोधियों को चुप कराने के लिये पर्याप्त नहीं हो सकता है। केंद्र सरकार को इस योजना को लेकर मिल रही प्रतिक्रिया को गंभीरता से लेना चाहिए। साथ ही योजना से जुड़ी विसंगतियों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। निस्संदेह, इस मुद्दे पर अड़ियल रवैये की प्रतिक्रिया भविष्य में भी हो सकती है। यह निर्विवाद सत्य है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सैनिकों के मनोबल को लेकर कोई प्रयोग नहीं किये जा सकते।

# किसानों की आय

दुनिया के कई विकसित देश कृषि क्षेत्र में बेहतर वैज्ञानिक तकनीक और प्रबंधन के कारण से न सिर्फ खुशहाल हो रहे हैं, अपितु कनाडा यूरोप और इजरायल जैसे देशों में किसान की आय में वृद्धि हो रही है। भारत भी उसी राह पर चल पड़ा है। हम मिलकर चलेंगे तो समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। अब छोटे जोत वाले किसानों को मिलकर खेती करनी होगी समय की यही मांग है। पिछले लगभग 40 वर्षों भारत में किसान के भू जोत के आकार 1970 में 2.3 हेक्टेयर से घटकर 2015-16 तक 1.08 हेक्टेयर रह गया और खेती का रकबा घटकर बहुत छोटे और छोटे आकार का होता चला गया। भारत के कृषि गणना के अनुसार छोटे रकबे के और भूमिहीन किसानों की संख्या लगभग 86% के आसपास पहुंच गई है। 2011 जनगणना के अनुसार भारत में भूमिहीन कृषि मजदूरों की संख्या किसानों की संख्या से भी ज्यादा हो गई है। लगभग कृषि श्रम का 55% के आंकड़े को पार कर गया है। भूमिहीन कृषक मजदूर जिनकी संख्या देश में लगभग 16 करोड़ के आसपास है। वहीं काश्तकार किसान लगभग 45% हैं जो इस समय देश में लगभग 12 करोड़ है। विश्व के कृषि कमाई में इसका महत्वपूर्ण स्थान है। कारण है बेहतरीन तकनीक, मात्र 20% संचित जमीन के बूते इजराइल दुनिया के 10 बड़े उत्पादक देशों में अपना स्थान बना चुका है। इसका कारण है कोऑपरेटिव से खेती बेहतर तकनीक और पानी का बेहतरीन इस्तेमाल और कॉपरेटिव के माध्यम से किसानों का बाजार से बेहतर लिंकेज। मोदी सरकार ने 2022 तक 10, हजार किसान उत्पादन संगठनों के निर्माण और प्रगति से उसका बेहतर संचालन का लक्ष्य रखा है। किसान उत्पादन संगठन में कोई भी किसान इस योजना का सदस्य बन सकता है। आवश्यकता है इसे जन आंदोलन बनाने की।


# सुनहरे कल को निगल गई भ्रष्ट व्यवस्था



दिल्ली की प्रतिष्ठित राव कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से देश की सबसे प्रतिष्ठित सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। ओल्ड राजेंद्र नगर के इस दर्दनाक हादसे ने देशवासियों को झकझोर दिया। जो युवा आंखों में सुनहरे भविष्य के सपने संजोकर अपना घर बाहर, सुख सुविधा छोड़कर दिल्ली परीक्षा की तैयारी के लिए गये थे, वो मुनाफाखोर कोचिंग संचालक की धूर्तता, सरकारी अमले की अकर्मण्यता और लापरवाही के चलते अपनी अमूल्य जिंदगी गंवा बैठे। सोचिये उनके परिवारों पर क्या बीत रही होगी। इस व्यवस्था के व्यवस्थापक इतने गैर जिम्मेदार और लज्जाहीन हैं कि उनकी नजर में किसी की जान की कोई कीमत ही नहीं है। ये हालात राष्ट्रीय राजधानी के पॉश इलाकों में संचालित कोचिंग सेंटर के हैं, दूसरे शहरों और कस्बों की बात ही क्या की जाए।

इस साल जलभराव की वजह से दिल्ली की ये पहली घटना नहीं है। इससे पहले 22 जुलाई को यूपीएससी की तैयारी करने वाले एक छात्र की मौत करंट लगने से हो गई। असल में दो चार दिन के शोर गुल और कार्रवाई की नौटंकी के बाद व्यवस्था फिर से पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है। सौ प्रतिशत दावे के साथ कहा जा सकता है कि, राव कोचिंग सेंटर मामले में भी कार्रवाई और सख्ती की पुरानी स्क्रिप्ट दोहराई जाएगी। हादसे के बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। छात्र सरकार से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। छात्र व्यवस्थागत खामियों को गिना रहे हैं। छात्र नारेबाजी कर रहे हैं 'छात्रों की हत्या बंद करो'... इस मामले में दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

ये कोई पहला ऐसा हादसा नहीं है जब दिल्ली के कोचिंग सेंटरों में छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ हुआ है। 15 जून 2023 को दिल्ली में कोचिंग सेंटरों के हब मुखर्जी नगर में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से 61 लोग झुलस गए थे। जांच में पता चला कि आग बिजली के मीटर में लगी थी, जो देखते-देखते पूरी बिल्डिंग में फैल गई। हादसे के वक्त कोचिंग सेंटरों में करीब 200-250 छात्र मौजूद थे। छात्रों ने आग से बचने के लिए खिड़कियां तोड़ीं, रस्सियों के सहारे नीचे उतरे और सीढ़ियों का सहारा लिया। कुछ छात्रों ने बचने के लिए तीसरी मंजिल से छलांग तक लगा दी। इसके अलावा 25 जनवरी 2020 को दिल्ली के भजनपुरा इलाके में कोचिंग सेंटर की दो छतें गिर गईं। इस हादसे में चार छात्रों समेत 5 लोगों की मौत हो गई वहीं 13 लोग घायल हो गए।



- डॉ आशिष

> राव कोचिंग सेंटर मामले में भी कार्रवाई और सख्ती की पुरानी स्क्रिप्ट दोहराई जाएगी। हादसे के बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। छात्र सरकार से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। छात्र व्यवस्थागत खामियों को गिना रहे हैं। छात्र नारेबाजी कर रहे हैं 'छात्रों की हत्या बंद करो'... इस मामले में दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

बीती 14 अप्रैल 2024 को राजस्थान की कोचिंग नगरी कोटा के एक हॉस्टल में आग लगने से 8 स्टूडेंट्स झुलस गए। घटना के वक्त हॉस्टल में 60 से ज्यादा छात्र मौजूद थें आग लगने के बाद हॉस्टल में भगदड़ मच गई इस बीच एक छात्र ने अपनी जान बचाने के लिए चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। जांच में हॉस्टल मालिक की बड़ी लापरवाही सामने आई। हॉस्टल मालिक ने अंदर ही बिजली का एक बड़ा ट्रांसफार्मर लगवाया हुआ था जिसमें शॉर्ट सर्किट होने से यह हादसा हुआ।

लखनऊ के पॉश इलाके हजरतगंज में नवल किशोर रोड पर तीन मंजिला स्कॉलर्स फोरम टॉवर है। इसके पहले तल पर स्कॉलर्स फोरम कोचिंग चलता है। यहां छात्र-छात्राएं आईआईटी और नीट की तैयारी के लिए पढ़ाई करते हैं। दूसरी और तीसरी मंजिल पर हॉस्टल हैं। दूसरी मंजिल के हॉस्टल में 14 कमरों में कुल 28 छात्राएं रह रहीं हैं। 2 जून 2024 की शाम को छात्राएं अपने कमरे में थी। शाम करीब छह बजे तीसरी मंजिल के कमरा नंबर दो की एसी में शॉर्ट सर्किट से धमाका हो गया। इसके बाद तीन मंजिला हॉस्टल में आग लग गई। सभी कमरों में धुआं फैल गया। करीब 28 छात्राओं में चीख-पुकार मच गई। एक कमरे का शीशा तोड़कर हॉस्टल कर्मियों ने छात्राओं को बाहर निकाला। जानकारी मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

24 मई 2024 को गुजरात के सूरत के तक्षशिला कॉम्प्लेक्स में चल रही एक कोचिंग में भीषण आग लगने से 23 छात्रों की मौत हो गई। आग बिल्डिंग में आने जाने के लिए बनाई गई सीढ़ियों के पास रखे ट्रांसफॉर्मर में लगी थी। जैसे ही आग लगी अंदर मौजूद छात्र उतरने के लिए नीचे पहुंचे। लेकिन आग की वजह से वह लौटकर चौथी मंजिल पर चले गए, जहां एक फाइबर का शेड था और अंदर जिम के लिए रखी गई रबर की चटाई और टायर के कारण आग ज्यादा फैली, जिससे बच्चे आग की चपेट में आ गई। घटना से हिली सरकार ने पूरे राज्य में वाणिज्यिक भवनों में चलने वाले कोचिंग सेंटरों को बंद करने का आदेश दिया।

31 मई 2024 हरियाणा के पंचकूला के सेक्टर 16 के एससीओ नंबर 195 की प्रथम मंजिल पर बिजली के मीटर बोर्ड में दोपहर लगभग 12 बजे अचानक आग लग गई। आग के कारण काफी धुआं हो गया और इससे दूसरी मंजिल पर बने हारट्रोन इंस्टीट्यूट में धुआं फैल गया। जिस समय हादसा हुआ, तो हारट्रोन इंस्टीट्यूट में लगभग 25 से 30 विद्यार्थी कंप्यूटर की ट्रेनिंग करने के लिए आए थे। धुआं फैलने के कारण विद्यार्थियों को सांस लेने में भी समस्?या होने लगी। इसके बाद स्थानीय दुकानदार ने दमकल विभाग को सूचित किया, जिसके बाद दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने लोगों की मदद से दूसरी मंजिल पर पहुंचने के लिए लकड़ी की सीढ़ी लगाई और ऊपर जाकर फंसे हुए विद्यार्थियों को बाहर निकालने के लिए प्रयास शुरू किए।

ये घटनाएं उन सरकारी दावों-वादों की पोल खोलती हैं जिनमें ये कहा जाता है कि प्रशासन व्यवसायिक और अन्य गतिविधियों का संचालन नियम कानून के दायरे में करवा रहा है। यह भी अफसोस की बात है कि ऐसे हादसों की जांच तो होती है, लेकिन उनके आधार पर क्या कार्रवाई हुई।

## खास बात

# कल्याण की सोच

राजकुमार चाहर

वर्तमान मोदी सरकार की संपूर्ण शासकीय प्रबंधकीय नीतियों को देखें और उसका सूक्ष्म अध्ययन करें तो एक तरफ किसान कल्याण की बेहतर रणनीतियां और दूसरी तरफ संपूर्ण सरकारी व्यवस्थाएं हैं। इजराइल दुनिया के छोटे देशों में से एक है, जो हरियाणा के क्षेत्रफल के बराबर बमुश्किल है और आबादी सिर्फ 90 लाख। अब भारतीय सीमांत किसानों को भारत सरकार की कृषि नीतियों के साथ आगे बढ़ना पड़ेगा। मोदी सरकार की सीमांत किसानों के लिए अति महत्वाकांक्षी योजना है। किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)। मोदी सरकार ने सूक्ष्म अध्ययन करके कि किसान आखिर आज भी गरीब क्यों है? उस की आय दोगुनी कैसे हो, 2022 तक का लक्ष्य मोदी सरकार ने रखा है। मोदी सरकार का वर्तमान भारत में कृषि और किसान की सेहत के लिए एफपीओ का संपूर्ण भारत में ठीक से क्रियान्वयन हो जाए। इस पर गंभीरतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। किसान उत्पादन संगठन के निर्माण हेतु कम से कम 300 किसानों की संख्या होनी चाहिए। इसमें सीमांत किसान, छोटी जोत के किसान लगभग 50% कि उनकी संख्या जरूर होनी चाहिए। साथ ही ढाई एकड़ से ऊपर के किसानों को भी इसमें सदस्य बनाया जा सकता है। किसान उत्पादन संगठन एफपीओ का सदस्य बनने के लिए मात्र दो हजार रुपये का व्यक्तिगत अंशदान किसान को देना होगा। इस योजना के अंतर्गत दो हजार रुपये प्रति सदस्य अधिकतम 15 लाख रुपये इक्विटी अनुदान के रूप में किसान उत्पादन संगठनों को भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। प्रत्येक एफपीओ गठन के 3 वर्षों के लिए वित्तीय संभल के रूप में कुल 18 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। इसके साथ ही प्रत्येक किसान उत्पादन संगठन को भारत सरकार दो करोड़ रुपये की राशि बैंक के द्वारा योग्य परियोजनाओं के लिए 75% तक बैंक क्रेडिट गारंटी कवर के रूप में सहायता प्रदान करती है जबकि एक करोड़ तक की बैंक योग्य परियोजनाओं के लिए 85% तक का गारंटी कवर के रूप में सहायता प्रदान करती है।

# शक्ति की आराधना

## धर्म-प्रवाह

**बीएन पाण्डेय**

शक्ति की उपासना भारतीय संस्कृति का मूल है। भारत ही नहीं, विश्व के अनेक देशों में भी देवी के रूप में शक्ति पूजन की परंपरा प्रचलित रही है। मिस्र में आइसिंस हेयर, यूनान में दीमितोर, तिब्बत में लो भी और जापान में चनेष्टि नाम से शक्ति की प्रतीक देवी की पूजा की जाती है।

मोहन जोदड़ो, हड़प्पा आदि प्राचीन सभ्यताओं के प्राप्त अवशेषों में लिंग, योनि, नंदी आदि की प्राप्ति यह सिद्ध करती है कि अत्यंत प्राचीन काल में भी शक्ति पूजा की परंपरा अस्तित्व में थी। प्राचीन काल में संपूर्ण विश्व में मातृ सत्तात्मक परिवारों की परंपरा थी, ऐसी स्थिति में सृष्टि का संचालन करने वाली अदृश्य शक्ति का स्त्री रूप में धारण किया जाना स्वाभाविक था। मातृदेवी की प्रतिष्ठा ग्रीस, यूरोप, मध्य एशिया, जापान आदि देशों में थी। बेबीलोन में नीर्थो, स्कॉटलैंड में फेईललिक शक्ति के रूप में पूजी जाती थीं। भारत में पटना और तक्षशिला आदि स्थानों पर की गई पुरातात्विक खोजों में भी इस तथ्य और मान्यता की पुष्टि होती है।

शाक्त तंत्रों में स्पष्ट उल्लेख है कि मानव जीवन समस्या एवं संकटों की सत्यकथा है। अतः सांसारिक कष्टों के दलदल में फंसे मनुष्यों को दुर्गा की उपासना करनी चाहिए। वह आद्याशक्ति एकमेव होते हुए भी अपने भक्तों को- काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्तिका, त्रिपुरभैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी एवं कमला- इन दस महाविद्याओं के रूप में वरदायिनी होती है।

**पाकुड** में बांग्लादेशी घुसपैठिया के खिलाफ आदिवासी लड़कों के आंदोलन को कुचलने में झारखंड पुलिस की आतंकी कारवाई तथा उसमें घायल 11 विद्यार्थियों के मुद्दे को लोकसभा में उठाया व राष्ट्रपति शासन लागू करने की माँग की

**– निशीकांत दूबे, सांसद**

## आपके ट्वीट

**अपने** शानदार खेल से ओलंपिक में देश के लिए पहला पदक जीतने के लिए मनु भाकर को बहुत-बहुत बधाई और जोहार।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**दिल्ली** की एक बिल्डिंग के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण प्रतियोगी छात्रों की मृत्यु बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ दिन पहले बारिश के दौरान बिजली का करंट लगने से एक छात्र की मृत्यु हुई थी।

**– राहुल गांधी**

# एक हिंदू राजा की संतान ने बसाया था आजमगढ़

**कृष्णप्रभाकर उपाध्याय**

## सामयिक

यूपी में चल रही 'आजमगढ़' नगर का नाम बदलने की चर्चा तथा इसके मुस्लिम समाज द्वारा किए जा रहे विरोध के मध्य संभवतः यह जानना रोचक व चौंकाने वाला होगा कि 1665 ईस्वी में आजमगढ़ की स्थापना करने वाला आजम खान स्वयं एक हिंदू पिता की संतान था। 'राजा एंड नवाब्स ऑफ द नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंस 1879' तथा 'द मैन्युअल ऑफ टाइटल्स फॉर द नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंस 1929' के विवरण बताते हैं कि आजम खान व इसका भाई अजमत खान, इस क्षेत्र के तत्कालीन गौतमवंशीय राजा विक्रमादित्य के उनकी मुस्लिम पत्नी से उत्पन्न पुत्र थे।

राजा विक्रमादित्य ने हिंदू धर्म के उदारता के चलते कभी भी अपनी मुस्लिम पत्नी के पांथिक विश्वासों में हस्तक्षेप नहीं किया। न ही उन्होंने उससे उत्पन्न पुत्रों के, अपनी पत्नी की भावनाओं के अनुरूप मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार नामकरण करने या पालन-पोषण करने में बाधा पहुंचाई। (यह ठीक उसी प्रकार था, जिस प्रकार बाद के वर्षों में सुप्रसिद्ध पेशवा 'बाजीराव' ने भी अपनी मुस्लिम प्रेमिका मस्तानी से उत्पन्न पुत्र की परवरिश अपने प्रेमिका की मुस्लिम भावनाओं के अनुरूप कराई थी। इसके विपरीत यह तथ्य अधिक चौंकानेवाला है कि तत्कालीन शासकों व उनके अधिकारियों द्वारा हिंदुओं को मुसलमान बनाने के बाद भी इस्लाम की कथित 'सभी मुसलमान एक हैं या उनमें जाति प्रथा आदि नहीं है', जैसी विरुदावली के विपरीत, इन्हें कभी भी अपने समकक्ष नहीं समझा)। वे इनकी अलग पहचान बनाये रखने के लिए इन्हें 'खानजादा' 'लालखानी' 'साबितखानी' जैसे नाम देते थे।आजम खान व उसका बाद का वंश भी 'खानजादा' कहलाता था।

राजा विक्रमादित्य की मृत्यु के बाद उनके भाई रूद्र सिंह राजा बने। किंतु रूद्र सिंह ने भी अपने बड़े भाई की संतान आजम खान व अजमत खान के 'ज्येष्ठ' का पुत्र होने के अधिकार को स्वीकारते हुए आजम खान को ही अपना उत्तराधिकारी बनाया। उपरोक्त पुस्तकों में आजम खान के मूल गौतम राजपूत वंश (जिसका प्रतिनिधित्व उसे समय फतेहपुर के अर्गल नामक स्थान के राजा द्वारा किया जा रहा था) के विवरणों में बताया है कि यह गौतम राजपूत भगवान बुद्ध के समय 'शाक्य' कही जानेवाली क्षत्रियों की शाखा का परिवर्तित नाम है। इस वंश का परिचय देते हुए बताया गया है कि इस वंश के सुप्रसिद्ध ऋषि 'श्रृंगी ऋषि' का विवाह तत्कालीन कन्नौज नरेश अजयपाल की पुत्री से हुआ था। अजयपाल ने अपनी पुत्री को दहेज में कन्नौज से लेकर कड़ा तक के भूभाग प्रदत्त किए थे, जहां इस वंश का शताब्दियों तक राज्य रहा। अनुश्रुतियां तो सेंगर राजपूतों की उत्पत्ति भी इन्हीं श्रृंगी ऋषि की दूसरी पत्नी से होना मानती हैं।

बारहवीं सदी में पुनः इस वंश के राजा रतनदेव का विवाह कन्नौज के तत्कालीन गाहड़वाल नरेश जयचंद की पुत्री से हुआ। राजा रतनदेव, जयचंद तथा मोहम्मद गौरी के मध्य (फिरोजाबाद जनपद के चंदवार नामक स्थान पर) हुए युद्ध में जयचंद की ओर से लड़ते हुए 1191 ईस्वी में मारे गए थे। किंतु इस वंश का इस क्षेत्र पर अधिकार अकबर के आक्रमण तक बना रहा था। शेरशाह सूरी तो इसी वंश के सहयोग से हुमायूं को परास्त कर सका था।

इसे 1662 ईस्वी में जौनपुर का फौजदार भी बनाया गया। संभवतः इसी की सिफारिश पर जहांगीर ने इसके भतीजे (अर्थात सागर सिंह के पुत्र) हरवंश को राजा का विरुद्ध भी प्रदत्त किया। ख्वाजा दौलत की मृत्यु के बाद उसकी संपदा भी हरवंश को प्राप्त हुई।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडीटर

### चीनी मंसूबे

**भारत** और चीन के बीच गतिरोध अभी भी जारी है। काफी समय हो गया है लेकिन गतिरोध समाप्त नहीं हो रहा है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद और गहरा सकता है। यदि भारत स्वयं को चीनी सीमा विवादों से सुरक्षित रखना चाहता है, तो उसे तिब्बत की स्वायत्तता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कूटनीति के तहत उठाने की जरूरत है। कठोर कदम से ही सुरक्षा संभव है।

**–जैसमीन कौर, जमशेदपुर**

### उम्मीदों का बदलाव

**मोदी** मंत्रिमंडल में किया गया फेरबदल स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि यदि कोई मंत्री अपने दायित्व का निर्वाह संतोषजनक तरीके से नहीं करता है तो उसकी छुट्टी हो सकती है। वर्तमान समय में फेरबदल राज्यों में होने वाले चुनावों को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक समीकरण को भी महत्व दिया गया है। इस बार केन्द्रीय मंत्रीमंडल में मंत्रियों की संख्या में अधिक है।

**– सतीश शर्मा, रांची**

# कोचिंग सेंटर क्यों बन रहे मौत के सौदागर?

**डॉ. रमेश ठाकुर**

## समस्या

दिल्ली के एक आईएएस कोचिंग सेंटर में पानी भरने से हुई तीन छात्रों की मौत ने शिक्षण संस्थाओं की कार्यशैली पर फिर बड़ा सवाल खड़ा किया है। सवाल ऐसा जिसका जवाब शायद वो कभी न दे पाएं। क्योंकि ऐसे सवाल हर ऐसी घटना के बादवर्षों से पूछे जा रहे हैं। देशभर के छात्र अपना भविष्य बनाने की चाह लेकर कोचिंग सेंटरों में पहुंचते हैं। भारी भरकम फीस भरते हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर सिर्फ हादसे और मौत? राजस्थान का कोटा शहर तो हादसों के लिए कुख्यात है ही, उस रास्ते पर अब दिल्ली भी चल पड़ी है। दिल्ली में सिविल सेवाओं की तैयारी का गढ़ माना जाता है। मुखर्जी नगर और राजेंद्र नगर में सालाना हजारों की संख्या में छात्र तैयारी करने जाते हैं। ज्यादातर कोचिंग सेंटर किराये के मकानों में संचालित हैं जिनमें जरूरत की सुविधाएं बिल्कुल भी नहीं होतीं।

राजधानी के ओल्ड राजेंद्र नगर में जिस कोचिंग सेंटर में हादसा हुआ है, वह भी किराये पर था। बेसमेंट में बारिश का पानी हमेशा से भरता रहता था, जिसे सेंटर वालों ने कभी गंभीरता से नहीं लिया। आस-पड़ोस और चश्मदीदों ने बताया कि सेंटर में पानी जमा होने की समस्या पुरानी है। ड्रेनेज की सही व्यवस्था नहीं है और साफ-सफाई भी नियमित रूप से नहीं होती। स्टूडेंट्स के रहने की व्यवस्था भी ठीक नहीं थी। जगह-जगह पर बिजली के तार भी गिरे रहते हैं, जिससे किसी को भी करंट लग सकता है। पिछले सप्ताह दिल्ली में अच्छी बारिश हुई जिसका पानी हादसे वाली राव कोंचिंग में इतना भर गया कि तीन होनहार बच्चे डूबकर मर गए। घटना के वक्त छात्र बेसमेंट में केबिन के भीतर पढ़ाई में मग्न थे, लेकिन उन्हें क्या पता था आज की पढ़ाई उनकी अंतिम होने वाली है। पानी के रूप में बेसमेंट में मौत प्रवेश कर चुकी है। छात्रों को नहीं पता था कि अंदर पानी भर आया है, क्योंकि बेसमेंट में रिसप्शन भी था, सेंटरकर्मी भी कई मौजूद थे, लेकिन अंदर पानी भरता देख वह छात्रों की सहायता करने के बजाय भाग खड़े हुए। घटना के वक्त राव कोचिंग का मुख्य संचालनकर्ता भी मौजूद था, वो भी भाग निकला। अगर ये लोग बच्चों को बचाने का प्रयास करते तो शायद उनकी जान बच जाती। लेकिन उन्होंने ऐसा करना मुनासिब नहीं समझा।

दिल्ली में कुकुरमुत्तों की भांति अब कोचिंग सेंटर संचालित हो चुके हैं। यूपीएससी, बैंकिंग, एनडीए, सैनिक, डिफेंस अकादमी आदि परीक्षाओं की तैयारी करने विभिन्न राज्यों से बच्चे दिल्ली पहुंचते हैं। दिल्ली में कोचिंग सेंटरों में छात्रों के हताहत होने की ये पहली घटना नहीं है, पूर्व में भी कई ऐसी घटनाएं हुईं, लेकिन पूर्ववर्ती घटनाओं से न प्रशासन ने कुछ सीखा और न ही कोचिंग संचालनकताओं ने कुछ सबक लिया। सेंटर छात्रों से मोटी फीस वसूलते हैं, यूपीएससी के छात्रों से तो मुंह मांगा? छात्र और उनके परिजन उज्ज्वल सपनों का ख्याल करते हुए सभी मांगे पूरी करते हैं। पर, कोचिंग वालों को पढ़ाई के अलावा सुरक्षा संबंधित जो सुविधाएं बच्चों को मुहैया करवानी चाहिए, वो नहीं करते। कोचिंग वालों को सिर्फ शिक्षा के नाम पर धंधा करना होता है। इनके तार पुलिस और सफेदपोशों तक होते हैं ताकि कोई अनहोनी घटना होने पर सुलझा लिया जाए। दिल्ली की घटना के बाद हादसा करने वाला कोचिंग सेंटर का मालिक भी इसी के जुगत में है। उसके संबंध विभिन्न राजनीतिक दलों से बताए गए हैं, स्थानीय पुलिस में भी उसकी अच्छी सांठगांठ है।

बहरहाल, मन को झकझोर देने वाली घटना ने पूरे देश में कोहराम मचाया हुआ है। घटना से आक्रोशित सैकड़ों छात्र घटनास्थल पर धरने पर हैं। उनका दर्द शायद कोई समझ पाए, क्योंकि उन्होंने अपने तीन साथियों को खोया है। मृतक छात्रों के परिवारों को देखकर रूह कांपने लगती है। परिजन दिल्ली पहुंचकर बिलख रहे हैं। उन्होंने अपने दिल के टुकड़ों को भविष्य बनाने के लिए दिल्ली भेजा था, लेकिन प्रभु की लीला देखो, अपने कलेजे के टुकड़ों के शव लेकर घरों को लौट रहे हैं। हताहतों में एक छात्रा यूपी के अंबेडकरनगर और दूसरी तेलंगाना की तो वहीं तीसरा छात्र केरल के एनार्कुलम का था। उत्तर प्रदेश की छात्रा श्रेया यादव के पिता दूध बेचते हैं, उनका सपना था बेटी अफसर बने।

# वेतन व मानदेय बढ़ाने की मांग को ले कर झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने मंत्री इरफान से की मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का शिष्टमंडल सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी से उनके आवास में मिलकर महासंघ की ओर से पुष्प गुच्छा देकर सम्मानित किया गया। मंत्री को महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह के नेतृत्व में झारखंड राज्य आजीविका कंप्यूटर आपरेटर संघ के उचित मांगो से संबंधित मांग पत्र सौंपा गया। राज्य में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर जो झारखंड स्टेट लावली हुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार में विगत 2014 से संविदा पर कार्यरत है। वर्तमान में इस संवर्ग को 14036 रुपया मानदेय दिया जा रहा है। विगत तीन वर्षो से इन्हे कोई वेतन,मानदेय की वृद्धि नही की गई। कोई प्रोन्नति नही दी गई, बेतहाशा महंगाई में इन्हे तुक्ष रकम मात्र 14,036 रुपये दी जा रही है। इस संवर्ग को आज तक मानव संसाधन नियमावली के लेवल 7 में नही जोड़ा गया। इन सभी बातों की लिखित जानकारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह ने मंत्री को दिया। विदित हो कि ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के कार्यालय में संविदा पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर को आज 28,000 रुपया एक मुश्त दी जा रही है। जबकि डाटा एंट्री ऑपरेटर को 26,300 रुपया मानदेय की मांग की गई है। पीएफ की कोटौती, चिकित्सा सुविधा, बीमा, आवास से 15 किमी के बीच पदस्थापन आदि की मांग की गई है। महासंघ मंत्री से इन्हे तत्काल 26,300 रुपए प्रति माह मानदेय राज्यकर्मियों की भाती सभी सुविधाएं देने की मांग की गई। मंत्री ने महासंघ को आश्वासन दिया की हमारा पुरा प्रयास रहेगा कि आप लोगों की मांग जल्द पुर्ण हो जाए इसलिए मैं आगे भी बात करूंगा। शिष्टमंडल में सुनील कुमार साह महामंत्री, गणेश प्रसाद सिंह संरक्षक, आशिर्वाद महतो, सौरभ कुमार, विनोद कुमार, संघ के मो. रिजवान, कार्यकारी अध्यक्ष, पंकज कुमार महासचिव, करण कुमार गुप्ता अध्यक्ष, मो. राशिद, मो.ठु परवेज आलम, मों जायेद आदि शामिल हुए।



मंत्री से मुलाकात करते महासंघ के लोग।

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने की जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक, दिये कई दिशा निर्देश

लातेहार। उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पदस्थापन आदि विषयों पर बिंदुवार विचार-विमर्श कर उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा अन्य जिला से योगदान किये गए शिक्षकों के पदस्थापन की जानकारी दी गई। इस संबंध में उपायुक्त ने प्राप्त सूची पर चर्चा करते हुए अन्य जिला से योगदान किये गए शिक्षकों को विद्यालय आवंटित कर पदस्थापन करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने लातेहार जिला के वैसे शिक्षक जिन्होने अन्य जिला हेतु आवेदन किया है उनके आवेदन को शिक्षक स्थानांतरण पोर्टल (समिति के लॉगिन से) अग्रसारित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जिला महासचिव बने दिलीप यादव



बधाई देते लोग।

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के पिंडारकोम ग्राम निवासी दिलीप यादव को राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा का जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय जनता दल के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक यादव के द्वारा जिला महासचिव के रूप में दिलीप यादव को मनोनीत किया गया एवं आशा व्यक्त करते हुए उनसे कहा है कि जिला महासचिव बनने के बाद आप संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए कमिटी के विस्तार एवं अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने में अपनी भूमिका निभाएंगे। वहीं राजद के युवा मोर्चा जिला महासचिव बनने पर बालूमाथ राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव, पंकज सिन्हा, मनोज यादव, श्याम सुंदर यादव समेत कई लोगों ने बधाई दिया है।

### वन कर्मियों के बीच साईकिल का हुआ वितरण

गारू। ब्याघ्र परियोजना के अंतर्गत गारू पूर्वी वन कार्यालय परिसर में सोमवार को विश्व बाघ दिवस के अवसर पर ट्रेकर एवं टीपीएफ वन कर्मियों के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में रेंजर उमेश कुमार दुबे ने वन कर्मियों को संबोधित करते हुए अपने कार्य को निष्ठा और ईमानदारी से करने का आग्रह किया। उन्होंने नियमित रूप से जंगल का भ्रमण कर वन्यजीवों और जंगल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की। कार्यक्रम के दौरान गारू पूर्वी, गारू पश्चिमी, और बारेसाढ़ के 150 ट्रेकर एवं टीपीएफ कर्मियों को साइकिल वितरित की गई। बारेसाढ़ वन क्षेत्र, जहां घने जंगल और कठिन इलाके हैं, जैसे कि बुढा पहाड़ और तिसिया के जंगल, वहां वन कर्मी अब आसानी से साइकिल के माध्यम से क्षेत्र भ्रमण कर सकेंगे और जंगल की रक्षा कर सकेंगे। साइकिल मिलने से ट्रेकर एवं टीपीएफ कर्मियों में काफी उत्साह देखा गया। इस मौके पर वनपाल परमजीत तिवारी, रंजय कुमार, विवेक विशाल, वनरक्षी चन्दन पाण्डेय, शीशांत, विशाल कुमार सिंह, भरत मिश्रा, विपिन कुमार समेत काफी संख्या में वन कर्मी उपस्थित थे।

### पीटीआर में मनाया गया विश्व व्याघ्र दिवस

बरवाडीह। विश्व व्याघ्र दिवस के अवसर पर सोमवार को छिपादोहर पश्चिमी वन क्षेत्र के बरवाडीह रेंज ऑफिस से स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। बच्चों के द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी की शुरूआत रेंजर अजय टोप्पो के द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। जिसके बाद वन विभाग के वनपाल और अन्य कर्मियों के साथ मिलकर स्कूली बच्चों ने नगर भ्रमण करते हुए बाघों के संरक्षण में सहयोग करने और वन क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर भी नारे लगाते हुए पहड़तल्ली और रेलवे कॉलोनी आदि जगहों का भर्मण कर प्रभात फेरी को रेंज ऑफिस में लाकर सम्पन्न किया। गया। प्रभात फेरी संपन्न होने के बाद स्कूली बच्चों की बीच कई प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हुए उन्हें बाघों के संरक्षण को लेकर लघु फिल्म दिखाई गई। इस दौरान वनपाल रजनीश कुमार सिंह, शशि भूषण सिंह, समीर कश्यप, अविनाश एक्का, श्रवण कुमार गुप्ता, मुकेश यादव समेत अन्य वन कर्मी मौजूद थे।

### विश्व बाघ दिवस आयोजित, कार्यक्रम के दौरान बोलें रेंजर बाघ हमारा देश की शान

गारू। मेदिनीनगर दक्षिणी वन प्रमंडल के गारू पूर्वी, पश्चिमी बारेसाढ़ तीनों रेंज में विश्व बाघ दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व गारू पूर्वी वन क्षेत्र के रेंजर उमेश कुमार दुबे ने किया। रैली में स्कूली बच्चों के साथ-साथ गांव के ग्रामीण भी भाग लिए। बच्चों ने रैली में बाघ बचाव, जीवन को बचाव, बाघ हमारा देश की शान है, उसे बचाना जरुरी है, और बाघ है तो जंगल है, जंगल है तो जीवन है, उसे बचाना हमारा कर्तव्य है। जैसे नारे लगाए। रैली गारू पूर्वी रेंज कार्यालय से बाजार होते हुए देवीमंडप के बाद पुन: पूर्वी रेंज कार्यालय पर समाप्त हुई। इस दौरान रेंजर उमेश कुमार दुबे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व बाघ दिवस के अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि जंगल से एक भी वृक्ष की कटाई नहीं करेंगे और जंगली जानवरों का संरक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि जानवर हैं तो जंगल है और जंगल है तो हम सभी जीवित हैं बारेसाढ़ वन क्षेत्र में भी वनपाल प्रमजीत तिवारी के नेतृत्व में रैली निकाली गई और उनके द्वारा वृक्षों का रक्षाबंधन कर जंगल बचाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर प्रभारी वनपाल रंजय कुमार, विवेक विशाल, वनरक्षी रोहित कुमार, बिपीन कुमार, चन्दन कुमार,अरुण कुमार सिंह समेत काफी संख्या में वन कर्मी शामिल थे।

## दूसरी सोमवारी पर मंदिरों व शिवालयों में उमड़ी भीड़

- महावीर मंडल अलौदिया की अगुवाई में सैकड़ो शिवभक्तों ने भुषाढ़ नदी से जल उठाकर नगर मंदिर में किया अर्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। पवित्र श्रावण माह के दूसरी सोमवार पर चंदवा में शिव भक्त भगवान भोलेनाथ के भक्ति में लीन देखे गए। अहले सुबह से ही चंदवा के गुलायची बाबा मंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, शिव मंदिर आन, शिव मंदिर थाना टोली, ब्लॉक कालोनी, हिसरी समेत प्रखण्ड के विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली व देर शाम तक मंदिरों व शिवालयों में शिव भक्तों की भिंड लगी रही। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने देनवद दामोदर तट से जल भरकर प्रखण्ड के विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में जलाभिषेक किया। इस दौरान हर हर महादेव व बोल बम के नारे से मंदिर व शिवालय गुंजायमान रहे। इधर श्रावण माह के दूसरी सोमवार के मौके पर महावीर मंदिर समिति शुक्र बाजार अलौदिया की अगुवाई में गाजे बाजे के साथ सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त भुषाढ़ नदी से जल उठाया व पद यात्रा करते हुए मां उग्रतारा नगर मंदिर प्रांगण स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया, इसके उपरांत शिवभक्त पदयात्रा करते हुए अलौदिया के गुलायची बाबा मंदिर पहुंचे यहां भी जलाभिषेक किया। वहीं महाकालेश्वर मंदिर के द्वारा कावड़ यात्रा निकाली गई, कावड़ यात्रा की शुरूआत मंदिर प्रांगण से हुई जो नगर भ्रमण करते देवनद तट पहुंची, जहां जल उठाने के उपरांत महाकालेश्वर शिवभक्त मंदिर पहुंचे झाम जलाभिषेक किया। इधर देर शाम कई मंदिर शिवालय में भजन कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।



जल भरकर शिवालय जाते शिव भक्त।

## बालूमाथ में संघ द्वारा श्री गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

बालूमाथ। प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर दुर्गा मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा श्री गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अरविंद भगत ने की जबकि संचालन संघ के जिला सह कार्यवाह सत्येंद्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत परम पवित्र भगवा ध्वज को गुरु मान एवं भारत माता के चित्र में पुष्पांजलि करते हुए किया गया। इसके पश्चात उपस्थित स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज को गुरु मानते हुए अपना-अपना गुरु दक्षिणा समर्पण किया। वही श्री गुरु दक्षिणा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पलामू जिला लातेहार जिला संघ चालक अनिल ठाकुर ने अपने बौद्धिक संबोधन में कहा कि संघ की स्थापना सन 1925 में हुई थी। इसका उद्देश्य देश की एकता के साथ-साथ सनातन संस्कृति को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि आज संघ की 100 वर्ष पूरी होने वाली है। उन्होंने श्री गुरु दक्षिणा के प्रति प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी संस्कृति हिंदू सनातन धर्म मे गुरु का स्थान सर्वोपरि है बिना गुरु का जीवन अंधकारमय है। एक मात्र गुरु कृपा से ही मनुष्य का जीवन सार्थक हो सकता है। जिसे लेकर भगवा ध्वज को गुरु मानकर अपना गुरु दक्षिणा अर्पित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक जितेंद्र कुमार ने कई देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। जबकि पलामू विभाग के संघ चालक ने भी अपने विचार रखते हुए सनातन धर्म में गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला मौके पर संघ के पर्यावरण प्रमुख धर्मेंद्र जायसवाल, निर्मल कुमार, प्रमोद साहू, कान्हा कुमार, पवन कुमार, लाल देव गंजू, अखिलेश भोक्ता, अरविंद कुमार, अशोक कुमार साहू, शंभु प्रसाद सिंह, राजकुमार भगत, विनोद साहू, विजय कुमार, शशि भूषण प्रसाद, अजीत कुमार ओझा, जग नारायण पाठक, उज्जवल शुक्ला, संजय कुशवाहा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सरयू प्लस टू उच्च विद्यालय में मनाया गया अंतरर्राष्ट्रीय बाघ दिवस



बच्चों को पुरस्कृत करते वनरक्षी साकेत पांडेय।

खबर मन्त्र संवाददाता

सरयू। नवनिर्मित सरयू प्रखंड के सरयू प्लस टू उच्च विद्यालय में गारू पूर्वी वन क्षेत्र के रेंजर उमेश कुमार दुबे के नेतृत्व में विश्व बाघ दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए वनरक्षी साकेत पांडेय ने बताया गया कि बाघ है तो जंगल है जंगल है तो जीवन है, और बाघ हमारा देश की शान है, उसे बचाना हमारा कर्तव्य है। वही सरयू प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विश्व बाघ दिवस के अवसर पर वन प्राणियों का चित्रकला किया। वही बेहतर चित्रकला कर रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वनपाल राजेश कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व बाघ दिवस के अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि जंगल से एक भी वृक्ष की कटाई नहीं करेंगे और जंगली जानवरों का संरक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि जानवर हैं तो जंगल है और जंगल है तो हम सभी जीवित हैं। वहीं सरयू वन क्षेत्र के वनपाल राजेश कुमार ने वृक्षों का रक्षाबंधन कर जंगल बचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रभारी वनपाल राजेश कुमार, वनरक्षी साकेत पांडेय, विरंजन कुमार जितेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य अनीश कुमार सिंह, अशरफ अली, व ट्रेकर गार्ड कुलदीप सिंह, सान्याल उरांव, सुरेन्द्र कुमार, जदूवर सिंह, लक्ष्मण उरांव, समेत स्कूल के शिक्षक एवं सैकड़ों छात्र-छात्राओं उपस्थिति थे।

## एक नजर में

### मनिका प्रखंड के रूपेश कुमार यादव दोबारा बने राजद के युवा प्रखंड अध्यक्ष



नियुक्ति पत्र लेते रूपेश यादव।

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय के बंदुआ पंचायत निवासी रूपेश कुमार यादव को पार्टी के प्रति अच्छे कार्य को देखते हुए लातेहार जिला अध्यक्ष दीपक यादव के नेतृत्व में युवा राजद के द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह कार्यक्रम के तहत रूपेश कुमार यादव को दूसरी बार युवा राजद मनिका प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत कर नियुक्ति पत्र दिया गया। वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव,जिला प्रभारी क्षितिज मिश्रा,प्रदेश सचिव कमलेश यादव,प्रदेश सचिव रवि जायसवाल,समेत कई अन्य मौजूद रहे। मौके पर रूपेश कुमार यादव ने मंच पर उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के द्वारा दूसरी बार फिर से मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उस विश्वास के साथ बखूबी कार्य करने का प्रयास करुंगा,पार्टी को मजबूत बनाने के साथ-साथ पार्टी हित के लिए कार्यकताओं को संगठित करने के लिए हर संभव प्रयासरत रहूंगा। मौके पर गिरजानंदन सिंह,सुरेश राम,रघुपाल सिंह,श्याम सुंदर यादव,मनोज यादव,समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना को लेकर बीडीओ ने की प्रेस वार्ता

चंदवा। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना (मुख्यमंत्री बहन बेटी मई-कुई स्वालंबन प्रोत्साहन योजना) की शुरूआत को लेकर सोमवार को बीडीओ चंदन प्रसाद ने प्रेस वार्ता किया। वार्ता के दौरान बीडीओ श्री प्रसाद ने योजना से संबंधित पूरी जानकारी सांझा की। बताया कि उक्त योजनांतर्गत राज्य के 21 से 50 वर्ष आयुवर्ग की महिलाओं को प्रत्येक माह डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक माह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता खाते में भेजी जाएगी। जिसको लेकर आवेदन भरने की प्रक्रिया 3 अगस्त से 10 अगस्त तक चलेगी व सभी पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे और वीएलई के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भर फॉर्म भरें जाएंगे। योजना के लाभ के लिए लाभुकों को शिविर में स्वयं उपस्थित होना होगा ताकि लाइव फोटो व आधार ऑथराइजेशन की जा सके। आवेदक को आवेदन करते समय घोषणा पत्र के साथ आवेदन की मूल प्रति, आधार से लिंक सिंगल बैंक पासबुक, मतदाता पहचान पत्र व आधार कार्ड की छाया प्रति, राशन कार्ड का प्रति व मोबाइल नम्बर अनिवार्य है। लाभुक का राशन कार्ड में नाम होना अनिवार्य है। प्रेस वार्ता के मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष का बिससूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी भी मौजूद थे।

### विश्वनाथ की पद यात्रा पर रवाना हुए महेंद्र यादव



पद यात्रा पर रवाना होते महेंद्र यादव।

चंदवा। प्रखंड के सासंग पंचायत अंतर्गत ब्राह्मणी ग्राम निवासी महेंद्र यादव ने श्रावण माह के दूसरी सोमवारी के दिन चंदवा से काशी विश्वनाथ की धार्मिक यात्रा पर पदयात्रा पर रवाना हुए। इस मौके पर स्थानीय महावीर मंदिर सासंग में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जहां समाज के लोगो ने उन्हें अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया व सुखद यात्रा की कामना करते हुए हौसला बढ़ाया। इस मौके पर समाजसेवी लाल रंजन नाथ शाहदेव ने कहा कि चंदवा लगभग 350 किमी काशी विश्वनाथ की पद यात्रा करने का निश्चय करना अपने आप मे बहुत बड़ी बात है। चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने कहा कि महेंद्र यादव का यात्रा एक मिसाल है इनके साहस व धैर्य की प्रशंसा की जानी चाहिए। वहीं यात्रा पर रवाना हो रहे महेंद्र यादव ने कहा का की धार्मिक पद यात्रा के दौरान वे काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा भोलेनाथ की आराधना कर क्षेत्र की उन्नति व शांति का आशीर्वाद मांगेंगे। इस मौके पर दिलीप सिंह, अवधेश सिंह, नीरज

### शिक्षक अपने पांच सूत्री मांग को लेकर शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम का 31 जुलाई को करेंगे आवास का घेराव

## मांगे पूरी नहीं हुई तो 21 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चित घेराव किया जायेगा: अरविंद कुमार सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले गांधी इंटर महाविद्यालय लातेहार में सोमवार को लातेहार जिला अंतर्गत इंटर कॉलेज, उच्च विद्यालय, संस्कृत एवं मदरसा विद्यालय के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक, शिक्षक प्रतिनिधियों, शिक्षक, शिक्षकोत्तर, कर्मचारियों तथा मोर्चा के पदाधिकारी की बैठक गांधी इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य दशरथ साहू की अध्यक्षता में की गई। मोर्चा के द्वारा घोषित कार्यक्रम 31 जुलाई को झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम की रांची आवास को घेरने के कार्यक्रम को सफल बनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। 31 जुलाई को लातेहार जिला से सैकड़ो की संख्या में शिक्षक कर्मचारी रांची जाएंगे। उसे दिन राजभर के सभी वित्त रहित संस्थाएं बंद रहेंगे।



बैठक करते शिक्षक।

**झारखंड राज्य वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा की लंबित मांग**

वित्त रहित 1250 स्कूल एवं इंटर कॉलेज के शिक्षक कर्मचारियों को राज्य कर्मी का दर्जा दिया जाए। अनुदान की राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 से महंगाई को देखते हुए कमेटी के अनुशंसा के आलोक में हुए 75% अनुदान वृद्धि को तत्काल मंत्री परिषद में भेजी जाए। इंटर कॉलेज में गत वर्ष की भांति पूर्व निर्धारित सीट पर नामांकन लेने की अनुमति दी जाए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान की स्वीकृति राशि जो 27 प्रतिशत निर्गत नहीं हुआ है उसे यथाशीघ्र निर्गत किया जाए। अनुदान की राशि सीधे शिक्षक कर्मचारियों के खाते में भेजी जाए। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष मंडल सदस्य अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि 31 जुलाई को शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो 21 अगस्त को मुख्यमंत्री का आवास का अनिश्चित घेराव किया जाएगा। बैठक में कुलदीप लकड़ा, मोहम्मद नाजिश खान, गौतम दुबे, सुनील सिंह, मोहम्मद इरशाद अहमद, राम रंजन शर्मा, खुर्शीद आलम, पूनम कुमारी, संजय कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने की शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री बैद्यनाथ राम से रांची ध्रुवा सेक्टर 3 स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया। प्रतिनिधि मंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, राज्य कार्य समिति सदस्य तथा अखिल भारतीय शैक्षिक संघ के कौनसीलर विजय कुमार पासवान एवं पलामू जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हरिद्वार महतो शामिल थे। वार्ता के दौरान शिक्षा मंत्री को मुख्यतः चार बिंदुओं पर व्यापक रूप से बताया गया और समस्त कागजात एवं सरकार के सभी आदेश को रखकर बताया गया। मुख्य मांगो में एमएसीपी, ग्रेड 4 में प्रोन्नति, प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति एवं विद्यालयों के समय सारणी और कार्य प्रणाली पर विचार किया गया। इसके अलावे भी संघ ने कई मुद्दों व बिंदुओं पर मंत्री के समक्ष रखा व पहल की मांग की। संघ के लोगो मे बताया कि मांगो को सुनने के बाद शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम ने भरोसा दिया है कि शिक्षकों के साथ नाइंसाफी नही होने दी जाएगी। स्वयं एक-दो दिनों में आपके द्वारा दिए गए सभी कागजात को ध्यान से अध्ययन करूंगा और विभागीय पदाधिकारी को बुलाकर उनसे वार्ता करके जल्द से जल्द सभी कार्यों को संपन्न करने का प्रयास करूंगा।

उन्होंने यह भी वादा किया की कुछ ऐसे बिंदु हैं जिस पर मैं पुनः आपको बुलाऊंगा और समझने का प्रयास करूंगा।



मंत्री से मुलाकात करते शिक्षक संघ।

# मानवता एवं अनुशासन की मिसाल थे जेआरडी टाटा : सीईओ

## एमपीएल में धूमधाम से मनायी गई जयंती, अधिकारियों ने दी पुष्पांजलि

खबर मन्त्र सवाददाता

**मैथन।** एमपीएल में सोमवार को जेआरडी टाटा की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण के बाद सीईओ विजयंत रंजन ने पद्म विभूषण एवं भारत रत्न से सम्मानित जेआरडी टाटा के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए मानवता, सदाचार एवं कर्तव्यनिष्ठा पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि देश हित में टाटा के सर्वांगीण योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनका हर एक काम उत्कृष्ट और अनुकरणीय है। टाटा के नेतृत्व ने नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया। उनकी जयंती पर हम सब का कर्तव्य है कि खुद की भावना को प्रज्ज्वलित कर उनकी विरासत का सम्मान करें और आगे बढ़ाएं। सीईओ श्री रंजन ने कहा कि हम



सभी को नाज है कि एमपीएल टाटा परिवार का हिस्सा है। टाटा की जयंती एक बेहतर मौका है सुधार और नवाचार की दिशा में कृत संकल्प होने तथा सतत प्रयत्नशील रहते हुए इसे और ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए। उम्मीद है कि टीम एमपीएल इनोवेशन को अपने कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाते हुए कंपनी को ऊंचाइयों तक ले जाएगी। उन्होंने कहा कि देश और दुनिया टाटा ग्रुप की गरिमा और पारदर्शिता पर नाज करता है। टाटा की कई कल्याणकारी योजनाओं को भारत सरकार ने अपनाया। भारत में पायलट लाइसेंस पाने वाले जेआरडी टाटा पहले व्यक्ति थे।

सीएमओ सुधाकर टंडन, सीएमओ सर्विसेज डीके गंगवाल, सीएफओ काजल कुमार सिंह ने कहा कि टाटा को ऊंचाइयों पर पहुंचाने में जेआरडी टाटा की भूमिका अहम है। हेड एचआर सुप्रतिक मुखर्जी ने कहा जेआरडी टाटा ने देश की पहली वाणिज्यिक विमान सेवा टाटा एयरलाइंस शुरू की, जो आगे चलकर एयर इंडिया बन गयी। इस योगदान के लिए उन्हें नागरिक उड्डयन का पिता भी कहा जाता है।

मंच संचालन नैतिक अधिकारी एवं प्रमुख विद्युत अभियंता संजय कुमार ने किया। उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नैतिकता पर बल दिया। मौके पर एमपीएल अधिकारी पीके बंधु, प्रवीण बी राउत, संदीप खेडवाल, दुर्गेश शर्मा, रुपेश श्रीवास्तव, श्रीनिवासा तिलारी, सुनील कुमार सिंह, शेखर मिश्रा, शंभू कुमार, हेमलता,अजय कुमार सहित भारी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

## टाटा स्टील के झरिया डिवीजन ने मनाई जेआरडी टाटा की 120वीं जयंती

**जोड़ापोखर।** झरिया डिवीजन में भारत रत्न जेआरडी टाटा की 120वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार गुप्ता, चीफ जामाडोबा ग्रुप, झरिया डिवीजन टाटा स्टील, और राजेश चिंतक, चीफ एचआरबीपी-आरएम टाटा स्टील ने जीएम कार्यालय में जेआरडी टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान संतोष महतो, क्षेत्रीय सचिव, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ, पंकज कुमार दास, हेड एचआरबीपी झरिया डिवीजन, श्वेता मिश्रा, हेड एडमिनिस्ट्रेशन, कौशिक गायेन, हेड प्लानिंग, मनोज कुमार, हेड भेलाटांड कोलियरी, प्रसनजीत समंता, हेड भेलाटांड कोल प्रिपरेशन प्लांट, अधिकारीगण, यूनियन के प्रतिनिधि और डिवीजन के कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर, टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा कई गतिविधियां आयोजित की गईं। दिन की शुरूआत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए क्रॉस-कंट्री रेस से हुई। यह रेस नरेंद्र कुमार गुप्ता और संतोष महतो द्वारा जीएम ऑफिस में झंडी दिखाकर शुरू की गई। इस इवेंट में 222 बच्चों (लड़कियां - 70 और लड़के - 152) ने ड्डाग लिया। नरेंद्र कुमार गुप्ता, संतोष महतो और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में शीर्ष तेरह विजेताओं को पुरस्कार दिये।

लेप्रोसी मरीजों के लिए स्पर्श सेंटर, जमाडोबा में एक विशेष सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 35 से अधिक लेप्रोसी मरीज उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### गिरिडीह में रेंजर ने किया ढिबरा लोड वाहन जब्त

**गिरिडीह।** तिसरी वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी ने ढिबरा लोड पिकअप बोलेरो को मेन रोड में जब्त किया। बोलेरो में करीब डेढ़ लाख का ढिबरा लोड है। वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी का दावा है कि ढिबरा लोड बोलरो को तिसरी थाना क्षेत्र के पंचरुखी गांव के आदिवासी टोला से जब्त किया गया है. तिसरी बीडीओ कि रेंजर अनिल कुमार ने ढिबरा लोड बोलरो को गिरिडीह-तिसरी मेन रोड में जब्त किए जाने की सूचना उन्हें भी मिली थी। गुप्त सूचना मिली थी कि एक पिकअप बोलेरों में डेढ़ लाख का अवैध ढिबरा डोमचांच के किसी माइका फैक्ट्री में पहुंचाया जा रहा है और मेन रोड में छापेमारी कर गाड़ी को दबोचा गया।

## मैथन कल्याण गुरुकुल में प्रशिक्षित 21 छात्रों को दी विदाई



खबर मन्त्र सवाददाता

**कुमारधुबी।** झारखंड सरकार प्रज्ञा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल मैथन में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लीड सेवक रवि और एरिया ऑपरेशन इंचार्ज हरे मौजूद थे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर इक्कीस छात्रों की टोली को विदाई दी। समारोह में कल्याण गुरुकुल से प्रशिक्षित इक्कीस छात्रों को बेंगलुरु की फोटेशिया नामक कंपनी में नियोजन मिला है। परिजन भी भारी संख्या में विदाई देने कल्याण गुरुकुल पहुंचे। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य मुकेश कुमार ने बताया कि अब तक लगभग आठ सौ छात्रों को प्रशिक्षण देकर नियोजित कर चुके हैं। आगे भी प्रयास रहेगा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में बच्चों को प्रशिक्षित देकर नियोजित कर सकें। सभी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कल्याण गुरुकुल मैथन में 1 अगस्त से एडमिशन प्रक्रिया जारी हो जाएगी। इच्छुक छात्र एडमिशन करा सकते हैं।

### स्टेट बैंक फाउंडेशन ने कन्या विद्यालय को किया सहयोग



**कतरास।** स्टेट बैंक फाउंडेशन एवं ऐडेंट संस्था ने राजेंद्र कन्या मध्य विद्यालय कतरास के शौचालय के सौंदर्यीकरण सहित खेल सामग्री एवं पुस्तकालय के लिए पुस्तक आदि से सहायता की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्टेट बैंक फाउंडेशन एवं ऐडेंट संस्था के नीतिश कुमार एवं वीरेंद्र सिंह, प्रवीण सिन्हा, मणिकांत सहाय आदि मौजूद थे।

## सिंदरी लायंस क्लब के शिविर में स्कूली बच्चों सहित 31 लोगों ने किया रक्तदान

खबर मन्त्र सवाददाता

**सिंदरी ।** सिंदरी में रक्तवीरों को प्रोत्साहन के साथ डिनोबली स्कूल सिंदरी में लायंस क्लब सिंदरी द्वारा सोमवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में स्कूली बच्चों के अभिभावकों, शिक्षक सहित लायंस क्लब सदस्यों ने 31 यूनिट रक्तदान किया।

लायंस क्लब सिंदरी के कल्ब एडमिनिस्ट्रेटर लायन प्रशांत पांडेय ने बताया कि शिविर में रक्तवीरों को प्रोत्साहित करते हुए उनके बच्चों को रक्तवीर सहयोगी मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अनोखी पहल से अभिभावकों और बच्चों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। साथ ही रक्तदाताओं को रक्तवीर प्रमाणपत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। स्कूल




के कक्षा 9 और 10 के बच्चों के बीच रक्तदान महादान अभियान के तहत लायन विकास राय ने जानकारी साझा की। शिविर में एशियन जालान अस्पताल की टीम ने रक्त संग्रह किया। शिविर में स्कूल प्राचार्य प्रिता सोजेन, उप प्राचार्य बी क्रिश्नो, अनूप पाण्डेय, रवि शंकर, लायन ओंकार सिंह, लायन प्रेम सिंह टग्गर, लायन डॉ शर्मिष्ठा आचार्या, लायन डा नितू, लायन हरविंदर सिंह, लायन मनोज तिवारी, लायन विनिता तिवारी, लायन सुमन पाण्डेय,प्रियांशू पाण्डेय, दिव्याश पाण्डेय,लायन मनोज कुमार, लायन दिलिप रिटोलिया, लायन अजय मंडल, लायन उदय प्रकाश सहाय, लायन अखिलेश सिंह, लायन हिना, एशियन जालान ब्लड बैंक के डॉ एन के सिंह, प्रदीप मरांडी, मंजीत पासवान, मुन्ना कुमार, सोनु राम, रजनी बास्की, धीरज रवानी मौजूद थे।

### एक नजर में

### कतरास के डॉ पाड़ा दुर्गा मंदिर में हुआ पौधरोपण



**कतरास।** सावन के दूसरे सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ता राजेश स्वर्णकार ने आज अपने सहयोगियों के साथ डॉक्टर पाड़ा दुर्गा मंदिर कतरास में पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सावन के महीने में वृक्षारोपण से वृक्ष तेजी के साथ बढ़ते हैं। उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पौधा लगाने का संदेश दियाा। इस अवसर पर श्री स्वर्णकार की धर्म पत्नी संध्या स्वर्णकार, ड्डाजपा कतरास मंडल के महामंत्री सूर्यदेव मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, संतोष प्रमाणिक, मंदिर के संरक्षक सतीनाथ नियोगी, बाउरी आदि मौजूद थे।

### बीटेक नये सत्र में नामांकन का अंतिम दिन आज



**सिंदरी ।** बीआईटी सिंदरी में बीटेक पाठ्यक्रम के नये सत्र 2024-28 में नामांकन का अंतिम दिन मंगलवार को होगा। सोमवार को 116 विद्यार्थियों ने नामांकन दाखिल कराया। नये सत्र में अबतक 721 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है। संस्थान निदेशक डॉ पंकज राय ने बताया कि मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग में 49, नये पाठ्यक्रम साइबर सिक्योरिटी इंजीनियरिंग में 37 व अन्य शाखाओं सहित 116 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया।

### शहीद शक्ति नाथ महतो जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय, बैठक में लिया गया फैंसला



**कतरास।** सिजुआ तेतुलमुड़ी बस्ती के शक्ति क्लब परिसर में सोमवार को शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति की बैठक सुरेश महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जितेंद्र नाथ महतो ने किया।

बैठक में 2 अगस्त कोा शहीद शक्ति नाथ महतो जयंती समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ड्डाग लेंगे। बैठक में आजसू जिला अध्यक्ष मंटू महतो, सुखदेव विद्रोही, अनुज सिन्हा (पालटू), महादेव महतो, शिव शंकर शर्मा, महेंद्र प्रसाद, रमेश महतो आदि मौजूद थे।

### पंडित ईश्वर चंद्र विद्यासागर को 134 वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**धनबाद।** ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा सोमवार को नंदन कानन,करमाटांड़, जामताड़ा में महान समाज सुधारक, शिक्षाविद पंडित ईश्वर चंद्र विद्यासागर की 134 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ काशी नाथ चटर्जी, ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के उप समिति वैज्ञानिक चेतना के राज्य अध्यक्ष प्रो डॉ दीपक कुमार सेन,राज्य सचिव ड्डोला नाथ राम, ज्ञान विज्ञान समिति धनबाद से विकास कुमार ठाकुर,रजनी कांत मिश्रा,सुबल दास साथी मौजूद थे। श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए डॉ काशी नाथ चटर्जी ने पंडित ईश्वर चंद्र विद्यासागर जन्म दिवस व पुण्यतिथि पर हम सड्डी जन जागरुकता पर कार्य करते आ रहे हैं।

# विभागीय पदाधिकारियों को ट्रेजरी सॉफ्टवेयर की दी गई जानकारी

खबर मन्त्र सावददाता

**धनबाद।** ट्रेजरी बिलिंग सिस्टम में लागू किए होने वाली नई प्रणाली झारखंड एसएनए स्पर्श (सिंगल नोडल एजेंसी) को लेकर शनिवार को जिला कोषागार पदाधिकारी सह मास्टर ट्रेनर पंकज कुमार ने सभी विभाग के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि केंद्र सरकार की योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए राज्यभर में ट्रेजरी सॉफ्टवेयर में परिवर्तन किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

पहले केंद्र की योजनाओं का पब्लिक फाइनेंसियल मैनेजमेंट सिस्टम पी.एम.एफ.एस.) से फंड मैनेजमेंट किया जाता था। राज्य सरकार द्वारा इंटीग्रेटेड



फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (आई.एफ.एम.एस.) से फंड का अलॉटमेंट और बजट कोषागार द्वारा किया जाता था। इसके बाद ई -कुबेर से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा भुगतान किया जाता था। लेकिन अब पी.एम.एफ.एस., आई.एफ.एम.एस. और ई - कुबेर के स्थान पर झारखंड एसएनए. स्पर्श लागू किया जाएगा। ट्रेजरी बिलिंग की नई प्रणाली से केंद्र एवं राज्य सरकार दोनों का नियंत्रण रहेगा और डाटा का आसानी से सत्यापन किया जा सकेगा।

प्रशिक्षण में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कोषागार के आकाश कुमार, सतेन्द्र कुमार के अलावा आपूर्ति, भवन, मत्स्य सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## बाल विवाह की रोकथाम के लिए किशोरी मंडल का गठन

खबर मन्त्र सावददाता

**कतरास।** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा सोमवार को एक्सेस टू जस्टिस के तहत कोलमुरना शिव मंदिर प्रांगण में बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण और बाल तस्करी पर रोकथाम के लिए किशोरी मंडल का गठन किया गया। मौके पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के फील्ड को-ऑर्डिनेटर दीपा रवानी ने कहा कि किशोरी मंडल के गठन का उद्देश्य बाल विवाह एवं बाल शोषण पर रोक लगाना है। मौके पर उन्होंने जानकारी दी की बाल विवाह या किसी भी प्रकार का बच्चों पर शोषण होने पर 1098 या 112 पर कॉल कर सूचना दी जा सकती है। मौके पर रीता देवी, यशोदा देवी, पायल, राखी, प्रमिला, सोनी ,सूमन, लवली, सोनिया रेखा आदि मौजूद थे।



# लायंस क्लब आफ गोविंदपुर का चार्टर नाइट सह इंस्टॉलेशन प्रोग्राम संपन्न

खबर मन्त्र सावददाता

**गोविंदपुर।** लायंस क्लब आफ गोविंदपुर का होटल मधुबन में 47वां चार्टर नाइट कम इंस्टॉलेशन प्रोग्राम संपन्न हुआ। इस चार्टर नाइट में मुख्य अतिथि एमजेएफ लायन सीमा बाजपेई डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2024-25, इंस्टालिंग ऑफिसर एमजेएफ राहुल वर्मा सेकंड सेंचुरी अंबेसडर पीडीजी ,की नोट स्पीकर पीएमजेएफ लायन माधव लखोटिया पीडीजी सेकंड सेंचुरी अंबेसडर, इनडक्शन आफिसर एमजेएफ लायन संजय कुमार फर्स्ट वाइस




डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मौजूद थे।

कार्यक्रम में लगभग 142 लोगों की उपस्थिति रही। आज का कार्यक्रम काफी आकर्षक रोचक और संतुलित रहा। सीमा बाजपेई मैडम नेपावर ऑफ बी पर चर्चा की। एक जूट होकर सेवा कार्य करने का मंत्र दिया। नई टीम के रूप में लायन संदीप विश्वकर्मा को अध्यक्ष पद का एवं उनकी पूरी टीम को शपथ ग्रहण कराया गया।

आउटगोइंग प्रेसिडेंट डॉक्टर आरके शर्मा को इंटरनेशनल प्रेसिडेंट का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

आउटगोइंग इनकमिंग दोनों प्रेसिडेंट के पति पत्नी को जयमाला पहना कर शपथ दिलाई गई। एमजेएफ लायन संजय कुमार ने नए सदस्य के रूप में एक नए मेंबर लायन को शपथ ग्रहण कराया।

पूरे कार्यक्रम में आउटगोइंग प्रेसिडेंट लायन डॉक्टर आरके शर्मा के रिकॉर्ड तोड़ ऐतिहासिक सामाजिक सेवा कार्य की चर्चा होती रही।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### जुगसलाई जाने वाले रास्ते पर जल जमाव

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पार्वती घाट बस्ती से जूगसलाई एवं बिष्टुपूर के ओर अवगमन रास्ता में पानी का भयंकर जमाव हो गया है। लोगों का अवागमन मुश्किल हो गया है। जुगसलाई विधान सभा संघर्ष संघ के दुखू मछुआ आकर लोगों के बीच समस्याओं का निराकरण करते हुए सम्बंधित अधिकारी से निदान करने पर बातचीत हुई।

### लिटिल आर्यन ने अपने भजनों से झुमाया



**जमशेदपुर।** बाराद्वारी सब्जी बाजार में बक्सर के नन्हें भजन गायक लिटल आर्यन अपनी प्रस्तुति देते हुए। यह कार्यक्रम नील कंठ सेवा समिति ने आयोजित की थी। इस अवसर पर हजारों भक्तों ने भोग भी ग्रहण किया।

### बाराद्वारी में दूसरी सोमवारी पर सुंदरकांड



**जमशेदपुर।** श्रीश्री मानस सत्संग समिति,बाराद्वारी की ओर से सावन की दूसरी सोमवारी को आज सुंदर कांड पाठ का शुभारंभ किया गया। मुरारी अग्रवाल की मेजबानी में आयोजित सुंदर कांड पाठ के पूर्व पंडित परशुराम पांडेय द्वारा विधिवत पूजा की गई। इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, भाजपा के वरिष्ठ नेता निर्भय सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, मारवाड़ी सम्मेलन के मुकेश मित्तल समेत कई सामाजिक लोग पहुंचे और सुंदर कांड का श्रवण किया।

### करंट से मृत वृद्ध कर्मी के परिजनों से मिले दिनेश

**जमशेदपुर।** गोलमुरी पुलिस केंद्र में गत रविवार को करंट लगने से गोलमुरी टुइलाडुंगरी निवासी 75 वर्षीय सफाईकर्मी खेमलाल निषाद की मृत्यु हो गई थी। सूचना मिलते ही सोमवार को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार शोकाकुल परिजनों से मिलने पहुंचे और इस विपदा की घड़ी में उन्हें ढांढ़स बंधाया। मौके से ही भाजपा नेता दिनेश कुमार ने जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर एवं पुलिस उपाधिक्षक सुधीर कुमार से दूरभाष पर वार्ता कर मृतक के परिजनों को सरकारी मुआवजे से आच्छादित करने का आग्रह किया।

### दलित मुखी समाज ने मनायी जेआरडी जयंती

**जमशेदपुर।** भालुबासा चौक पर जेआरडी टाटा का जन्मदिन राष्ट्रीय दलित मुखी समाज की ओर से मनाया गया, जिसके मुख्य अतिथि भालूबासा हरिजन बस्ती के पूर्व मुखिया लक्ष्मण मुखी के जेआरडी टाटा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। एवं कार्यक्रम का अध्यक्षता चेतन चौसा मुखी ने किया। चेतन चौसा मुखी ने अपने वक्तव्य ने कहा की जेआरडी टाटा साहब व्यक्तित्व के धनी थे। मौके पर समाज की महिला नेत्री खुशबू मुखी, छोटू मुखी रंजन मुखी, महेंद्र ठाकुर, राजू सिंह धन्यवाद ज्ञापन सीतम मुखी ने दी।

### पूर्वी सिंहभूम जिला शतरंज संघ ने मनायी जेआरडी जयंती

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला शतरंज संघ के सदस्यों ने भारत रत्न जेआरडी टाटा को उनकी 120वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर खेल प्रबंधक हसन इमाम और आरपी राय-सब इंस्पेक्टर, बिष्टुपुर-पीएस और जिला सचिव श्री एन.के. तिवारी के साथ श्री जयंत कुमार भुइयां, श्रीमती पूरबी घोष, श्री चंदन कुमार प्रसाद, श्री मनोज कुमार पांडे, श्री बोनोद कुमार सिंह और टाटा शतरंज केंद्र के शतरंज खिलाड़ी आज 29 जुलाई 2024 को शतरंज केंद्र, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जमशेदपुर में केक काटकर जेआरडी टाटा की 120वीं जयंती मना रहे हैं।

# 120वीं जयंती पर टाटा स्टील और सामाजिक संगठनों ने किया भारत रत्न जेआरडी टाटा को याद





जमशेदपुर एयरपोर्ट पर जयंती समारोह में जेआरडी की तस्वीर के सामने दीप प्रज्ज्वलित करते वीपी चाणक्य चौधरी और डीबी सुंदर रामम तथा श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय व अन्य पदाधिकारीगण।

**खबर मन्त्र टोली**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज भारतीय विमानन के अग्रणी बल, भारत रत्न जेआरडी टाटा की 120वीं जयंती मनाई। भारतीय उद्योग के दिग्गज, जेआरडी टाटा की स्थायी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहती है।

उनके असाधारण जीवन और योगदान का सम्मान करने के लिए, टाटा स्टील ने अपने परिचालन में कई कार्यक्रम और पहल किये। जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डे पर कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष, चाणक्य चौधरी और रॉ मटेरियल के उपाध्यक्ष, डीबी सुंदर रामम के साथ कंपनी के अन्य अधिकारियों ने एक विशेष श्रद्धांजलि दी।

समारोह में देश भर में विभिन्न टाटा स्टील स्थानों पर क्रॉस-कंट्री रेस, रक्तदान अभियान, सीएसआर गतिविधियां और खेल कार्यक्रम शामिल थे। झरिया में श्रद्धांजलि अर्पित की गई जबकि स्पर्श केंद्र में क्रॉस कंट्री रेस और सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। वेस्ट बोकारो में अंतर ग्राम पंचायत फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल के साथ ही नेता को श्रद्धांजलि दी गयी।

इस अवसर को चिह्नित करने के लिए गत 27 जुलाई को गोपाल मैदान में एक एयरो मॉडलिंग शो भी आयोजित किया गया था। इस शो में बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे, जो इस अवसर का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में आए थे। शो में इंटरैक्टिव डिस्प्ले और विभिन्न आकारों और प्रकारों के उल्लेखनीय मॉडल विमानों की शानदार प्रदर्शनी देखी गई। शो के दौरान विमानों और अन्य मॉडलों का स्थिर प्रदर्शन किया गया जबकि फन क्यूब, स्लो स्टिक और ट्विन इलेक्ट्रिक जैसे विमान उड़ाए गए।

बता दें कि जेआरडी की विरासत उनके अद्वितीय नेतृत्व और व्यावहारिक प्रबंधन शैली के कारण दुनियाभर में लाखों भारतीयों और युवाओं को प्रेरित करती रहती है। एक अग्रणी एविएटर और परोपकारी, जेआरडी टाटा स्टील के सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष (1938-1984) भी रहे।

### टाटा स्टील ग्रोथ शॉप में जेआरडी टाटा को दी गयी श्रद्धांजलि

**गम्हरिया।** भारत रत्न जेआरडी टाटा की जयंती पर क्षेत्र में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उनकी जयंती पर विद्या ज्योति स्कूल में क्विज प्रतियोगिता करायी गयी। टाटा स्टील ग्रोथ शॉप परिसर में उनकी प्रतिमा पर कर्मचारियों एवं यूनियन के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित टाटा स्टील के बिजनेस डेवलपमेंट एंड इंडस्ट्रियल स्ट्रक्चर हेड संजय त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय उद्योग में जेआरडी टाटा के अतुलनीय सहयोग को भुलाया नहीं जा सकता है। वे एक संवेदनशील इंसान थे एवं सदैव देश के विकास में अपने योगदान के लिए सोचते थे। कहा कि भारत को आर्थिक क्षेत्र में मजबूत करना ही उनका लक्ष्य था। उनके नेतृत्व में टाटा समूह 14 से बढ़कर 95 कंपनियों तक फैल गया। भारतीय विमान कंपनियों के विकास में भी उनकी अग्रणी भूमिका रही थी। इस मौके पर टिस्को मजदूर यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने कहा कि उनके नेतृत्व में टाटा स्टील आधुनिकीकरण की ओर अग्रसर होते हुए देश एवं विदेशों में कंपनियों का विस्तार किया।

### नारायण आइटीआइ ने किया जेआरडी टाटा को नमन



**जमशेदपुर।** नारायण प्राइवेट आईटीआई लूपुंगडीह चांडिल में जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा की जयंती मनायी गयी। संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडेय ने कहा कि टाटा का जन्म 29 जुलाई 1904 को हुआ था। वे उद्योग के अग्रणी थे। वे रतनजी दादाभाई टाटा और उनकी फ्रांसीसी पत्नी सुजेन्न ब्रीरें के पांच संतानों में से दूसरे थे। वे दशकों तक टाटा ग्रुप के निर्देशक रहे और इस्पात, इंजीनियरिंग, होटल, वायुयान और अन्य उद्योगों का भारत में विकास किये। उन्होंने टाटा एयरलाइंस शुरू किया। भारत के लिए महान इंजीनियरिंग कंपनी खोलने के सपने के साथ उन्होंने टेल्को की शुरुआत की जो मूलतः इंजीनियरिंग और लोकोमोटिव के लिए थी। उन्हें पद्म विभूषण और भारत रत्न से सम्मनित किया गया। इसमें उपस्थित, एडवोकेट निखिल कुमार, शांती राम महतो, पवन कुमार महतो, कृष्ण चंद्र महतो, देव कृष्णा महतो, अजय मंडल, गौरव महतो आदि उपस्थित थे।

**गम्हरिया में कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि :** गम्हरिया स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय में जेआरडी टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष फुलकांत झा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया। श्री झा ने कहा कि जेआरडी टाटा की दूर दृष्टि से आज जमशेदपुर समेत देश विदेशों में टाटा ग्रुप की कंपनियां परचम लहरा रही है।

# जून महीने में लापरवाही से वाहन चालन में 31 एक्सीडेंट, 14 की मौत

- प्रशासन ने 353 लोगों के लाईसेंस निलंबित किया, 11 लाख रुपये जुर्माना वसूला
- यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीसी ने दिये कड़े निर्देश



बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में एसएसपी और सिटी एसपी व अन्य पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** डीसी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में यातायात एवं सड़क सुरक्षा की बैठक आयोजित की गई। अपर उपायुक्त श्री योगेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में आहूत बैठक में हिट एंड रन में मुआवजा भुगतान, ब्लैक स्पॉट, सड़क दुर्घटनाएं, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड, बिना सीट बेल्ट के चालकों पर कार्रवाई की समीक्षा की गई। साथ ही सड़क हादसों को नियंत्रित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से अमल में लाने पर चर्चा की गई।

जून माह में 31 सड़क दुर्घटनाएं हुई जिसमें 14 लोगों की मृत्यु व 20 लोग गम्भीर रुप से घायल हुए। सड़क दुर्घटनाओं को लेकर चिंता जाहिर करते हुए गलती दिशा में ड्राइविंग करते पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई का निदेश दिया गया। कई सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में गलत दिशा में ड्राइविंग ही प्रमुख कारण पाया गया। जून माह में सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना पर 353 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किया गया। वाहन जांच अभियान में बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालक और बिना सीटबेल्ट के चारपहिया वाहन चालकों समेत अन्य यातायात नियमों की अवहेलना करते पकड़े जाने पर दोषियों से 11 लाख रू. से ज्यादा जुमार्ना वसूला गया।

हिट एंड रन मामले में लंबित आवेदनों पर तेज गति से कार्रवाई करते हुए पीड़ित परिवारों को मुआवजा भुगतान का निर्देश दिया गया। ओरस्पीडिंग व स्टंटबाजी करने वाले युवाओं को चिन्हित कर प्रभावी करने की बात कही गई।

बैठक में डीटीओ श्री धनंजय, शिक्षा विभाग, एनएचएआई, ट्रैफिक डीएसपी समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी शामिल हुए।

## उपायुक्त से बागबेड़ा बड़ौदा घाट विसर्जन पुल की मरम्मत की मांग



डीसी को मांग पत्र सौंपते प्रतिनिधि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सोमवार को जमशेदपुर दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जमशेदपुर के जिला उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर बागबेड़ा बड़ौदा घाट जाने वाले पुल के यथाशीघ्र मरम्मत करवाने का आग्रह किया।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल की ओर से जिला उपायुक्त को इस बाबत ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि बड़ौदा घाट जाने वाले पुल को पिछले वर्ष दुर्गा पूजा के समय से ही किसी भी प्रकार के विसर्जन अथवा अधिक लोगों के साथ किसी भी प्रकार के भारी वाहनों को लेकर जाने के लिए प्रतिबंधित किया गया था। विगत वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर पुल का मरम्मती का कार्य करवाया गया था परंतु वह सफल नहीं हो सका एवं विसर्जन के लिए इसे प्रतिबंधित कर दिया गया था। जिसके फलस्वरूप सभी दुर्गा पूजा विसर्जन जो बड़ौदा घाट पर संपन्न होते थे उसके मार्ग को परिवर्तित कर बेली बोधन वाला घाट कर दिया गया।

## प्राथमिक शिक्षकों को एमसीपी दिलायेंगे : हेमंत सोरेन

- अझा प्राथमिक शिक्षक संघ को सीएम ने दिया आश्वासन



सीएम से मिलते शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से विधानसभा में मुलाकात कर एमएसीपी, वेतन विसंगति, अंतर जिला स्थानांतरण आदि समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस मुद्दे पर संघ के नेताओं की मुख्यमंत्री से वार्ता भी हुई। वार्ता के दौरान नेताओं ने झारखंड में शिक्षकों को एमएसीपी नहीं मिलने की बात बताई। बीते वर्ष नवंबर- 2022 में संघ के साथ उनकी हुई वार्ता का स्मरण कराते हुए अबतक अधिकारी स्तर से कार्य के लंबित रहने की बात बताई गई। उनकी बातों को गम्भीरता से लेते हुए सीएम ने बताया कि राज्य को ओपीएस और स्वास्थ बीमा दिया गया है। एमएसीपी भी देने का हमारा इरादा है। इस मुद्दे पर उन्होंने शीघ्र ही अधिकारियों के साथ संघ की एक बैठक करवा कर उंक्त काम को गति प्रदान कराने का भरोसा दिया। इस दौरान सीएम को आगामी पांच अगस्त से संघ की ओर से आहूत आमरण अनशन कार्यक्रम, छठे वेतन विसंगति और अंतर जिला स्थानांतरण की मांग से भी अवगत कराया गया। वार्ता के दौरान मौजूद खिजरी विधायक राजेश कच्छप और कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोंगरी ने भी संघ की मांगों का समर्थन किया।

## टाटा जू ने मनाया इंटरनेशनल टाइगर डे 2024



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** इंटरनेशनल टाइगर डे, बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 29 जुलाई को मनाया जाने वाला एक वार्षिक उत्सव है। बाघ विलुप्त होने के कगार पर हैं और अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस का उद्देश्य इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करना और विभिन्न माध्यमों से आम जनता के बीच जागरूकता फैलाकर उनकी घटती संख्या रोकने का प्रयास करना है।

टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क अपनी स्थापना के बाद से ही वन्यजीवों और प्रकृति संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए, आज हमने जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के जूलॉजी के पीजी छात्रों की सामूहिक भागीदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये। इस कार्यक्रम में जूलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डॉ. अमर कुमार भी मौजूद थे। कार्यक्रम में कुल 50 पीजी छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत निर्माणाधीन एनक्लोजर में देशी प्रजातियों के पौधे लगाकर की गयी।

## खनिजों के अवैध खनन और भंडारण पर डीसी सख्त

- खनन टास्क फोर्स को उपायुक्त ने दिये कड़े निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स के कार्यो की समीक्षा की। जिलांतर्गत सभी बालूघाट संचालन व अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन, ईंट भट्ठा संचालन व अवैध संचालकों पर कार्रवाई, रॉयल्टी संग्रहण, माइनिंग ईनफोर्समेंट के लिए वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय आदि के बिंदु पर समीक्षा हुई। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने खनन टास्क फोर्स को निर्देश दिया कि लगातार क्षेत्र भ्रमण कर अवैध खनन के विरुद्ध छापेमारी करें तथा एनजीटी के गाइडलाइन के आलोक में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिला परिवहन पदाधिकारी और एसडीएम को बिना नंबर प्लेट के वाहन, ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई में वाहनों के जब्ती का निर्देश दिया गया।

## पैडमैन तरुण व पर्वतारोही आलोक को मिला डॉ कलाम यूथ रत्न अवार्ड

- कोलकाता में आयोजित हुआ 6वां कलाम इंटरनेशनल यूथ लीडरशिप कांफ्रेंस
- भारत, श्रीलंका समेत कई देशों के सैकड़ों युवाओं और बच्चों ने की शिरकत



अवार्ड के साथ तरुण कुमार।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**कोलकाता / जमशेदपुर।** भारत के 11वें राष्ट्रपति व मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी के विचारों से प्रेरित होकर, उनके विजन को अपने जीवन में उतारकर युवा देश की प्रगति को एक नई दिशा दे सकते है। कलाम के विजन से प्रेरणा लेकर समाज में बदलाव ला रहे देश-विदेश के सैकड़ों युवाओ और बच्चों ने कोलकाता में 27-28 जुलाई को आयोजित कलाम इंटरनेशनल यूथ लीडरशिप कांफ्रेंस में शिरकत की। कांफ्रेंस के दौरान शिक्षा, प्रौद्योगिकी, बाल विकास, पर्यावरण, जल संरक्षण, साहित्य, कला, नवाचार, सामाजिक क्षेत्र व अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे युवाओं ने अपने विचारों व कार्यों को साझा किया। कांफ्रेंस के दौरान झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार व पर्वतारोही आलोक कुमार को इंटरनेशनल डॉ कलाम यूथ रत्न अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। स्वामी विवेकानंद सभागार, कोलकाता में आयोजित समारोह के दौरान तरुण कुमार ने देश के सुदूर इलाकों में रह रहे बच्चों व समुदायों के उत्थान व मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, जेंडर, पर्यावरण व मानवाधिकार से जुड़े बुनियादी मुद्दों पर भावनात्मक संवेदना के साथ जमीनी स्तर पर कार्यों की वकालत की। वही पर्वतारोही आलोक कुमार ने स्कूली पाठ्यक्रम में फिजिकल एजुकेशन, आत्मरक्षा, खेलों में आगे बढ़ने हेतु बच्चों के उचित पोषण व ट्रेनिंग को विशेष महत्व देने पर जोर दिया।

कलाम के पुण्यतिथि पर कोलकाता में आयोजित दो दिवसीय कलाम इंटरनेशनल यूथ लीडरशिप कांफ्रेंस में भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल व अन्य देशों के सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। सम्मलेन का समापन भारत के प्रमुख ऐतिहासिक विरासतों में से एक कोलकाता स्थित विक्टोरिया मेमोरियल के शैक्षणिक भ्रमण के साथ हुआ। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान टूर गाइड की भूमिका निभाते हुए बच्चों को विक्टोरिया मेमोरियल को शिल्पकला, तैल चित्रों में संदर्भित ऐतिहासिक घटनाक्रमों के बारे में बताया।

## एक नजर में

### श्रीनाथ विवि ने एमसीए (2022-2024) बैच को दी विदाई



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने एमसीए 2022-24 बैच के छात्रों को आज भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में कुलाधिपति सुखदेव महतो, कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एसएन सिंह, डीन एकेडमिक डॉ शुक्ला, डीन एडमिनिस्ट्रेशन जे राजेश एवं परीक्षा नियंत्रक ओपी शर्मा अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक शब्दों और शुभकामनाओं के साथ छात्रों को उनके भविष्य की योजनाओ के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में जूनियर छात्रों ने सीनियर छात्रों के लिए कई शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें नृत्य, गीत, रैंप वौक और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं शामिल रही। मौके पर सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष रोशन कुमार और विभाग के सहायक प्राध्यापक भी मौजूद रहे।

### वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी को शहीद भगत सिंह सम्मान



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर की ऊजार्वान समाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी को रांची में गुरुनानक सेवक जत्था और गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शहीद भगत सिंह सम्मान समारोह में लगातार उत्कृष्ट समाजिक कार्यों के लिए शहीद भगत सिंह सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश से हर जिले से मानवता वादियों संगठनों को उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी से अजय ठाकुर और अभिषेक झा को मुख्य अतिथि ने मोमेंटो और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित कर टीम का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर डॉ अजय छाबड़ा, द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन देव व अन्य मौजूद थे। संस्था के संस्थापक हरि सिंह राजपूत ने कहा कि ऐसे सम्मान से टीम के हर एक सदस्यों को एक नयी ऊर्जा मिलती है जिससे टीम और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित होती है।

### टाटा स्टील की नोआमुंडी आयरन माइंस को मिला माइंस सेफ्टी अवार्ड




**नोआमुंडी/ चाईबासा/ जमशेदपुर।** टाटा स्टील की नोआमुंडी आयरन माइन को कोलकाता में रविवार को खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तत्वावधान में अखिल भारतीय खान सुरक्षा संघ द्वारा आयोजित 'माइंस सेफ्टी अवार्ड-2024' में मेटल ऑफ ग्राउंड लार्ज श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार डीजीएमएस के महानिदेशक प्रभात कुमार ने कोलकाता के विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में आयोजित पुरस्कार समारोह में दिया। पुरस्कार प्राप्त करने के दौरान नोआमुंडी आयरन माइन के प्रतिनिधि, अतुल भटनागर, जेनरल मैनेजर (ओएमक्यू), डी विजयेंद्र, एजेंट, नोआमुंडी आयरन माइन और अभय गुप्ता, हेड सेफ्टी (ओएमक्यू), उपस्थित थे।

### एंटी करप्शन फाउंडेशन मनायेगा सावन महोत्सव



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर के एक होटल में एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड की बैठक रखी गयी, जिसमें संस्था के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन कर आचार्य ने कहा कि हर साल की भर्ती इस साल भी सावन मिलन कार्यक्रम होने जा रहा है, जिसमें संस्था की सभी महिलाएं एवं समाज की वैसी महिलाएं शामिल होंगी जो अपने घर परिवार और बच्चों के बीच रहती हैं और समय नहीं निकाल पाती। कार्यक्रम में महिलाएं अपनी प्रतिभा संगीत डांस एवं अपने शुभ विचार के जरिए दिखायेंगी और तरह-तरह के पकवान खाकर सावन की मस्ती के सॉन्ग संघ खूब इंजॉय करेंगे। बैठक में महामंत्री शशि आचार्य, सरायकेला खरसावां अध्यक्ष सुजाता सिंह, पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष रजिया बेगम, सरायकेला इंचार्ज विद्या सिंह, सिमरन मेहरा, जेबा आरिफ, रविंदर कौर उपस्थित थी।

### खासमहल से गोविंदपुर की सड़क का जल्द किया जायेगा पुनर्निर्माण : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के खासमहल से गोविंदपुर तक सड़क का निर्माण जल्द हो इसको लेकर के जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी काफी चिंतित है। आज विधानसभा सत्र के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मुलाकात कर इस सड़क के विषय को उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री जी ने मौके पर ही संज्ञान में लेकर विभागीय सचिव को बुलाकर जल्द इस सड़क की तकनीकी समस्या का समाधान करके इसका कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाने का निर्देश दिया। इस विषय पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि उनकी अनुशंसा पर ही इस सड़क का 2023 के मार्च में ही स्वीकृत हो चुकी थी लेकिन किसी भी संवेदक ने उक्त सड़क की निवदा में भाग नहीं लिया था।

# दूसरी सोमवारी को एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ को किया जलार्पण

## बासुकीनाथ धाम केसरिया रंग से हुआ सराबोर, हर हर महादेव के जयकारों से गुंजा फौजदारी दरबार, कांवरिया रूट लाईन पर डीसी की रही पैनी नजर


जलाभिषेक करते कांवरिया


कंट्रोल रूम से कांवरिया रूट लाईन पर नजर रखते कांवरिया




नारा लगाते कांवरिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मास व्यापी श्रावणी मेले के दूसरी सोमवारी को बासुकीनाथ केसरिया रंग में सराबोर रहा। सावन माह के दूसरी सोमवारी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा बासुकीनाथ के जलार्पण के लिए पहुंचे थे। दूसरी सोमवारी को शाम 5 बजे तक 107582 श्रद्धालुओं ने बाबा फौजदारी नाथ पर जलार्पण किया। वहीं 675 डाक बम श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। करीब 10 लाख का बाबा बासुकीनाथ पर श्रद्धालुओं ने विभिन्न माध्यम से चढ़ावा चढ़ाया। पूरे मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की चहल-पहल देर रात से ही दिखाई देखी जा रही थी। श्रद्धालुओं ने देर रात से ही कतारबद्ध होना प्रारंभ कर दिया था। शिवगंगा के किनारे श्रद्धालु देर रात से ही दिखाई दे रहे थे। डीसी आंजनेयुलु दोड्डे पूरी रात मेला के विधि व्यवस्था पर नजर बनाये हुए थे। डीसी देर रात्रि तक सोमवारी को लेकर बासुकीनाथ आनेवाले श्रद्धालु को सुगमतापूर्वक जलार्पण करने के लिए अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश लगातार दे रहे थे। दूसरी सोमवारी को प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस अधिकारी अपने-अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित दिखे। जिला प्रशासन सूचना जनसम्पर्क विभाग द्वारा बनाये गये रौशनी युक्त एवं हवादार सभी निःशुल्क आवासन केन्द्र पूरी तरह से श्रद्धालुओं से भरा रहा। श्रद्धालु सुबह बाबा पर जलार्पण करने के लिए विश्राम कर रहे थे। पूरे कांवरिया रुट लाइन एवं मेला क्षेत्र श्रद्धालुओं से भरा रहा। सूचना जनसम्पर्क विभाग के सभी आवासन केन्द्र एवं शिविर में सूचना सहायता कर्मियों को हर दिन की भांति दूसरी सोमवारी को भी श्रद्धालुओं की सेवा में देखा गया। ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम देर रात्रि से ही बिछड़ो को मिलाया जा रहा था। सुबह 4:10 मिनट पर पुरोहित पूजा के बाद अर्घा के माध्यम से जलार्पण प्रारंभ हुआ। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर शांतिपूर्ण ढंग से बाबा पर जलार्पण कर रहे थे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षाकर्मी एवं दंडाधिकारी मंदिर परिसर में तैनात थे। डीसी ए दोड्डे ने प्रशासनिक भवन स्थित कंट्रोल रुम से पूरे विधि व्यवस्था का जायजा लेते रहे। डीसी ने प्रतिनियुक्त सुरक्षा कमीर्यों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए ध्यान रखें कि महिला एवं पुरुष के कतार में किसी प्रकार की घुसपैठ नही हो सके। सोमवारी को देखते हुए डाक बम, शीघ्र दर्षनम, बोल बम श्रद्धालुओं के जलार्पण के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। डीसी द्वारा रुट लाइन का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान रुट लाइन में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी तत्परता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो, श्रद्धालु सुगमतापूर्वक जलार्पण करे, इसे सुनिश्चित करें। किसी एक स्थान पर भीड़ एकत्र नहीं हो इसका ध्यान रखें। श्रद्धालुओं के साथ व्यवहार बेहतर रहे, एक बेहतर संदेश लेकर श्रद्धालु वापस जाएं, इसका ध्यान रखा जाये। बासुकीनाथ स्थित शिवगंगा में एनडीआरएफ की टीम देर रात से ही तैनात थी। स्वास्थ्य शिविरों में स्वास्थ्य कर्मी देर रात से उपस्थित थे।

### शीघ्र दर्शनम से 107582 एवं 675 डाक बम ने किया जलाभिषेक


नारा लगाते कांवरिया

### श्रावणी मेला में तैनात जिला योजना पदाधिकारी से पंगा लेना मंगल को पड़ा महंगा, प्राथमिकी दर्ज, जेल

श्रावणी मेला के दौरान रविवार की रात बासुकीनाथ के जमीन कारोबारी मंगल सिंह के लिए अमंगलमय रहा। बासुकीनाथ के जाने माने जमीन के सौदागर मंगल सिंह उर्फ विवेक का जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा के साथ जबरदस्त टकराव का मंजर देखने को मिला। हालात इस कदर संगीन हो गई कि योजना पदाधिकारी को जान बचाने के लिए महफूज ठिकानों पर शरण लेनी पड़ी। आरोपी के आक्रामक हमलावर रुख और विवाद को बढ़ता देख किसी तरह भाग कर वन विभाग के गेस्ट हाउस पहुंचे। तब जाकर राहत की सांस ली। बताया गया कि रात्रि ड्यूटी के दौरान तीन अलग-अलग मोटरसाइकिल में सवार युवको ने योजना पदाधिकारी का गाड़ी रोकने का प्रयास किया। साथ ही इन अधिकारियों के साथ कथित युवकों ने जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल कर हथियार के साथ जानलेवा हमला किया। गनीमत रही कि जिला योजना पदाधिकारी को भाग कर जान बचाने में किसी तरह कामयाबी मिली। मामले को लेकर आरोपी मंगल सिंह उर्फ विवेक कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस घटना के संबंध में बासुकीनाथ निवासी मंगल सिंह उर्फ विवेक कुमार सिंह के खिलाफ जरमुंडी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई। इसके तहत केस नंबर 86/24 के अंतर्गत 126(2) 352 115(2)109(1) 351(2)/3(5) बीएनएस और 3(125) एससी/एसटी एक्ट 1989 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने एवं जाति सूचक शब्द से गाली देते हुए जानलेवा हमला का आरोप है।

### कांवरिया ने अदम्य साहस अगलगी की घटना टली


दुकान में लगी आग एवं कांवरिया को सम्मानित करते डीएसपी

श्रावणी मेला बासुकीनाथ धाम में एक कांवरिया ने अदम्य साहस परिचय देते हुए संभावित भीषण अग्निकांड पर विराम लगा दिया। घटना को लेकर बताया गया कि दर्शनीया टिकर पुलिस विकेट के पास एक दुकान में अचानक आग लग गई। आग की बड़ी-बड़ी लपटे उठने लगी। आग की लपटों को देख सूरज साव नामक एक कांवरिया सूझ-बूझ के साथ साहस का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया।

उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बेगैर आग लगे सिलेंडर को दूर जाकर फेंका। जिससे एक बड़ी दुर्घटना टलने के साथ जान-माल के नुकसान का खतरा भी टल गया।

## नाबालिग छात्रा ने की आत्महत्या

**रानेश्वर।** प्रखंड के कुमिरदहा पंचायत के शीलपहाड़ी गांव में एक नाबालिग स्कूली छात्रा द्वारा रविवार शाम को फंदे से झूल कर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के मुताबिक युवती का नाम रोमा टुडू उम्र 14 वर्ष है। वह सिदो कान्हू स्कूल पलासडंगाल रघुनाथपुर के वर्ग पांचवी के छात्रा थी। उनके पिता दिलीप टुडू सिदो कान्हू स्कूल के ड्राइवर है। बस से स्कूली बच्चों को लेकर आना जाना करते है। रविवार को रोमा के माता पिता दुमका गए हुए थे। रोमा एवं उनकी अपाहिज दादी घर में थी। शाम को रोमा ने घर पर ही लगे लकड़ी में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर अपने जीवन के इहलीला को खत्म कर लिया।

## पोषण एवं स्वच्छता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** एसएलपीएस, पलाश के अंतर्गत विभिन्न प्रखण्ड के प्रखण्ड मिशन प्रबंधन इकाई,सभी संकुल संघ तथा सभी ग्राम संगठन की दीदियों के द्वारा पोषण एवं स्वच्छता अभियान से संबंधित एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान के तहत स्वास्थ्य, पोषण, पेयजल एवं स्वच्छ्ता, किशोरी की समस्या, तिरंगा भोजन, प्रसवपूर्व जांच आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही कालाजार, फलेरिया,



एनीमिया, ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के दिन मिलने वाली सभी सेवाएं, टीकाकरण, हाथ धोने की आदत,आंगनबाड़ी से मिलने वाली सुविधा, जीरो से पांच साल के बच्चे को आंगनबाड़ी केंद्र में जागरूक करके स्वास्थ्य जांच हेतु भेजने के लिए प्रेरित करना आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके उपरांत सखी मंडल की दीदियों के द्वारा शपथ लेकर हाथ धुलाई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर बीएपी, सभी सामुदायिक समन्यवक, सभी आईपीआरपी, सभी डाटा इंट्री ऑपरेटर सहित दर्जनों कैडर और सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।

## शिवालयो में उमडी भीड़, गूंजा हर- हर महादेव

**बेरमो /फुसरो।** सावन की दुसरी सोमवारी पर बेरमो क्षेत्र के शिव मंदिरों में पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. लोगों ने भगवान शिव को बेल पत्र, दूध, दही, जल और प्रसाद चढ़ाया. फुसरो के मेन रोड फुसरो, रानी बाग, बेरमो ब्लॉक के समीप, मकोली, शारदा कॉलोनी, सेंट्रल कॉलोनी, करगली बाजार, पुराना बीडीओ ऑफिस, करगली गेट, करगली बाजार, सुभाषनगर, जवाहर नगर, अमलो, ढोरी बस्ती सोतारडीह, रेहवाघाट, बड़कीटांड़, कदमाडीह, बालूबैंकर, सिंगारबेड़ा, घुटियाटांड़, अंगवाली, चलकरी, पिछरी आदि क्षेत्रों में जलाभिषेक के लिए अहले सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी।

## ऑनलाइन सेमिनार में भाग लिया डॉक्टर अनिल कुमार ने



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ओं नैनोकेमेस्ट्री और टैरोगनिस्टिक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार एलएनएमयू दरभंगा में आयोजित सेमिनार में डॉक्टर अनिल कुमार विभाग अध्यक्ष पीजी डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री ने व.ॠ और ढ.ॠ के बच्चों के साथ ऑनलाइन सेमिनार में भाग लिया डॉक्टर अनिल कुमार ने नैनो मेडिसिन के उपयोगिता प्रभाव एवं विभिन्न प्रकार के नैनो मेडिसिन ब्रेस्ट कैंसर डायबिटीज एचआईवी पैंक्रियाटिक कैंसर में नैनो मेडिसिन की उपयोगिता पर बल दिया। आने वाले समय मेडिसिन में नैनो मेडिसिन का है जिसमें विभिन्न बीमारियों का इलाज सही समय में सही तरीके से किया जा सकता है नैनो मेडिसिन का उपयोग रिसर्च एप्लीकेशन डायग्नोस्टिक टेट्रा पेटिक में किया जाता है । वर्षा कुमारी प्रेमलता हांसदा उर्मिला रिचा झा पीजी सेमेस्टर 4 अभिषेक, देवव्रत, साक्षी, किरण, और ऐश्वर्या प्रकाश यूजी सेमेस्टर 5 एवं यूजी सेमेस्टर 2 के ॠषभ ने अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया एवं अपना ज्ञानवापार्जन किया नैनो मेडिसिन अभी महंगी है लेकिन आने वाले समय में ज्यादा प्रोडक्शन होने से इसका मूल्य में कमी आयेगी।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न

## मुख्य कार्यक्रम सिद्धो- कान्हो स्टेडियम साहिबगंज में आयोजित : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक की गई।

उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और मुख्य कार्यक्रम स्थल पर की जाने वाली तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निदेश दिए। स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल संचालन के लिए झंडोत्तोलन का समय, परेड में शामिल होने वाले विभिन्न टुकड़ियों और राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास, मुख्य समारोह स्थल पर जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने समेत अन्य कार्यक्रमों को संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों



को जरूरी और उचित दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के अलावा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न कार्यों के आयोजन करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। सिद्धो कान्हू स्टेडियम में होने वाले मुख्य कार्यक्रम के अलावा विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने शहर को पूर्ण रूप से स्वच्छ और सुंदर बनाने के अलावा वीर शहीदों और महान स्वतंत्रा सेनानियों के प्रतिमा की साफ-सफाई को लेकर नगर परिषद साहेबगंज के पदाधिकारियों, स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाली देशभक्ति पर आधारित सांस्कृति कार्यक्रम को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर जिला में विभिन्न क्षेत्रों शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, चुनाव, आदि में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने मुख्य समारोह स्थल के मैदान को सुसज्जित करने के अलावा विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, अग्निशमन और बिजली आपूर्ति की व्यवस्था कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करने को कहा। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव उपस्थित थे।

## एक नजर में

### साक्षात्कार की तिथि सोमवार को पुन: निर्धारित

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवश्यकता आधारित सहायक प्रोफेसर नियुक्ति के लिए शेष बचे पांच विषयों में से चार विषयों के लिए साक्षात्कार की तिथि सोमवार को पुनः निर्धारित कर दी है। जिन विषयों के लिए साक्षात्कार की तिथियां तय की गई हैं। उनमें भौतिकी, इतिहास, अंग्रेजी और हिंदी शामिल हैं। जबकि राजनीति विज्ञान विषय की नियुक्ति प्रक्रिया फिलहाल स्थगित है। चुकी मामला न्यायालय में लंबित है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार भौतिकी विषय के लिए साक्षात्कार 6 अगस्त, अंग्रेजी विषय के लिए 9 एवं 10 अगस्त, इतिहास विषय के लिए 11 एवं 13 अगस्त निर्धारित है। हिंदी विषय के लिए 16, 17 एवं 18 अगस्त को निर्धारित किया गया है। विदित हो कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुछ दिन पूर्व अधिसूचना जारी कर उपरोक्त विषयों के लिए पूर्व निर्धारित साक्षात्कार तिथियों को स्थगित कर दिया था।

### राजकीय बुनियादी विद्यालय तालझारी बेसिक स्कूल में सोमवार को पौधरोपण किया गया

**साहिबगंज/तालझारी।** राजकीय बुनियादी विद्यालय तालझारी बेसिक स्कूल में सोमवार को बीडीओ सालखु हेम्ब्रम,वन विभाग के रेंजर पंचम दुबे एवं तालझारी थाना प्रभारी अमर मिंज के द्वारा पौधरोपण किया गया। वहीं तालझारी रेंज ऑफिसर पंचम दुबे ने बताया कि स्कूल परिसर में बच्चों के लिए फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाया गया ताकि उमस भरी गर्मी से बच्चों को राहत मिले एवं स्वच्छ हवा में बच्चों को पढ़ने में भी मन लगेगा। साथ ही फल के सीजन में बच्चों को आम, अमरूद एवं शरीफा फल भी खाने को मिलेगा। मौके पर बेसिक स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश यादव, शिक्षक बलराम प्रसाद, बेसिक स्कूल के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद आलम, मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कुमार साह, शिक्षक मोहम्मद फिरोज शेख सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

### जान मारने की कोशिश करने वाले आरोपी को सात वर्षो का सश्रम कारावास की सजा

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम अनील कुमार ने जान मारने के कोशिश करने वाले पेटरवार थाना अंतर्गत लुकेया निवासी शिवा मांझी को सिद्ध दोषी पाने के बाद सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई । मालूम हो कि रजरप्पा थाना अंतर्गत सिद्धू कांदू नगर रजरप्पा प्रोजेक्ट निवासी शनिचर मांझी ने पेटरवार थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराया की दिनांक 8/9 अगस्त 2014 को करीब 12.30 बजे मेरे जीजाजी शिवा मांझी एवं उसका नौकर के द्वारा मेरे भांजा सत्येंद्र मांझी को जब वह लेटा हुआ था, तो शिव मांझी के द्वारा जान मारने की नीयत से धारदार टांगी से उसके गर्दन पर प्रहार किया जो उसके गर्दन में दाहिनी ओर मारा और गंभीर रूप से जख्मी. हालत में मेरा भांजा घर से बाहर निकल कर कर जान बचाने की नीयत से घर से बाहर भागा तो दोनों पीछा करते हुए बाहर निकाल कर दो बार टांगी से प्रहार किया । मगर आसपास के ग्रामीण के इकट्ठा हो जाने से दोनों भाग गया । इसमें मेरे भांजा की सौतेली मां अकली देवी का भी साजिश है । ग्रामीण के द्वारा मेरा भांजा को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल पेटरवार मे कराया गया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया । जहां मेरा भांजा जीवन मौत से संघर्ष कर रहा है।

## पेज एक का शेष

### दोनों पक्षों ने...

**भाजपा मुद्दाविहीन : कांग्रेस :** कांग्रेस विधायक दल के उपनेता प्रदीप यादव ने भाजपा पर मुद्दाविहीन होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ नफरत की राजनीति करती है। प्रदीप यादव के बयान का भाजपा ने कड़ा विरोध किया। वहीं कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रदेश में हो रही घुसपैठ को भाजपा और केंद्र सरकार की नाकामी बताया। सीमा की सुरक्षा में लगी बीएसएफ केंद्र सरकार के अधीन आती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग आदिवासी महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। ये बार-बार कहते हैं कि आदिवासी महिलाएं मुस्लिम से शादी करती हैं।

**भाजपा ने बाहरियों को बसाया : सुदिव्य :** झामुमो विधायक सुदिव्य सोनू ने आरोप लगाया कि भाजपा ने झारखंड में बाहरियों को बसाया है। भाजपा ने आदिवासियों को जंगल में खदेड़ा। सुदिव्य के बयान पर हंगामा शुरू हो गया। हंगामे के कारण स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को पहले दोपहर 12. 30 बजे तक स्थगित कर दी। स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा जारी रहा। स्पीकर ने दूसरी बार सदन को स्थगित कर दिया।

**दोनों पक्षों का हंगामा-प्रदर्शन :** दरअसल, पक्ष-विपक्ष के सदस्य दोनों ओर वेल पर खड़े होकर नारेबाजी कर रहे थे। सदन हंगामें में डूबा रहा। इधर, विधानसभा के गेट पर विपक्ष एवं सत्ता पक्ष के विधायकों ने अलग-अलग प्रदर्शन किया। विपक्षी विधायक संथाल में बंगलादेशी घुसपैठ को संरक्षण देने का आरोप लगा रहे थे। वहीं, सत्तापक्ष ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर रोष प्रकट किया। सत्ताधारी विधायकों ने विस्थापन और घुसपैठ के लिये भाजपा पर ठिकरा फोड़ा। सत्ताधारी दल कांग्रेस और झामुमो के कई विधायक और शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भी प्रदर्शन किया।

### जेल भेज कर ...

**कुछ लोग वैमनस्य फैलाने में लगे हैं :** सीएम ने कहा कि कुछ समूह ऐसे हैं, जो समाज के गरीब, आदिवासी, दलित-पिछड़े वर्ग की आवाज को येन-केन-प्रकारेण बंद करने के लिए अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हैं। आज सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से भी यह बात साबित हो गयी। संथाल परगना और बिहार-पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर केंद्र शासित प्रदेश बनाने की हाल में उठायी गयी मांग के संबंध में पूछे जाने पर सीएम ने कहा कि ऐसी बात करने वाले लोग वही हैं, जो समाज और परिवार को तोड़ते हैं। ऐसे लोग सिर्फ राज्य, देश और समाज में वैमनस्य फैलाने की कोशिश करते हैं।

सत्य की जीत हुई : कल्पना : हेमंत सोरेन के साथ मौजूद उनकी पत्नी और झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने न्यायालय के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सत्य की जीत हुई है, लेकिन सवाल यह है कि हेमंत सोरेन जी के जो पांच महीने बर्बाद हुए हैं, उसकी भरपाई कैसे होगी।

### ...अभी अनाज नहीं ...

**62 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा फायदा :** सरकार के स्तर पर बनाये गये इस नए नियम से राज्य के 62 लाख उपभोक्ताओं को फायदा होगा। अब न तो किसी उपभोक्ता को राशन डीलर से यह सुनने को मिलेगा कि उनके यहां अभी अनाज नहीं आया है और न ही राशन डीलर को डीएसडी मानमाने तरीके से अनाज देने की तारीख तय करेगा। अब हर हाल में उन्हें महीने का वितरण शुरू होने से पहले उनके दुकान तक राशन पहुंचा दिया जाएगा। खाद्य आपूर्ति विभाग ने उपभोक्ताओं से मिल रही शिकायतों के आधार पर नया नियम बनाया है। इसके तहत डीएसडी और पीडीएस दोनों पर नकेल कसा गया है।

**तौल कर देना होगा अनाज :** पीडीएस डीलरों को डीएसडी करने से पूर्व उन्हें अनाज तौलकर देना होगा। अब 46 किलो की जगह 52 किलो लिख देने से काम नहीं चलेगा। संबंधित गोदामों को सहायक गोदाम प्रबंधक और डीएसडी मिलकर पीडीएस डीलरों से अनाज की चोरी नहीं कर सकेंगे और न ही उपभोक्ताओं से यह कहकर उनके कोटे के राशन की कटौती की जा सकेगी कि डीएसडी ने उन्हें कम अनाज दिया है। डीएसडी अगर कम अनाज की आपूर्ति करता है तो संबंधित पीडीएस डीलर को अनाज लेने से इनकार करते हुए इसकी शिकायत वरीय अधिकारियों से करनी चाहिये।

# चक्रव्यूह में फंसा है भारत, 6 लोग कर रहे संचालित : राहुल

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्र सरकार पर हिंदुस्तान को अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में फंसाने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) इस चक्रव्यूह को तोड़ेगा। उन्होंने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह दावा भी किया कि इस बजट में चंद पूंजीपतियों के एकाधिकार और लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट करने वाले राजनीतिक एकाधिकार को मबजूती प्रदान की गई है, जबकि युवाओं, किसानों तथा मध्य वर्ग को नजरअंदाज कर दिया गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यह भी कहा कि इंडिया गठबंधन सत्ता में आने पर जाति आधारित जनगणना कराएगा और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी भी देगा। नेता प्रतिपक्ष ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा, हजारों साल पहले कुरुक्षेत्र में अभिमन्यु को चक्रव्यूह में छह लोगों ने फंसा कर मारा था...चक्रव्यूह का दूसरा नाम है- पद्मव्यूह, जो कमल के फूल के आकार का होता है। इसके अंदर डर और हिंसा होती है।

उन्होंने दावा किया, अभिमन्यु को चक्रव्यूह में फंसाकर छह लोगों ने मारा था, उनके नाम द्रोणाचार्य, कर्ण, अश्वत्थामा, कृपाचार्य, कृतवर्मा और शकुनी हैं। आज भी चक्रव्यूह रचने वाले छह लोग हैं। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा चार और लोगों (प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल, संघ प्रमुख मोहन भागवत, अडानी और अंबानी) का नाम लिया, जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपत्ति जताई। बिरला ने कहा, आप नेता प्रतिपक्ष हैं...आपकी पार्टी के उप नेता (गौरव गोगोई) ने लिखकर दिया है कि जो सदन का सदस्य नहीं है, उसका नाम नहीं लिया जाना चाहिए।

इसके बाद राहुल गांधी ने देश के प्रमुख उद्योगपतियों को ए1 और ए 2 कहकर संबोधित किया। राहुल गांधी ने दावा किया, 21वीं सदी में एक और चक्रव्यूह तैयार किया गया है... जो अभिमन्यु के साथ हुआ, वही हिंदुस्तान के साथ किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि जिस तरह से अभिमन्यु को चक्रव्यूह में फंसाया गया था उसी तरह हिंदुस्तान को फंसा दिया गया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इंडिया गठबंधन इस चक्रव्यूह को तोड़ेगा।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह देश चक्रव्यूह को पसंद नहीं करता है, शिवजी की बारात पसंद करता है जिसमें सभी लोग शामिल हो सकते हैं। राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया, सेना के जवानों को अग्निपथ के चक्रव्यूह में फंसाया गया। बजट में अग्निवीरों को पेंशन के लिए रुपया नहीं दिया गया। उनके भाषण के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर बात की है और अग्निवीरों को लेकर भ्रांति फैलाने का काम किया है।

राहुल गांधी ने बजट का हवाला देते हुए दावा किया, जिस चक्रव्यूह ने भारत को अपने गिरफ्त में ले लिया है उसके पीछे तीन ताकतें हैं। पहली एकाधिकार वाली पूंजी का विचार है कि दो लोगों को संपूर्ण भारतीय संपत्ति का मालिक बनने दिया जाना चाहिए। उनका कहना था कि दूसरी ताकत इस देश की संस्थाएं, एजेंसियां, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग हैं और तीसरी ताकत राजनीतिक कार्यपालिका है। राहुल गांधी ने कहा कि इन तीनों ताकतें चक्रव्यूह के केंद्र में हैं और उन्होंने इस देश को तबाह कर दिया है।

उनका कहना था, मेरी अपेक्षा थी कि यह बजट इस चक्रव्यूह की शक्ति को कमजोर कर देगा तथा इससे देश के किसानों, युवाओं, मजदूरों, देश के छोटे व्यवसायों को मदद मिलेगी। लेकिन मैंने जो देखा- वह यह है कि इस बजट का एकमात्र उद्देश्य बड़े व्यवसायियों के एकाधिकार तथा उस राजनीतिक एकाधिकार के ढांचे को मजबूत करना है जो लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट कर देता है और अंत में ह्यडीप स्टेटह्न या एजेंसियों के ढांचे को मजबूत करने वाला है। उन्होंने दावा किया कि 20 अफसरों ने देश का बजट बनाने का काम किया है, लेकिन इनमें से सिर्फ एक अल्पसंख्यक और एक ओबीसी हैं तथा उनमें दलित एवं आदिवासी एक भी नहीं है।

## संविधान की मयार्दाओं का पालन नहीं करते विपक्ष के नेता : अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बजट पर चर्चा के दौरान दिए गए भाषण पर भारतीय जनता पार्टी हमलावर है। भाजपा ने उनके भाषण की भाषा को संसदीय व्यवस्था के विपरीत बताया। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी का संविधान की मयार्दाओं का पालन करने का कोई इरादा नहीं है।

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि संवैधानिक व्यवस्थाओं में विपक्ष के नेता का आचरण संविधान को कमजोर करने वाला एक्शन है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का इतिहास बताता है कि वे संविधान की मयार्दाओं का पालन नहीं करते हैं। उन्होंने कभी अपने ही सरकार द्वारा लाए गए ऑर्डिनेंस को संसद में फाड़ डाला था। भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर अपने संदेश में कहा कि महाभारत में चक्रव्यूह की रचना अंतत्व कौरवों, जिसका पर्याय आज की अधर्मी कांग्रेस बन चुकी है, के अंत का कारण बना।

## स्पीड न्यूज

### पाकिस्तान में बलूच समर्थकों से झड़प, तीन की मौत

**ग्वादर।** पाकिस्तान में ग्वादर के विभिन्न इलाकों में रविवार को बलूचिस्तान यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) के विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा कर्मियों के साथ झड़प में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गये। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि तलार चौकी पर सुरक्षा बलों द्वारा एक काफिले को रोके जाने के बाद सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प शुरू हो गयी जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी और कई घायल हो गये।

### बख्तरबंद वाहनों की उन्नत भूमि नेविगेशन प्रणाली तथा 22 इंटरसेप्टर नौकाओं की खरीद को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सेना के बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों के लिए उन्नत भूमि नेविगेशन प्रणाली तथा तटरक्षक बल के लिए 22 इंटरसेप्टर नौकाओं की खरीद को जरूरत के आधार पर मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में विभिन्न पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों पर विचार किया गया। परिषद ने सेना की बढती जरूरतों को देखते हुए बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों (एएफवी) के लिए उन्नत भूमि नेविगेशन सिस्टम (एएलएनएस) की जरूरत के आधार पर खरीद को मंजूरी दे दी। भारतीय तटरक्षक बल की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डीएसी ने प्रादेशिक जल में त्वरित अवरोधन और उथले पानी के संचालन में सक्षम नवीनतम अत्याधुनिक प्रणाली वाली 22 इंटरसेप्टर नौकाओं की खरीद के लिए मंजूरी प्रदान की। इन नौकाओं का उपयोग तटीय निगरानी और गश्त तथा खोज और बचाव कार्यों के लिए किया जाएगा, जिसमें चिकित्सा निकासी भी शामिल है।

### महिला आरक्षण कानून अभियान थमेगा नहीं : अलका

**नयी दिल्ली।** महिला कांग्रेस की हजारों कार्यकताओं ने ह्यमहिला आरक्षण कानूनह्न लागू करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत करते हुए सोमवार को कहा कि जब तक आधी आबादी को न्याय नहीं मिलता है महिला कांग्रेस का अभियान थमेगा नहीं। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने आज यहां जंतर मंतर पर देशभर से आई हजारों महिला कार्यकताओं और पदाधिकारियों की मौजूदगी में अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने विधानसभा तथा संसद में महिलाओं के लिए नये संसद भवन में धूम धड़ाके से 33 प्रतिशत आरक्षण वाला विधेयक पारित करवा कर ठंडे बस्ते में डाल दिया है और उसे क्रियान्वित नहीं किया जा रहा है।

### अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का लाभ नॉन क्रिमीलेयर के आधार पर : गहलोत

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का लाभ नॉन क्रिमीलेयर के आधार पर दिया जाता है। ओबीसी के जाति प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष होती है। क्रिमीलेयर में नहीं होने की स्थिति में सत्यापित शपथ पत्र के आधार पर प्रमाण पत्र को तीन वर्ष तक मान्यता दी जा सकती है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ मामले में उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग के नॉन क्रीमीलेयर को आरक्षण का प्रावधान है। इसमें राज्य सरकार द्वारा किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकता। इससे पहले विधायक भागचन्द टांकड़ा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र दिशा निर्देश क्रमांक 54159 दिनांक 9 सितम्बर, 2015 एवं परिपत्र 8 अगस्त, 2019 के अनुसार ओबीसी के जाति प्रमाण पत्र की वैधता अवधि एक वर्ष की होती है।

# लोक अदालत के जरिये सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

## लंबित मामलों में कमी लाने की बड़ी पहल

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अदालत में लंबित मामलों में कमी लाने के लिए बड़ी पहल शुरू की है। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी विशेष पहल के तहत लोक अदालत लगाने का फैसला किया है। लोक अदालत हर दिन दोपहर 2 बजे के बाद आयोजित की जायेगी और इसमें सुप्रीम कोर्ट के दो जज, एक वरिष्ठ अधिवक्ता और एक एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड मामले की सुनवाई करेंगे। 29 जुलाई से लेकर 3 अगस्त तक लोक अदालत लगेगी। सुप्रीम कोर्ट की यह पहल शीर्ष अदालत में लंबित मामलों की संख्या में कमी लाने के उद्देश्य से लगायी जा रही है।

**5 करोड़ से अधिक मामले पैंडिंग**

दरअसल, देशभर की अदालतों में 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। कानून मंत्री के लिखित जवाब के अनुसार, भारत की विभिन्न अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें से सबसे अधिक मामले उत्तर प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में पेंडिंग हैं। यूपी की अदालतों 1.18 करोड़ से अधिक केस लंबित पड़े हैं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में 84,045 मामले लंबित हैं, जबकि विभिन्न उच्च न्यायालयों में 60,11,678 मामले लंबित हैं. कानून मंत्री के अनुसार, जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में सबसे अधिक 4,53,51,913 मामले लंबित हैं। बकौल अर्जुन राम मेघवाल- अदालतों में मामलों के लंबित रहने के कई कारण हैं, जिनमें फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और कर्मचारियों की उपलब्धता, शामिल तथ्यों की जटिलता, जांच एजेंसियों, गवाहों और वादियों सहित हितधारकों का सहयोग शामिल है। नियमों और प्रक्रियाओं का उचित अनुप्रयोग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संसद में कहा कि केंद्र सरकार करीब सात लाख अदालती मामलों में पक्षकार है, जिसमें रक्षा और वित्त मंत्रालय सबसे ऊपर हैं। मेघवाल ने एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि कुल 6,98,904 मामले अदालतों में लंबित हैं, जिनमें विभिन्न मंत्रालय और विभाग पक्षकार हैं।

# बाबाधाम में लगी आठ किलोमीटर लंबी लाइन



## 2.50 लाख भक्तों ने किया जलार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

**देवघर, दुमका।** पवित्र सावन की दूसरी सोमवारी पर झारखंड के सभी शिवालयों में जलार्पण करने भक्त उमड़ पड़े। विश्वप्रसिद्ध बैजनाथधाम में तो बाबा पर जल अर्पण करने कांवरियों की करीब आठ किलोमीटर लंबी लाईन लगी रही। अनुमान के अनुसार करीब ढाई लाख भक्तों ने रावणेश्वर महादेव पर जलार्पण किया। वहीं बासुकीनाथधाम में करीब एक लाख भक्त पहुंचे। दोनों मंदिरों में रविवार की रात से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। देवघर में अहले सुबह मंदिर का पट खुलते ही कावरिया जलाभिषेक करने के लिए मंदिर में प्रवेश करने लगे। रविवार रात 12 बजे से ही भक्त लाइन में लग कर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। श्रद्धालुओं को ठंडा पानी और शरबत देने के लिए कई समाज सेवी और सरकारी विभाग के कर्मचारी उनकी संवा में लगे थे। भारी भीड़ की वजह से थोड़ी दिक्कतों का सामना जरूर करना पड़ा। सावन के दूसरे सोमवार पर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड के ज्योतिलिंगों में और छत्तीसगढ़ के शिव मंदिरों में लाखों भक्तों शिव जी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

**बासुकीनाथ में उमड़ी कांवरियों की भीड़ :** बासुकीनाथ धाम मंदिर में फौजदारी बाबा पर जलार्पण के लिए कांवरियों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध तरीके से अरघा सिस्टम के माध्यम से बाबा पर जलार्पण किया। हर-हर महादेव के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर परिसर गूंजता रहा। प्रशासन की ओर से मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

# कनाडा में खालिस्तानियों को खुली छूट, भारत विरोधी नारे

**नयी दिल्ली।** कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियां लगातार जारी हैं। अब यहां के कैलगरी में खालिस्तान पर जनमत संग्रह का तमाशा देखने के बाद कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का आंतकवाद को खुला समर्थन व भारत विरोधी चेहरा एक बार फिर खुलकर सामने आ गया है। रविवार को लबर्टा प्रांत स्थित कैलगरी के म्यूनिसपल प्लाजा में खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों ने द्वारा करवाये गये जनमत संग्रह में सिख पहुंचे और भारत के खिलाफ भड़काऊ नारेबाजी की।

जनमत संग्रह दौरान 'किल इंडिया' और 'दिल्ली बनेगा खालिस्तान' के नारे लगाये जा रहे थे। जनमत संग्रह का आयोजन चरमपंथी समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने अमेरिका के स्थानीय राजनयिक मिशन के ठीक सामने किया था। भारत विरोधी इस आयोजन के खिलाफ कनाडा के विदेश मंत्रालय के समक्ष शिकायत दर्ज करायी थी बावजूद इसके जस्टिन ट्रूडो की पुलिस ने इसे रोकने का कोई उपाय नहीं किया। बल्कि भारत विरोधी नारे लगाने दौरान भी कनाडाई पुलिस मूकदर्शक बनी रही। यह जनमत संग्रह खालिस्तान नामक स्वतंत्र सिख राज्य के निर्माण के लिए आयोजित किया गया है।

# केजरीवाल शराब घोटाले के असली मास्टर माइंड

## दिल्ली हाइकोर्ट में सीबीआई का बड़ा दावा, फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को सीएम केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इससे पहले कोर्ट में दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें रखीं। मामले में गिरफ्तारी को लेकर सीबीआई ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली शराब नीति मामले के असली सूत्रधार हैं, उनकी गिरफ्तारी के बिना जांच पूरी नहीं हो सकती थी। दिल्ली हाईकोर्ट में अरविंद केजरीवाल की सीबीआइ की और से हुई गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका और अंतरिम जमानत की याचिका पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला



सुरक्षित रख लिया। सीबीआइ की ओर से विशेष अधिवक्ता डीपी सिंह ने दलीलें दीं।

**केजरीवाल ही असली सूत्रधार :** दिल्ली हाई कोर्ट में सीबीआई ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ही दिल्ली शराब नीति मामले के असली सूत्रधार हैं। सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि उनकी गिरफ्तारी के बिना मामले की जांच पूरी नहीं हो सकती है। इस मामले में आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया, बीआरएस की नेता के कविता समेत कई आरोपी पहले से ही जेल में हैं। कोर्ट ने इनकी न्यायिक हिरावस अवधि पिछली सुनवाई में 31 जुलाई तक बढ़ा दी थी।

**सीबीआइ ने किया अंतिम आरोप पत्र दाखिल :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में जांच पूरी करते हुए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ सोमवार को अपना अंतिम आरोप पत्र दाखिल कर दिया है।

# लक्ष्य पाने के लिए विद्यार्थी कड़ी मेहनत करें : रामनाथ कोविन्द

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार देश के विद्यार्थियों को नसीहत देते हुए कहा कि लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें और कठिनाइयां आने पर रास्ता छोड़ें नहीं। चुने हुए मार्ग पर आगे बढ़ते रहेंगे तो मंजिल जरूर मिलेगी। पूर्व राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को से कहा कि अक्सर ऐसा होता है कि हम लक्ष्य के करीब पहुंचकर भ्रम की स्थिति में आ जाते हैं, ऐसा होना स्वभाविक है। ऐसी स्थिति में अपने आप की ताकत को पहचानें, यही ताकत आपके आत्म विश्वास को बढ़ाएगी और भ्रमित होने से बचाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा काम प्रयास और मेहनत करना होता है, कठिनाई आने पर एक कदम पीछे हटकर फिर से सभी प्रयासों पर गौर करना चाहिए और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। अपने वक्तव्य में उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अच्छा इंसान बनना चाहिए। आपके लिए ये सौभाग्य की बात है कि आप संस्कृति विवि में पढ़ रहे हैं।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


# बाबा विश्वनाथ के दरबार में भक्तों ने हाजिरी लगाई

## दूसरे सोमवार पर बाबा के शंकर पार्वती श्रृंगार का दर्शन पाने के लिए लालायित श्रद्धालु



एजेंसी

**वाराणसी।** सावन माह के दूसरे सोमवार पर काशीपुराधिपति के स्वर्णमंडित दरबार में गौरी शंकर (शंकर-पार्वती) श्रृंगार का दर्शन पाने के लिए श्रद्धालु लंबी कतार में अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। मंदिर प्रबंधन के अनुसार दरबार में शाम 06 बजे तक 2 लाख 43 हजार,067 श्रद्धालु दर्शन पूजन कर चुके थे। गर्भगृह में दूसरे सोमवार को बाबा विश्वनाथ के शिव-पार्वती स्वरूप की भव्य झांकी सजाई गई है। श्रद्धालुओं की इतनी विशाल संख्या के बावजूद विश्वनाथ धाम के बाहर और अंदर व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। भोर से देर शाम तक दर्शन-अभिषेक का अटूट क्रम बना हुआ है। दरबार में



गर्भगृह के चारों ओर से झांकी दर्शन और अरघे में बाहर से ही जलाभिषेक की व्यवस्था है। पर्याप्त जगह की वजह से मारामारी और भगदड़ की नौबत पूरे दिन नहीं आई। दर्शन पूजन के लिए धाम में स्टील की जिगजैग रेलिंग की व्यवस्था की गई है। शिवभक्तों के स्वागत के लिए एक तरफ जहां रेड कॉरपेट बिछाया गया है तो वहीं, दूसरी तरफ प्रशासनिक अधिकारियों ने भोले के भक्तों पर पुष्प वर्षा भी की। बाबा श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए रविवार रात से ही भक्तों की कतार लग गई थी।